आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 16°C | 8°C |

इनसाइड न्यूज

डीजीपी मुख्यालय के सामने 'जीरो टॉलरेंस' बेबस! लखनऊ में...

उत्तर प्रदेश पेज : 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

सोमवार 12 जनवरी, 2026 / पेज : 12 / मूल्य : ₹3.00/- लखनऊ वर्ष : 17, अंक : 92 www.janexpresslive.com/epaper



निर्माण कार्य में धूल कम करने के लिए... 12

# सोमनाथ को तोड़ने वाले इतिहास में सिमटे

## वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन : पीएम मोदी बोले, भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर, पूरी दुनिया की बढ़ीं उम्मीदें

जन एक्सप्रेस/एजेंसी।
सोमनाथ/राजकोट

गुजरात के सोमनाथ मंदिर पर 1000 साल पहले हुए हमले को लेकर पीएम ने कहा कि, उस वक्त आतताई सोच रहे थे कि वे जीत गए हैं, लेकिन आज भी सोमनाथ मंदिर में फहरा रही ध्वजा बता रही है कि हिंदुस्तान की शक्ति क्या है। दुर्भाग्य से आज भी हमारे देश में वे ताकतें मौजूद हैं, जिन्होंने सोमनाथ के पुनर्निर्माण का विरोध किया था। पीएम ने नेहरू का नाम लिए बिना कहा कि जब सरदार पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण की शपथ ली तो उन्हें भी रोकने की कोशिश की गई। दरअसल 1951 में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद के शामिल होने को लेकर जवाहरलाल नेहरू ने आपत्ति जताई थी। पीएम ने मंदिर से करीब 3 किमी दूर सद्भावना ग्राउंड में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हमें आज भी ऐसी ताकतों से सावधान रहना है, जो हमें बांटनें की कोशिश में लगी हुई हैं। पीएम ने सुबह मंदिर में करीब 30 मिनट तक पूजा-अर्चना की। शिवलिंग पर जल चढ़ाया, फूल अर्पित किए और पंचामृत से अभिषेक किया। मोदी शनिवार शाम सोमनाथ पहुंचे थे। यहां सोमनाथ मंदिर पर साल 1026 में हुए पहले आक्रमण के हजार साल पूरे होने पर 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' मनाया गया।



### हमें आज भी बांटने वालों से सावधान रहना है

हमें आज भी सावधान रहना है, एकजुट रहना है। ऐसी ताकतों से सावधान रहना है, जो हमें बांटनें की कोशिशों में लगी हुई हैं। आज हर देशवासी के मन में विकसित भारत को लेकर भरोसा है। भारत अपने गौरव को नई बुलंदी देगा। हम गरीबी के खिलाफ अपनी लड़ाई को जीतेंगें। जिस देश के पास विरासत होती है तो वह देश उस पर गर्व करता है। लेकिन हमारे देश की आजादी के बाद गुलामी की मानसिकता वाले लोगों ने उसी विरासत को भुला दिया। जब सरदार पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण की शपथ ली तो उन्हें भी रोकने की कोशिश की गई। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को भी मंदिर आने से रोकने की कोशिश की गई।

### सोमनाथ का वजूद नहीं मिटा पाए

आज उस इतिहास के बारें में कल्पना कीजिए, 1 हजार साल पहले 1026 में गजनवी ने मंदिर को तोड़ा था। उसे लगा उसने सोमनाथ का वजूद मिटा दिया। लेकिन इसके बाद ही मंदिर का पुनर्निर्माण शुरू हो गया। इसके बाद खिलजी ने मंदिर तोड़ा। लेकिन जूनागढ़ के राजाओं ने फिर से मंदिर का पुनर्निर्माण करा दिया।

### न मंदिर नष्ट हुआ न भारत

ये भी संयोग है कि आज सोमनाथ आक्रमण के 1 हजार साल पूरे हो रहे हैं। और अब इसके पुनर्निमाण के 75 साल भी पूरे हो रहे हैं। सोमनाथ को नष्ट करने के एक नहीं, अनेकों प्रयास हुए। विदेशी आंक्राताओं द्वारा कई सदियों तक भारत को खत्म करने की कोशिशें होती रहीं। लेकिन न ही सोमनाथ नष्ट हुआ, न ही भारत नष्ट हुए।

### मजहबी कट्टरपंथी कुछ नहीं बिगाड़ पाए

जब आक्रांता सोमनाथ पर हमला कर रहे थे, उन्हें लग रहा था कि उनकी तलवार सनातन सोमनाथ को जीत रही है। लेकिन वे मजहबी कट्टरपंथी यह नहीं समझ पाए कि जिस सोमनाथ को वे नष्ट करना चाहते थे। उसके नाम में ही सोम अर्थात अमृत से जुड़ा है। उसमें हलाहल को पीकर भी अमर रहने का विचार जुड़ा है।

### आज भी विरोधी ताकतें मौजूद

जिस देश के पास विरासत होती है तो वह देश उस पर गर्व करता है। लेकिन हमारे देश की आजादी के बाद गुलामी की मानसिकता वाले लोगों ने उसी विरासत को भुला दिया। जब सरदार पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण की शपथ ली तो उन्हें भी रोकने की कोशिश की गई। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को भी मंदिर आने से रोकने की कोशिश की गई।

### गजनवी को लगा सोमनाथ का वजूद मिटाया, मंदिर फिर खड़ा हुआ

पीएम ने कहा, आज उस इतिहास के बारें में कल्पना कीजिए, 1 हजार साल पहले 1026 में गजनवी ने मंदिर को तोड़ा था। उसे लगा उसने सोमनाथ का वजूद मिटा दिया। लेकिन इसके बाद ही मंदिर का पुनर्निर्माण शुरू हो गया। इसके बाद खिलजी ने मंदिर तोड़ा। लेकिन जूनागढ़ के राजाओं ने फिर से मंदिर का पुनर्निर्माण करा दिया। ये भी संयोग है कि आज सोमनाथ आक्रमण के 1 हजार साल पूरे हो रहे हैं। और अब इसके पुनर्निमाण के 75 साल भी पूरे हो रहे हैं। सोमनाथ को नष्ट करने के एक नहीं, अनेकों प्रयास हुए। विदेशी आंक्राताओं द्वारा कई सदियों तक भारत को खत्म करने की कोशिशें होती रहीं। लेकिन न ही सोमनाथ नष्ट हुआ, न ही भारत नष्ट हुए। आज जब मैं आपसे बात कर रहा हूं तो मन में बार-बार प्रश्न आ रहा है कि ठीक 1 हजार साल पहले इसी जगह जहां आप बैठे हैं, क्या माहौल रहा होगा। हमारे पुरखों ने जान की बजा लगा दी थी अपनी आस्था के लिए अपने विश्वास के लिए, अपने महादेव के लिए अपना सबकुछ न्यौछावर कर दिया।

### पीएम ने कहा, ये वातावरण और उत्सव अद्भुत है

यहां 72 घंटों तक अनवरत ओमकार का नाद और मंत्रोच्चार किया गया। सोमनाथ की 1 हजार साल की गाथा का वर्णन और शौर्य यात्रा, सबकुछ मंत्रमुग्ध कर देने वाला है। इस अनुभुति को शब्द अभिव्यक्त नहीं कर सकते हैं। इसे केवल समय ही संकलित कर सकता है। रैली को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा- ये समय अदभुत है। ये वातावरण अद्भुत है। यह उत्सव अद्भुत है। एक ओर स्वयं देवादिदेव महादेव, दूसरी ओर समुद्र की लहरें, सूर्य की किरणें, मंत्रों की गूंज , आस्था का ऊफान, इस दिव्य वातावरण में आप सब भक्तों की उपस्थिति इस अवसर को दिव्य बना रही है। भव्य बना रही है और मैं इसे अपना बहुत बड़ा सौभाग्य मानता हूं कि सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में मुझे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में सेवा का अवसर मिला।

### 3 दिनों के गुजरात दौरे पर पीएम मोदी

पीएम मोदी 10 से 12 जनवरी तक 3 दिन के गुजरात के दौरे पर हैं। आज उनके दौरे का दूसरा दिन है। सोमनाथ के बाद मोदी हेलिकॉप्टर से राजकोट जाएंगे। यहां दोपहर 1.35 बजे मारवाड़ी यूनिवर्सिटी में व्यापार मेले और प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। फिर वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन (कच्छ एवं सौराष्ट्र) का उद्घाटन करेंगे। पीएम राजकोट के बाद गांधीनगर पहुंचेंगे। यहां शाम 5.15 बजे महात्मा मंदिर मेट्रो स्टेशन पहुंचकर अहमदाबाद मेट्रो परियोजना के फेज-2 के अंतिम खंड का उद्घाटन करेंगे।

### 1000 साल पहले का संघर्ष, आज का गौरव

पीएम मोदी ने कहा कि जब वे आज यहां खड़े होकर बोल रहे हैं, तो उनके मन में यह सवाल बार-बार आता है कि 1000 साल पहले इसी स्थान पर कैसा माहौल रहा होगा। उन्होंने कहा हमारे पुरखों ने अपनी आस्था और महादेव के लिए सब कुछ न्योछावर कर दिया। आक्रांताओं को लगा कि वे जीत गए, लेकिन 1000 साल बाद भी सोमनाथ की ध्वजा पूरी दुनिया को भारत की शक्ति का संदेश दे रही है। प्रधानमंत्री ने साफ कहा कि सोमनाथ का इतिहास विनाश का नहीं, बल्कि विजय और पुनर्निर्माण का इतिहास है। उन्होंने कहा कि आक्रांता आते रहे, लेकिन हर युग में सोमनाथ फिर से खड़ा हुआ इतना धैर्य, संघर्ष और पुनर्निर्माण का उदाहरण दुनिया के इतिहास में दुर्लभ है।

### कट्टर सोच और तुष्टीकरण पर निशाना

पीएम मोदी ने कहा कि जो लोग अपने धर्म के प्रति सच्चे होते हैं, वे कभी कट्टरपंथी सोच का समर्थन नहीं करते। लेकिन उन्होंने आरोप लगाया कि तुष्टीकरण की राजनीति करने वालों ने हमेशा ऐसी सोच के आगे घुटने टेके। उन्होंने कहा कि जब आजादी के बाद सरदार वल्लभभाई पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया, तब भी उन्हें रोकने की कोशिश की गई। यहां तक कि 1951 में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के मंदिर आने पर भी आपत्तियां जताई गई थीं। पीएम मोदी ने चेतावनी दी कि आज तलवारों की जगह नए और गुप्त तरीकों से भारत के खिलाफ साजिशें की जा रही हैं। ऐसे में देश को सतर्क, मजबूत और एकजुट रहने की जरूरत है।

### शौर्य यात्रा और मंदिर में की पूजा-अर्चना

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को करीब 30 मिनट तक सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने शिवलिंग पर जल चढ़ाया, फूल अर्पित किए और पंचामृत से अभिषेक किया। बाहर आकर उन्होंने पुजारियों और स्थानीय कलाकारों से मुलाकात की और चेंदा वाद्य यंत्र भी बजाया। इससे पहले करीब 1 किलोमीटर लंबी शौर्य यात्रा में पीएम मोदी ने डमरू बजाया और वीर हमीरजी गोहिल व सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमाओं को नमन किया। प्रधानमंत्री मोदी शनिवार शाम सोमनाथ पहुंचे थे। 1026 में हुए पहले आक्रमण के 1000 वर्ष पूरे होने पर देशभर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया जा रहा है, जो भारत की आस्था, संस्कृति और आत्मगौरव का प्रतीक है।


### पीएम मोदी का हरित उर्जा पर जोर

पीएम मोदी बोले, सौराष्ट्र और कच्छ भारत के हरित विकास, हरित गतिशीलता और ऊर्जा सुरक्षा का भी एक बड़ा हब बन रहा है। कच्छ में 30 गीगावाट कैपेसिटी का रिन्यूएबल एनर्जी पार्क बन रहा है। ये दुनिया का सबसे बड़ा हाइब्रिड रिन्यूएबल एनर्जी पार्क होगा। आप कल्पना कर सकते हैं कि ये पार्क पेरिस शहर से भी पांच गुना बड़ा है। यानी इस क्षेत्र में स्वच्छ उर्जा प्रतिबद्धता के साथ-साथ व्यावसायिक पैमाने की वास्तविकता भी है। आप सभी हरित हाइड्रोजन की क्षमता से परिचित हैं। भारत में इस दिशा में अभूतपूर्व गति और पैमाने पर काम चल रहा है। यहां कच्छ और जामनगर ग्रीन हाइड्रोजन प्रोडक्शन के बड़े केंद्र बन रहे हैं। कच्छ में एक विशाल बैट्री एनर्जी स्टोरेज सिस्टम स्थापित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि आज का भारत विकसित होने के लक्ष्य पर तेजी से काम कर रहा है और हमारे इस लक्ष्य की प्राप्ती में 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' की बहुत बड़ी भूमिका है। रिफॉर्म एक्सप्रेस यानी हर क्षेत्र में नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म। जैसे अब से कुछ समय पहले ही देश ने नेक्स्ट जेनरेशन त्रस्ङ्ग रिफॉर्म लागू किए थे। हर सेक्टर पर इसका अच्छा असर दिखा... रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार भारत ने बहुत बड़ा सुधार इन्स्योरेन्स सेक्टर में किया है... इसी तरह करीब 6 दशक के बाद इनकम टैक्स कानून को आधुनिक किया गया है। इससे करोड़ों करदाताओं को फायदा हुआ है। भारत ने एतिहासिक लेबर रिफॉर्म को भी लागू कर दिया है... यानी श्रमिक हों या फिर इंडस्ट्री सभी का इससे फायदा है।

# माघ मेला 2026 की निविदा पर घमासान, पारदर्शिता पर उठे सवाल?

- रिजर्व प्राइस से कम पर आवंटन और बिना टेंडर दुकानों के संचालन का आरोप
- सरकार का करोड़ों के राजस्व नुकसान की शिकायत

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज



Name of Work: Allotment of land for Vending Zone and Thematic Parks for Magh Mela 2026.
Tender No: PMA/2025-26/28
Name of the Bidder/ Bidding Firm / Company : MOHANS FOODS

PRICE SCHEDULE
(This BOQ template must not be modified/replaced by the bidder and the same should be uploaded after filling the relevent columns, else the bidder is ... Bidder Name and Values only)

| SL. No. | Item Description | Item Code / Make | Quantity | Units | Reserve Price (exclusive of GST) in Rs. P | BASIC RATE (exclusive of GST) In Figures To be entered by the Bidder in Rs. P | TOTAL AMOUNT (exclusive of GST) in Rs. P |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 0 | Vending Zone and Thematic Park | | | | | | |
| 1 | Vending Zone and Thematic Park | item1 | 1.00 | Nos | 8,500,000.00 | 10,127,000.00 | 10,127,000.00 |
| Total in Figures | | | | | | | 10,127,000.00 |

माघ मेला 2026 की तैयारियों से पहले ही प्रयागराज मेला विकास प्राधिकरण (पीएमडीए) एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गया है। वेंडिंग जोन और थीमेटिक पार्कों के लिए भूमि आवंटन की ई-निविदा प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए गए हैं। आरोप है कि निविदा प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती गई, रिजर्व प्राइस से कम दरों पर आवंटन किया गया और कई दुकानों का संचालन बिना किसी वैध टेंडर के कराया जा रहा है। इस संबंध में फतेपुर बाट निवासी उद्यमी कैलाश राम ने मेलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### उच्चतम बोली के बावजूद नहीं मिला आवंटन


इंटरटेनमेंट इवेंट व्यवसाय से जुड़े कैलाश राम का कहना है कि उन्होंने माघ मेला 2026 के लिए त्रिवेणी वेंडिंग जोन की निविदा में भाग लिया था और लगभग 1 करोड़ 13 लाख 28 हजार रुपये की उच्चतम बोली लगाई थी। इसके बावजूद कथित तौर पर उन्हें दरकिनार कर दिया गया। आरोप है कि होम पार्क जैसी योजनाओं को 85 लाख रुपये के रिजर्व प्राइस से भी कम पर चहेते ठेकेदारों को सौंप दिया गया। इससे शासन को करोड़ों रुपये के राजस्व नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

### 'परिचय' के नाम पर दुकानें, अवैध उगाही का आरोप

शिकायत में यह भी दावा किया गया है कि मीना बाजार के आसपास कुछ लोगों को 'परिचय' के आधार पर बिना किसी निविदा प्रक्रिया के दुकानें आवंटित कर दी गई। आरोप है कि इन दुकानों से अवैध उगाही भी की जा रही है। इतना ही नहीं, लगभग 17 पार्किंग स्थलों को भी बिना टेंडर प्रक्रिया के रिश्तेदारों और करीबियों को दे दिया गया, जहां दुकानों का निर्माण और संचालन कराया जा रहा है।

### निविदा प्रक्रिया पर उठे सवाल

प्रयागराज मेला विकास प्राधिकरण की ओर से जारी कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, निविदा संख्या पत्रांक संख्या/2025-26/28 के तहत माघ मेला 2026 के लिए वेंडिंग जोन और थीमेटिक पार्कों हेतु ई-निविदा आमंत्रित की गई थी। तकनीकी बिड 25 दिसंबर 2025 को खोली गई, जिसमें आठ फर्मों ने भाग लिया। इनमें से चार फर्मों-एम/एस सिया लाली, एम/एस रॉनी एंटरप्राइजेज, एम/एस नारायण एसोसिएट और एम/एस भोले राज एंटरप्राइजेज-को अर्ह घोषित किया गया। प्राधिकरण के अनुसार, इनकी वित्तीय बिड 27 दिसंबर 2025 को खोली जानी थी।



प्रयागराज मेला प्राधिकरण,
प्रयागराज

Email id – maghmela26@gmail.com, Office-0532-2504011, Fax-0532-2500775

पत्र संख्या 4312 /पन्द्रह–मा०मे०–2026 (2025–26) दिनांक 27 दिसम्बर, 2025

कार्यालय ज्ञाप

निविदा संख्या–PMA/2025-26/28 Request for Proposal (RFP) for allotment of land f... Vending Zone and Thematic Parks for Magh Mela 2026 ई–टेण्डर के पोर्टल पर आमन्त्रित ... गयी थी, जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 25.12.2025 को खोली गयी थी। उक्त खोली गई निवि... का परीक्षण निविदा समिति द्वारा किया गया, जिसका विवरण निम्नवत् है :–

| निविदा सं० | निविदा का नाम | निविदा में भाग लेने वाले ठेकेदार | अर्ह पाये गये ठेकेदार का नाम |
|---|---|---|---|
| PMA/2025-26/28 | Request for Proposal (RFP) for allotment of land for Vending Zone and Thematic Parks for Magh Mela 2026. | 1. M/s siya Lali<br>2. M/s Lovely Enterprises<br>3. M/s Ronnie Enterprises<br>4. M/s Narayan Associate<br>5. M/s Bhole Raj Enterprises<br>6. M/s Kailash Ram Enterprises<br>7. M/s Mohans Foods<br>8. M/s Ajit Enterprises | 1. M/s siya Lali<br>2. M/s Ronnie Enterprises<br>3. M/s Narayan Associate<br>4. M/s Bhole Raj Enterprises |

उक्त निविदा में अर्ह पाये गये निविदादाता को सूचित किया जाता है कि उक्त निवि... की वित्तीय बिड दिनांक 27.12.2025 को सायं 06.00 बजे खोली जाएगी।

### जांच और कार्रवाई की मांग

कैलाश राम ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, बिना टेंडर संचालित दुकानों को तत्काल बंद कराने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मामला सामने आने के बाद मेला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल और गहरे हो गए हैं। अब यह देखना अहम होगा कि शासन स्तर पर इस प्रकरण को कितनी गंभीरता से लिया जाता है और क्या माघ मेला 2026 की तैयारियों में वास्तव में पारदर्शिता सुनिश्चित हो पाएगी या नहीं।

### पहले से तय नतीजों का आरोप

शिकायतकर्ता का कहना है कि तकनीकी रूप से योग्य होने के बावजूद कुछ फर्मों को बाहर कर दिया गया और पूरी प्रक्रिया पहले से तय नतीजों की ओर बढ़ती दिखी। उनका आरोप है कि नियमों की अनदेखी कर कुछ चुनिंदा लोगों को लाभ पहुंचाया गया।

# ग्रामीण रोजगार की गारंटी अब 125 दिन, जी-राम-जी से बदलेगी गांवों की तस्वीर : केशव प्रसाद मौर्य

जन एक्सप्रेस । वाराणसी




प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम-2025 यानी वीबी-जी राम जी ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में क्रांतिकारी कदम है। इस अधिनियम के तहत अब ग्रामीण श्रमिकों को 100 दिन के स्थान पर 125 दिन रोजगार की गारंटी मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे गांवों का आधारभूत ढांचा मजबूत होगा और पलायन पर प्रभावी रोक लगेगी। उपमुख्यमंत्री रविवार को जनपद आगमन पर सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी उनके साथ मौजूद रहे। मौर्य ने बताया कि 'जी राम जी' भारतीय संस्कृति, सुशासन और जनकल्याण का प्रतीक है जी यानी जनभागीदारी, रा राष्ट्रनिर्माण, म मानवीय मूल्यों के साथ विकास और जी जनकल्याण। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों को ए, बी और सी श्रेणी में बांटकर विकास की बेहतर योजना बनाई जाएगी। पीएम गति शक्ति, जीआईएस जैसे आईटी टूल्स का उपयोग होगा और जॉब कार्ड तीन साल के लिए जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह अधिनियम देश की करीब 70 प्रतिशत आबादी के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा और मनरेगा को नई तकनीक से जोड़कर स्मार्ट गांव विकसित किए जाएंगे। बायोमेट्रिक, फेस रीडिंग और जीआईएस आधारित मोबाइल एप का उपयोग पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा। मनरेगा के मौजूदा कर्मचारियों को हटाया नहीं जाएगा और श्रमिकों को साप्ताहिक भुगतान मिलेगा। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि अब स्कूलों में केवल बाउंड्रीवाल ही नहीं, बल्कि किचन शेड और लैबोरेट्री निर्माण भी अनुमन्य होगा। प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए भी इस अधिनियम में विशेष प्रावधान किए गए हैं। एनजीओ को इसमें कार्य की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, हर घर जल जैसी योजनाओं से गरीबों का जीवन बदला है। महिला आरक्षण विधेयक से 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित हुआ है और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से लखपति दीदी अभियान को गति मिली है। इसके बाद उपमुख्यमंत्री डॉ. सम्पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम, सिगरा में 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप-2026 के समापन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज भारतीय खिलाड़ी आत्मविश्वास के साथ वैश्विक मंच पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। अंत में उन्होंने मतदाता सूची शुद्धीकरण अभियान के तहत 6 फरवरी 2026 तक नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन कराने की अपील की। इस अवसर पर मंत्री, जनप्रतिनिधि, महापौर, विधायक और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड में डिजिटल गवर्नेंस से बढ़ेंगी सुविधाएं, अब सरकारी दस्तावेजों को बनाना होगा आसान

जन एक्सप्रेस । देहरादून

उत्तराखंड में शासन-प्रशासन को अधिक पारदर्शी, सरल और जनोन्मुखी बनाने की दिशा में डिजिटल गवर्नेंस एक मजबूत आधार के रूप में उभर रहा है। राज्य सरकार की ओर से विभिन्न विभागों में डिजिटल तकनीक के व्यापक उपयोग से आम नागरिकों को न केवल समय और संसाधनों की बचत हो रही है, बल्कि सरकारी सेवाओं तक उनकी सीधी और सहज पहुंच भी सुनिश्चित हो रही है। अब इसमें आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को जोड़ा जा रहा है। यह कदम उत्तराखंड को तकनीकी रूप से सक्षम और भविष्य के लिए तैयार राज्य बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। ये सभी बदलाव नए वर्ष में जनता को खासी राहत देंगे। प्रदेश सरकार ने न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन के उद्देश्य से डिजिटल गवर्नेंस माडल को लागू किया है। उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य में, जहां भौगोलिक परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण हैं, वहां आनलाइन सेवाएं आमजन के लिए वरदान साबित हो रही हैं। अब लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, पेंशन, छात्रवृत्ति, राशन कार्ड, भूमि से जुड़े अभिलेख और विभिन्न योजनाओं के आवेदन घर बैठे आनलाइन किए जा सकते हैं। राज्य में ई-डिस्ट्रिक्ट, सीएम डैशबोर्ड, आनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली, भूलेख पोर्टल और डिजिटल भुगतान जैसी व्यवस्थाओं ने प्रशासन की कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाया है। शिकायत दर्ज करने से लेकर उसके निस्तारण तक की पूरी प्रक्रिया अब आलाइन ट्रैक की जा सकती है, जिससे जवाबदेही भी बढ़ी है। इससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में भी मदद मिल रही है।



### आपदा प्रबंधन में भी तकनीक का उपयोग बढ़ रहा

उत्तराखंड में डिजिटल गवर्नेंस से सरकारी सेवाएं अधिक पारदर्शी और सुलभ हो रही हैं। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को जोड़ा जा रहा है, जिससे जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र जैसे कार्य घर बैठे हो सकेंगे। स्वास्थ्य, शिक्षा और आपदा प्रबंधन में भी तकनीक का उपयोग बढ़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट विस्तार और डिजिटल साक्षरता पर जोर दिया जा रहा है, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिलेगी।

### प्रमुख भाषाओं में होगा दस्तावेजों का अनुवाद

आमजन को सरकारी दस्तावेजों को समझने में सबसे अधिक दिक्कतें होती है। ऐसे में अब डिजिटल उत्तराखंड पोर्टल में कई महत्वपूर्ण टूल जोड़े जा रहे हैं। इनमें एआइ पाणिनी सबसे महत्वपूर्ण है। इसकी मदद से विभिन्न सरकारी विभागों में उपयोग होने वाले दस्तावेजों, पत्राचार और रिपोर्ट का अनुवाद देश की सभी प्रमुख भाषाओं में किया जा सकेगा। इससे आमजन को दस्तावेजों को समझने में मदद मिलेगी।

### बड़े दस्तावेजों व रिपोर्ट का बनेगा सार

पोर्टल में एक और टूल एआइ सारांश जोड़ा जा रहा है। यह टूल बड़े दस्तावेजों और रिपोर्ट का संक्षिप्त व सारगर्भित सार निकालने में मदद करेगा। इससे आमजन को सरकारी निर्णयों व योजनाओं को समझने में मदद मिलेगी।

### दस्तावेजों का बनेगा आडियो

एआइ अभिलेख दस्तावेजों को आडियो में बदलने की सुविधा देगा। यह व्यवस्था विशेष रूप से दृष्टिबाधित कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए उपयोगी साबित होगी। कामकाज के दौरान व्यस्त रहने वाले अधिकारी भी यात्रा करते समय जरूरी दस्तावेजों को सुनकर जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही बुजुर्ग व अनपढ़ आसानी से इसे समझ सकेंगे।

### स्वास्थ्य सेवाओं और आपदा प्रबंधन में अहम भूमिका

स्वास्थ्य, शिक्षा और आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी डिजिटल तकनीक का प्रभाव स्पष्ट दिखाई दे रहा है। टेलीमेडिसिन और आनलाइन पंजीकरण से दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। शिक्षा के क्षेत्र में ई-लर्निंग प्लेटफार्म और डिजिटल कंटेंट से छात्रों को गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री उपलब्ध हो रही है। वहीं आपदा प्रबंधन में रियल-टाइम डेटा, अलर्ट सिस्टम और डिजिटल संचार माध्यमों से त्वरित राहत एवं बचाव कार्य संभव हो पा रहा है। अब इस तंत्र को और अधिक मजबूत बनाया जा रहा है।

### डिजिटल साक्षरता को मजबूत करने पर फोकस

नए वर्ष में सरकार का फोकस डिजिटल साक्षरता को और मजबूत करने पर भी है, ताकि समाज का हर वर्ग इन सेवाओं का लाभ उठा सके। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट कनेक्टिविटी का विस्तार की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि पर्वतीय इलाकों में भी आनलाइन सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही कामन सर्विस सेंटरों की भूमिका को और सशक्त किया जा रहा है। इससे डिजिटल खाई को पाटने में मदद मिलेगी।

# अपर पुलिस महानिदेशक ने किया धर्मनगरी का दौरा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



प्रयागराज में अपर पुलिस महानिदेशक ज्योति नारायण ने रविवार को धर्मनगरी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने माघ मेले के समय आवागमन करने वाले श्रद्धालुओं के लिए यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

पहली बार चित्रकूट दौरे पर आए प्रयागराज जोन के एडीजी ज्योति नारायण ने कहा कि माघ मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ प्रयागराज पहुंचती है और वहां से स्नान करने के बाद श्रद्धालु वापस लौटते हैं। ऐसे में प्रयागराज की सीमा से जुड़े चित्रकूट और पडोसी जनपदों में यातायात व्यवस्था का जायजा वह ले रहे हैं। भीड़ बढने की स्थिति में ट्रैफिक डायवर्जन और होल्डिंग प्वाइंट में श्रद्धालुओं की गाडियों के ठहराव की व्यवस्था का भी एडीजी ने निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्यतः यातायात व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण के बिंदुओं पर सभी क्षेत्राधिकारियों और यातायात प्रभारियों को निर्देश दिए। जिसमें बैरियर लगाने वाले स्थानों, कोहरे में सड़क हादसों को रोकने के लिए रोड़ के किनारे शाम के समय खडी गाडियों को हटवाने के निर्देश शामिल हैं। बरगढ़ में यूपीसीड़ा के मैदान में होल्डिंग प्वाइंट में पूर्व में हो चुके कुंभ मेंले की तर्ज पर वाहनों के ठहराव की व्यवस्था रहेगी। इस मैदान में लगभग पन्द्रह सौ गाड़ियों को खड़ा कराया जा सकता है। वहां सफाई-कराई जा रही है। साथ ही पेयजल और भोजन की व्यवस्था भी कराई जाएगी। प्रयागराज में भीड़ बढने पर वहां के पुलिस अधिकारियों द्वारा सूचित किया जाएगा। जिसके बाद डायवर्जन प्लान लागू किया जाएगा। उन्होने बताया कि मुख्य पर्व मकर संक्रांति और मौनी अमावस्या के एक दिन पहले से ही रूट डायवर्जन कर दिया जाएगा।

भ्रमण के दौरान एडीजी ने छोटे दुकानदारों, वाहन चालकों से भी सीधे वार्ता करते हुए पुलिस व्यवस्था के संबंध में राय जानी। साथ ही आम जनमानस के सुझाव भी लिए। इस मौके पर बांदा के डीआईजी राजेश एस, एसडीएम रामऋषि रमन, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं0 धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की हनुमंत कथा के किऐ अक्षत वितरण

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



आगामी 16 जनवरी को मवई बाईपास पर बागेश्वर पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की हनुमंत कथा को लेकर पहुंचे बुंदेलखंड यूथ फाउंडेशन के संस्थापक प्रवीण सिंह एवं जयराम सिंह बछेउरा जैसे ही तिंदवारी कस्बे पहुंचे वहां पर नगर पंचायत प्रतिनिधि रमेश चंद साहू, प्रबंधक संजय सिंह पटेल,भाजपा नेता योगेंद्र मिश्रा,संत सरण अवस्थी, आशीष सिंह चंदेल,मंडल अध्यक्ष जसपुरा साहिब सिंह की अगवाई में सैकड़ो कस्बे वासियों ने माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया वहीं प्रवीण सिंह और जयराम सिंह बछेउरा ने घर-घर 16 जनवरी को आयोजित होने वाली हनुमंत कथा में पहुंचने को लेकर अपील की वही पपरेंदा ,पिपरहरी गांव में ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। पैलानी कस्बे पहुंचे बुंदेलखंड युथ फाउंडेशन के संस्थापक प्रवीण सिंह व जयराम सिंह बछेउरा को भाजपा के एसपी सिंह,डॉ पंकज सिंह चौहान,दीपक सिंह गौर,भूपत सिंह, डॉ जितेन्द्र सिंह समेत आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया वही जसपुरा कस्बे पहुंचे प्रवीण सिंह को ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया यहां अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष चंद्रभान सिंह एडवोकेट, राजवीर सिंह, प्रबंधक जय नारायण सिंह, जनसेवक धनंजय सिंह, आशुतोष सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजबहादुर सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख जितेंद्र सिंह ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि जसपुरा महेश निषाद, लसड़ा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लसड़ा संजय सिंह चंदेल,भाजपा नेता शिवबली निषाद ,ग्राम प्रधान चंदवारा अरविंद सिंह, जितेंद्र सिंह सेंगर, चक्रपाणि अवस्थी,भास्कर प्रसाद साहू व पत्रकार अंशु गुप्ता , डाक्टर अमरपाल सिंह, अवधेश सिंह, जिला पंचायत सदस्य हिमांशु सिंह, बाबू सिंह ठेकदार आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे। बुंदेलखंड फाउंडेशन के संस्थापक के गांव अमारा में जश्न का माहौल रहा। बुंदेलखंड फाउंडेशन के संस्थापक सिंह द्वारा अपने गांव पहुंचने पर बागेश्वर धाम की जयकारे के साथ गर्म जोशी से स्वागत किया वहीं प्रवीण सिंह ने घर घर जाकर अक्षत वितरण किया और हनुमंत कथा को श्रवण करने को लेकर आह्वान किया।

# बांदा रोटी बैंक टीम ने ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंदों को बांटें कंबल और गर्म कपड़े

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



रविवार को जनपद में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख़ सादी जमा और बांदा रोटी बैंक सोसाइटी के सह संरक्षक चन्द्रमौली भारद्वाज के संरक्षण में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम की अध्यक्षता में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के कोषाध्यक्ष इरफ़ान खान के नेतृत्व में, पूर्व ग्राम प्रधान ग्राम गोड़ीबाबा मूलचन्द्र की उपस्थिति में, समाजसेवी सैय्यद मोहम्मद अकरम रिटायर्ड अधिशासी अभियंता के द्वारा दान किये गए 10 कम्बल और शहर के जिम्मेदार जागरूक लोगों के द्वारा दान में दिए गए गरम कपड़े,जूते चप्पल आदि का वितरण ग्राम गोड़ीबाबा ब्लॉक बड़ोखर के जरूरतमंद ग्रामीणों को किया गया तथा साथ ही ग्रामीणों को सर्पदंश, स्वास्थ्य,स्वच्छता,यातायात तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी की टीम के कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम और सदस्य जगदीश श्रीवास के द्वारा जागरूक किया गया,सदस्य निहाल खान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

उक्त कम्बल, कपड़े आदि पाकर ग्रामवासियों में अपार खुशी दिखाई दी सभी लोगों को दुआओं और आशीर्वाद से नवाजा उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से बाँदा रोटी बैंक से रिज़वान अली अध्यक्ष, महामंत्री मोहम्मद अज़हर आदि पदाधिकारी, सदस्यों एवं समाजसेवियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम को मनरेगा से मिटाना चाहती है भाजपा: कुशल

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला कांग्रेस समिति के पदाधिकारियों ने रविवार को मनरेगा बचाओ महासंग्राम की शुरुआत पटेल तिराहे में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा के सामने बैठकर सांकेतिक उपवास रख कर किया। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एडवोकेट ने कहा कि केंद्र में बैठी भाजपा सरकार मनरेगा से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम को मिटाना चाहती है, जिसका सभी कांग्रेसी सड़कों में उतरकर विरोध करेंगे। इस विरोध की शुरुआत मनरेगा बचाओ अभियान से की जा रही है, जिसके तहत पार्टी पदाधिकारी जनपद में ब्लॉक व ग्रामीण स्तर पर मजदूरों के बीच पहुंचकर उन्हें जागरूक करेंगे और इस लड़ाई को लड़ेंगे। पूर्व प्रत्याशी रंजना बराती लाल पांडेय ने कहा कि जिस प्रकार भाजपा सरकार को किसान विरोधी तीन कानून वापस लेने पड़े थे, वैसे से मनरेगा का नाम बदलने का निर्णय भी वापस लेना पड़ेगा। वरिष्ठ नेता गज्जू प्रसाद फौजी ने कहा कि मनरेगा योजना गरीब मजदूर के हित के लिए थी। जिसमें केन्द्र सरकार ने अपना हिस्सा 90 प्रतिशत से घटनाकर 60 प्रतिशत कर रही है तथा राज्य सरकार के हिस्से को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर रही है।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, शिव गुलाम वर्मा, जिला महासचिव विजयमणि त्रिपाठी, कामता द्विवेदी, कालीचरण राजपूत, पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रावेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष चित्रकूट जग जाहिर पटेल, पहाड़ी रामकृपाल वर्मा, मऊ अरविंद पांडेय, जिला सचिव हरिहर सहाय विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह पटेल, राकेश वर्मा, रामनरेश सिंह, बुद्ध विलास पटेल, मनधीर सिंह वर्मा, दिलीप यादव, इंद्रजीत उपाध्याय, विनीत उपाध्याय, क्षेत्र पंचायत सदस्य संतोष यादव, चुनवाद यादव, श्याम कली, जगन्नाथ कोल, मुन्नी देवी, हरिश्चंद्र, राम सवेरे, राजाबाबू, विनोद कोल, मेवालाल राजपूत, रुक्मिणी, गुड़िया, विकास, देवनारायण, नाथू सिंह, बेला देवी, राजरानी, मइयादीन, चंदा देवी, राजकुमारी, बाबूलाल, छोटेलाल, देशराज, पुरुषोत्तम आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने किया बूथों का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को विशेष अभियान के तहत जिले के सभी बूथों में मतदाता सूचियों का वाचन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने कई बूथों का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने चित्रकूट विधानसभा 236 में राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज कर्वी में स्थित बूथ में भाग संख्या 443, 444, 445, 446, 447 एवं 448 का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने चित्रकूट इण्टर कॉलिज में स्थित भाग संख्या 418, 419, 421, एवं 422 का निरीक्षण किया। इस दौरान बीएलओ द्वारा स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची का वाचन किया गया। जिलाधिकारी ने मतदाताओं द्वारा भरे जा रहे फार्म 6 एव फार्म 8 की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के समय सभी संबंधित मतदान केन्द्रों पर बीएलओ उपस्थित रहे। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद के सभी बूथों पर बीएलओ द्वारा उपस्थित रहकर निर्वाचक नामावली को पढकर मतदाताओं को सुनाया गया।

## पुलिस लाइन शोक सभा में स्वर्गीय पुलिसकर्मी को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** रविवार को पुलिस लाइन में स्वर्गीय पुलिसकर्मी को शोक परेड में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक सलामी दी गई । गौरतलब हो कि जनपद के पुलिस लाइन में तैनात मुख्य आरक्षी श्यामलाल निवासी जमुनापार थाना महेवाघाट जनपद कौशाम्बी के रहने वाले थे एवं आरक्षी के पद पर उ0प्र0 पुलिस में भर्ती हुए थे तथा जनपद हमीरपुर से जनपद स्थानांतरण पर आये थे ।कल अचानक उनकी तबियत खराब हो गई जिन्हे उपचार हेतु जिला अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा उन्हे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी लाइन्स मेविस टॉक, सहायक पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षु श्लोक गौतम व प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन बेलास यादव सहित पुलिस परिवार के साथियों द्वारा रीत व पुष्प चढ़ाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई । पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा स्वर्गवासी पुलिसकर्मी के परिजनों को दु:ख की घड़ी में ढ़ांढ़स बंधाते हुए सात्वना दी गई ।उन्होने मृतक के परिवार को हर सम्भव मदद् का आश्वासन दिया तथा अश्वस्त किया की दु:ख की इस घड़ी में पूरा पुलिस परिवार उनके साथ है।

## पिंटू ने 14वीं बार रक्तदान कर दिखायी भारतवासी होने की जिम्मेदारी



**जन एक्सप्रेस/बांदा।** जिले के तहसील बबेरू कस्बे के औगासी रोड स्थित श्रृंगार थोक निवासी जयगोपाल उर्फ पिंटू पुत्र स्व. जगदीश प्रसाद ने दिनांक 11जनवरी को जिला अस्पताल में रक्तदान किया। वह लगातार 14 वीं बार रक्तदान करते हुए मरीजों की जान बचाने का काम कर रहे हैं। रक्तदान करते हुए जयगोपाल उर्फ पिंटू ने कहा कि रक्तदान करने से किसी न किसी मरीज को जरूरत पर रक्त उपलब्ध होता जाता है और उसकी जान बच जाती है। इससे ज्यादा पुण्य और किसी कार्य में नहीं है। उन्होंने कहा कि आगे भी वह रक्तदान करते रहेंगे।

# समाजवादी पार्टी की पीडीए चौपाल से सामाजिक न्याय का संदेश

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



सदर विधानसभा क्षेत्र के कंठीपुर गांव में समाजवादी पार्टी द्वारा रविवार को पीडीए चैपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान सपा नेताओं ने 500 लोगों को कंबल वितरित किए। साथ ही बच्चों को पाठ्य-पुस्तकों और खेलकूद सामग्री की वितरण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि पीडीए समाज ही देश और प्रदेश की रीढ़ है, लेकिन मौजूदा सरकार में इस वर्ग की उपेक्षा की जा रही है। महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी से सबसे ज्यादा नुकसान पीडीए वर्ग को हो रहा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय, बराबरी और सम्मान के साथ सबको विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। चैपाल में उपस्थित सपा के युवा नेता मंगल यादव ने राशन, आवास, पेंशन, रोजगार और स्थानीय समस्याओं को उठाया। उन्होंने कहा कि पीडीए चैपाल केवल संवाद का मंच नहीं, बल्कि जनता की आवाज को मजबूती से सरकार तक पहुंचाने का माध्यम है। समाजवादी पार्टी ने सभी से आह्वान किया कि वे पीडीए की एकजुटता को मजबूत करें और लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। चौपाल के माध्यम से समाज में जागरूकता बढ़ाने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का संकल्प भी दोहराया गया।

इस मौके पर चित्रकूट विधानसभा अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव, पूर्व प्रधान हरिमोहन यादव, दयाराम यादव, अरशद खान, उदित नारायण यादव, रमेश कोटार्य, गणेश, शिवलाल कोटार्य, साहबदीन, तुफैल खां, जब्बार खां, ग्राम प्रधान प्रमोद कुमार, पुरुषोत्तम वर्मा, माताबदल वर्मा, सुल्तान खां आदि मौजूद रहे।

# बुन्देलखण्ड में ओवैसी की पार्टी ने शुरू की पैर जमाने की कवायद

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तिहादुल मुस्लिमीन ने रविवार को राजापुर तहसील के सरधुवा क्षेत्र में कैडर कैंप का आयोजन किया। जिसमें दर्जनों लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई।

सरधुवा में आयोजित कार्यक्रम में ए.आई.एम.आई.एम. के बुंदलेखण्ड प्रभारी सादिक अली ने कहा कि उनकी पार्टी समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है और बुंदेलखण्ड के प्रत्येक नागरिक के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ी जाएगी। इस दौरान उन्होंने 120 लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। जिलाध्यक्ष इरफान खान ने कहा कि जमीनी स्तर पर संगठन मजबूत किया जाएगा। नवाब खान की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में पार्टी की नीतियों को लेकर जनता के बीच जाने का संकल्प लिया गया।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष नूरूल हसन, नगर अध्यक्ष आमिर खान, सोशल मीडिया प्रभारी जावेद हैदरी, मोतीलाल वर्मा, मुन्नीलाल वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, अमरवीर वर्मा, सत्यवीर सिंह, महेश त्रिपाठी, रहीश खान, नाम खान, चाँद मंसूरी, हसनैन मंसूरी, लालू मंसूरी, सफाअत खान, इसराइल, मौलाना रज्जाक अली आदि मौजूद रहे।

## नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष के पति के खिलाफ सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा, विकास कार्यों में बाधा डालने की जिलाधिकारी से हुई शिकायत

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



सूबे के तेज तर्रार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भू माफियाओं को दी जा रही चेतावनी के बावजूद नगर पंचायत कुरारा की पूर्व अध्यक्ष के पति घनश्याम पुत्र मोतीलाल कुरारा नगर पंचायत की खाली पड़ी सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा कराने के साथ ही नगर पंचायत के विकास कार्यों में जान बूझकर बाधा पहुंचाने के साथ ही, नगर पंचायत के ठेकेदारों को खुलेआम कर रहे हैं धमकाने का काम। जिसके बाद तेज तर्रार नगर पंचायत अध्यक्ष कुरारा आशा रानी कबीर ने पूर्व अध्यक्ष के पति के खिलाफ जिलाधिकारी घनश्याम मीणा से गोपनीय जांच कराकर सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग की है। जिलाधिकारी से की गई लिखित शिकायत में अध्यक्ष आशा रानी कबीर ने साफ लफ़्ज़ों में कहा है कि नगर पंचायत कुरारा की पूर्व अध्यक्ष माया वाल्मीकि के पति घनश्याम पुत्र मोतीलाल कहने को तो उत्तर प्रदेश परिवहन निगम हमीरपुर डिपो के कर्मचारी है, जबकि वो अपने कार्यालय में ड्यूटी करने के बजाय ज्यादातर नगर पंचायत कुरारा की सरकारी खाली पड़ी जमीनों पर अपने मिलने और जान्ने वालों को निजी स्वार्थ के लिये अवैध कब्जा कराने का काम करते हैं, और जब एसे कब्जा धारकों और भू माफियाओं के खिलाफ नगर पंचायत कुरारा की तरफ से कार्यवाही की जाती है, तो उक्त व्यक्ति अवैध कब्जा करने वाले भू माफियाओं को उकसाकर नगर पंचायत कुरारा के खिलाफ अदालत से स्टे दिलाने के साथ ही भू माफियाओं को अदालत से मदद का भरोसा दिलाकर अपनी ड्यूटी टाईम पर उनके साथ अक्सर हमीरपुर की अदालतों के चक्कर लगाते देखे जाते हैं। साथ ही नगर पंचायत कुरारा के विकास कार्यों को कराने वाले ठेकेदारों को डरा धमका कर उन पर काम न करने का बेजा दबाव बनाते हैं। जिसके चलते नगर पंचायत कुरारा में कराये जा रहे विकास कार्यों में रुकावट खड़ी होने के साथ ही विकास कार्यों को तेज गति नहीं मिल पा रही है। जबकि नगर पंचायत अध्यक्ष आशारानी कबीर ने जिलाधिकारी से उक्त व्यक्ति द्वारा किये जा रहे अवैध कामों की गोपनीय जांच कराकर सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग की है। ताकि नगर पंचायत कुरारा के विकास कार्यों को बिना किसी बाधा के तेज गति मिलने के साथ ही नगर पंचायत की खाली पड़ी जमीनों पर अवैध कब्जा करने वाले भू माफियाओं से निजात मिल सके।

## चित्रकूट में पहली बार आयोजित होगा चित्रकूट युवा रत्न सम्मान समारोह – सुनील कुमार सिंह

**चित्रकूट।** युवा शक्ति को प्रोत्साहित करने और समाज में उनके योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से इस वर्ष चित्रकूट में पहली बार फ्रचित्रकूट युवा रत्न सम्मान समारोहफ्र का आयोजन किया जा रहा है। यह समारोह 12 जनवरी राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर शान्ती देवी इण्टर कॉलेज पहाड़ी के प्रांगण में संपन्न होगा। विद्यालय के प्रबंधक एवं समाजसेवी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में चित्रकूट के विभिन्न क्षेत्रों शिक्षा, खेलकूद, कला एवं योगा, सामाजिक सेवा, उद्यमिता तथा अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां प्राप्त करने वाले युवाओं को फ्रचित्रकूट युवा रत्न सम्मान'' से नवाजा जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य चित्रकूट के होनहार युवाओं को एक मंच पर लाना और उनके कार्यों से अन्य युवाओं को प्रेरित करना है ताकि सभी अपने प्रयासों से देश और प्रदेश में चित्रकूट को नई पहचान दिला सकें। यह समारोह युवाओं में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार करेगा तथा उनके

## एसआईआर देश के लोकतंत्र की आधारशिला को मजबूत करने का महत्वपूर्ण कार्य: आयुक्त चित्रकूटधाम

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



रविवार को मण्डलायुक्त अजीत कुमार द्वारा तहसील अतर्रा के अंतर्गत संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि हिन्दू इंटर कॉलेज अतर्रा में कुल 06 बूथ संचालित हैं, जहां कुल 3804 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें से 342 मतदाता नो-मैप श्रेणी में तथा 1456 मतदाता एएसडी के रूप में चिन्हित पाए गए। निरीक्षण के समय सभी बीएलओ उपस्थित रहे। अतर्रा डिग्री कालेज, अतर्रा में कुल 05 बूथ हैं, जिनमें 2898 मतदाता दर्ज हैं। यहां 637 मतदाता नो-मैप तथा 1731 मतदाता एएसडी श्रेणी में पाए गए। इस मतदान केन्द्र पर भी सभी बीएलओ उपस्थित पाए गए। प्राथमिक विद्यालय, अनथुवा में कुल 02 बूथ संचालित हैं, जिनमें 2116 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें से 132 मतदाता नो-मैप तथा 174 मतदाता एएसडी के रूप में चिन्हित हैं। निरीक्षण के दौरान सभी संबंधित बीएलओ उपस्थित रहे। इसके उपरान्त तहसील सदर के अंतर्गत भी एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया गया। प्राथमिक विद्यालय, अलीगंज में कुल 03 बूथ हैं। निरीक्षण के समय एक बीएलओ जयप्रकाश तिवारी अनुपस्थित पाए गए, जिससे उनके कार्य का निरीक्षण नहीं हो सका। उपस्थित बीएलओ द्वारा अवगत कराया गया कि दो बूथों में कुल 1539 मतदाता, 69 नो-मैप तथा 678 एएसडी मतदाता चिन्हित हैं।

# त्रिलोकासन से मजबूत बनते हैं जंघा, पिंडली व घुटने: योगाचार्य

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला मुख्यालय के कुबेर गंज कर्वी निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने योग कराते हुए बताया कि त्रिलोकासन संपूर्ण शरीर में अद्भुत शक्ति और ऊर्जा का संचार करता है। त्रिलोक का अर्थ है धरती, आकाश (ब्रह्म लोक) और धरती के नीचे पाताल इन तीनों लोकों का समन्विक लाभ त्रिलोकासन को करने से प्राप्त होता है।योगाचार्य ने बताया कि संपूर्ण शरीर में 10 प्रकार के प्राण कार्य करते हैं, जिसके कारण हमारा शरीर काम कर पाता है। कमर से नीचे अपान वायु काम करती है जिससे जंघा, पिंडली, घुटने टखने सुंदर, सुडौल और मजबूत रहते हैं, इस प्राण वायु के कारण हमारा शरीर का उठना, बैठना, चलना, दौड़ना, संतुलन आदि संभव है, प्रजनन तंत्र की कार्य प्रणाली अपान वायु के मजबूत होने पर सुचारु रूप से चलती है। उदर क्षेत्र में समान वायु कार्य करती है जिससे पेट संबंधित स्वास्थ्य बेहतर रहता है। वक्षीय क्षेत्र में प्राण वायु, कंठ से ऊपर उदान वायु तथा संपूर्ण शरीर में व्यान प्राण कार्य करते हैं, इन प्राणों के सबल होने पर ही कमर से नीचे, शरीर का मध्य भाग और कंठ से ऊपर का भाग तालमेल के साथ कार्य करके जीवन को सुखमय बनाते हैं। इन प्राणों की रुग्णता के कारण हम नाना प्रकार की बीमारियों से व्यथित होते रहते हैं। योगाचार्य ने बताया कि त्रिलोक आसन से पैरों का कंपवात ठीक होता है तथा जंघाओं की अतिरिक्त चर्बी कम होती है, जिससे वे सुडौल, सुंदर, शक्तिशाली बनती है, कमर पतली हो जाती है, कमर जंघा घुटनों पिंडली टखनों पंजों के दर्द मिटते हैं और थकान में राहत मिलती है। बताया इसे करने के लिए दोनों पैरों के बीच लगभग 90 सेंटीमीटर की दूरी रखते हैं, पैर के पंजों की दिशा बाहर की ओर, दोनों हाथ कमर पर इस प्रकार रखते हैं कि अंगूठे पीठ की तरफ और उंगलियां सामने की ओर रहें। श्वास लेकर छोड़ते हुए घुटनों को मोड़ते हुए नीचे की ओर दबाते हैं, जिससे जंघा धरती के समांतर और धड़ तथा सिर सीधा रखते हैं। इस स्थिति में 10 सेकंड ठहरने के बाद सांस भरते हुए धीरे-धीरे घुटनों से सीधे होते हैं ऐसा पांच बार दोहराते हैं। शिथिल ताड़ासन में आकर शरीर में हुए सकारात्मक परिवर्तनों का अनुभव करते हैं। सावधानी के तौर पर घुटनों में दर्द की दशा में इसे धीरे-धीरे करते हैं।





**दिल्ली-एनसीआर में पड़ रही हाड़ कांपने वाली...**
दिल्ली में इस समय हाड़ कांपने वाली ठंड पड़ रही है। ऐसे में लोगों को दिन के समय भी सर्दी से राहत नहीं मिल रही। इसी कड़ी में मौसम विभाग ने सोमवार के लिए शीतलहर के साथ ठंड का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान दिन का तापमान 18 से 20 डिग्री... पढ़ें पेज 12 पर...

# डीजीपी मुख्यालय के सामने 'जीरो टॉलरेंस' बेबस! लखनऊ में अतिक्रमण का खुला खेल

- 112, मातृ-शिशु अस्पताल और पुलिस मुख्यालय के सामने जाम ही जाम, नगर निगम पर गंभीर सवाल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



एक तरफ उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति का दावा करती है, वहीं राजधानी लखनऊ में कानून और प्रशासन की नाक के नीचे अतिक्रमण चरम सीमा पर पहुंच चुका है। हैरानी की बात यह है कि यह हालात डीजीपी मुख्यालय, 112 कार्यालय और मातृ-शिशु अस्पताल के ठीक सामने देखने को मिल रहे हैं।

### ठेलिया-रेड़ी से सड़कें जाम, एंबुलेंस तक फंसी

मातृ-शिशु अस्पताल के सामने सड़क पर ठेलिया और रेड़ी की भरमार के चलते लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई बार एम्बुलेंस और मरीजों के वाहन तक जाम में फंस जाते हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठे हैं। 'नगर निगम को पैसा देते हैं' ठेलिया वालों का चौंकाने वाला दावा सड़क पर अतिक्रमण कर रहे ठेलिया-रेड़ी संचालकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि 'हम नगर निगम को पैसा देते हैं, इसलिए हमें कोई हटाने नहीं आता। यह बयान अपने आप में नगर निगम की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

### कागजों में सख्ती, जमीन पर वसूली?

नगर निगम एक ओर दावा करता है कि 'सड़कों पर अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा,' लेकिन हकीकत यह है कि अतिक्रमण जस का तस है जाम रोज़ाना लग रहा है कार्रवाई सिर्फ कागजों तक सीमित दिखती है सूत्रों का आरोप: रसीद काटो, गुनाह माफ करो सूत्रों के मुताबिक नगर निगम द्वारा ठेलिया-रेड़ी वालों से मोटी रकम वसूली जाती है कुछ पैसा सरकारी खाते में जमा कर खानापूर्ति की जाती है बाकी रकम निजी जेबों में जाने के आरोप हैं सबसे बड़ा सवाल क्या चंद रुपयों की रसीद काट लेने से सड़क घेरने का गुनाह माफ हो जाता है?

**डीजीपी मुख्यालय के सामने भी नहीं दिखता अतिक्रमण!**

जिस सड़क पर डीजीपी मुख्यालय है 112 सेवा का दफ्तर है अधिकारियों का रोज़ाना आना-जाना है वहीं अगर अतिक्रमण नहीं दिख रहा, तो सवाल उठता है क्या नगर निगम की आंखों पर पैसे का चश्मा चढ़ा है? लखनऊ नगर निगम भ्रष्टाचार के आरोपों में पहले से घिरा लखनऊ नगर निगम पहले से ही भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर सुर्खियों में रहा है। ताजा हालात ने एक बार फिर निगम के दावों की पोल खोल दी है।

**सरकार को गुमराह करने का फार्मूला?**

यह भी सवाल उठ रहा है कि क्या यह सब ऊपर तक गुमराह करने की रणनीति है? क्या विकास की जगह सिर्फ वसूली मॉडल पर काम हो रहा है?

**जिम्मेदार कौन? जवाबदेही कब?**

अब सवाल सिर्फ अतिक्रमण का नहीं, बल्कि कानून के सम्मान का प्रशासनिक इच्छाशक्ति का और जीरो टॉलरेंस की सच्चाई का है क्या योगी सरकार के दावे लखनऊ में ही दम तोड़ रहे हैं? या फिर नगर निगम के लिए विकास से ज्यादा वसूली प्राथमिकता बन चुकी है?

# राष्ट्रनिर्माता, युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं स्वामी विवेकानंद : स्वामी मुक्तिनाथानन्द

- स्वामी विवेकानंद जयंती की पूर्व संध्या पर लखनऊ में विचार गोष्ठी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



भारत की आध्यात्मिक चेतना को विश्व पटल पर प्रतिष्ठित करने वाले महापुरुष स्वामी विवेकानंद केवल एक संत नहीं, बल्कि राष्ट्रनिर्माता और युवाओं के शाश्वत प्रेरणास्रोत थे। यह विचार श्रीरामकृष्ण मठ, लखनऊ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानन्द जी महाराज ने स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर व्यक्त किए।

### बाल्यकाल से ही विलक्षण प्रतिभा

स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ। बचपन में उनका नाम नरेंद्र नाथ दत्त था। उनके पिता विश्वनाथ दत्त प्रतिष्ठित अधिवक्ता तथा माता भुवनेश्वरी देवी धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थीं। बाल्यकाल से ही नरेंद्र में निर्भीकता, जिज्ञासा और असाधारण बौद्धिक क्षमता के दर्शन होते थे। उन्होंने कलकत्ता विश्वविद्यालय से बी.ए. की शिक्षा प्राप्त की तथा पश्चिमी दर्शन, साहित्य और विज्ञान का गहन अध्ययन किया। स्वामी मुक्तिनाथानन्द जी ने बताया कि सन् 1881 में रामकृष्ण परमहंस से भेंट ने नरेंद्र नाथ के जीवन की दिशा बदल दी। गुरु के सान्निध्य में उन्हें आत्मज्ञान की अनुभूति हुई और उन्होंने संन्यास धारण कर 'स्वामी विवेकानंद' नाम ग्रहण किया। अल्प आयु में ही उन्होंने सांसारिक मोह त्यागकर मानव सेवा को ही जीवन का लक्ष्य बना लिया।

### शिकागो में भारत की विजयगाथा

सन् 1893 में अमेरिका के शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद में स्वामी विवेकानंद का ऐतिहासिक भाषण आज भी विश्व इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। 'सिस्टर्स एंड ब्रदर्स ऑफ अमेरिका' से आरंभ हुआ उनका संबोधन सुनते ही पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। इस एक भाषण ने भारत की आध्यात्मिक गरिमा को विश्व के समक्ष स्थापित कर दिया।

**सेवा और साधना का संगम**

स्वामी जी ने 1897 में रामकृष्ण मठ एवं रामकृष्ण मिशन की स्थापना की, जिसका मूल मंत्र था— 'नर सेवा ही नारायण सेवा'। शिक्षा, सेवा, चरित्र निर्माण और राष्ट्रनिर्माण को उन्होंने अपने मिशन का केंद्र बनाया। वेदांत और योग को पश्चिम में लोकप्रिय कर उन्होंने भारतीय संस्कृति को वैश्विक पहचान दिलाई।

**अल्पायु, अमर विचार**

4 जुलाई 1902 को मात्र 39 वर्ष की आयु में स्वामी विवेकानंद का महाप्रयाण हो गया, किंतु उनके विचार आज भी करोड़ों युवाओं को दिशा दे रहे हैं। 'उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत' का उनका उद्घोष आज भी आत्मविश्वास, साहस और राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा देता है। स्वामी विवेकानंद आज भी भारत की चेतना और आत्मबल के प्रतीक हैं। उनके विचारों को आत्मसात कर ही सशक्त, संस्कारित और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव है।

## राष्ट्रीय बैटल डांस स्पोर्ट्स प्रतियोगिता-2026 का भव्य समापन

# उत्तर प्रदेश ओवरऑल चैंपियन घोषित

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बैटल डांस स्पोर्ट्स एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय बैटल डांस स्पोर्ट्स प्रतियोगिता-2026 का भव्य समापन समारोह रविवार को संस्कृत पाठशाला महाविद्यालय, सदर बाजार, लखनऊ में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। दो दिवसीय इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों ने उत्साह, अनुशासन एवं उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अनूप गुप्ता (सदस्य विधान परिषद) रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा- 'खेल और सांस्कृतिक गतिविधियाँ युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं। बैटल डांस स्पोर्ट्स जैसी विधाएँ शारीरिक दक्षता के साथ आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करती हैं। ऐसे आयोजन प्रदेश और देश की खेल संस्कृति को नई दिशा देते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि आनंदेश्वर पाण्डेय (सेक्रेटरी, उत्तर प्रदेश ओलंपिक कमिटी) उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए आयोजन समिति को इस सफल राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए बधाई दी। इस अवसर पर डॉ. कीर्ति विक्रम सिंह (निदेशक, इग्नू) ने अपने उद्बोधन में कहा- 'खेल और संस्कृति युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं। बैटल डांस स्पोर्ट्स जैसी प्रतियोगिताएँ अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा के साथ राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देती हैं।' कार्यक्रम में अंकुर अग्रवाल (ट्रस्टी, संस्कृत पाठशाला समिति) की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही अर्जुन अवॉर्डी सुश्री रचना गोविल की विशेष उपस्थिति समारोह का प्रमुख आकर्षण रही, जिनकी मौजूदगी से खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

### परिणाम घोषणा:

समापन अवसर पर घोषित परिणामों में उत्तर प्रदेश को ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान शास्त्रीय नृत्य, मॉडर्न मिक्सर, फ्रीग्न, एक्रोयोगा सहित विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**विजेता खिलाड़ियों की सूची**

**शास्त्रीय डांस प्रतियोगिता 7 स्वर्ण पदक विजेता:** ध्वनि मिश्रा, लावण्या काबरा, शिक्षा अग्रवाल, योग्या वर्मा, सांभवी अग्रवाल, स्तुति खन्ना, स्तुति मिश्रा, प्रिशा, अविका, सताक्षी, अरुणिमा, ईशित्वा

- **मॉडर्न मिक्सर प्रतियोगिता 7 स्वर्ण पदक विजेता:** शिक्षा अग्रवाल, आयरा राठौर एवं साक्षिका पाठक
- **फ्रीग्न प्रतियोगिता:** स्वर्ण पदक विजेता: आराध्या वर्मा एवं अस्मिता सिंह
- **एक्रोयोगा प्रतियोगिता स्वर्ण पदक विजेता:** राजकुमार, राहुल, आदर्श, नुजहट, अंशिका, तन्वी, एकता, सविता
- **वेस्टर्न डांस: दिया पंत** कार्यक्रम का सफल आयोजन बैटल डांस स्पोर्ट्स एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया। आयोजन समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के. बी. पंत ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों, अभिभावकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समापन समारोह के साथ ही राष्ट्रीय बैटल डांस स्पोर्ट्स प्रतियोगिता-2026 का सफलतापूर्वक समापन हुआ, जिसने खेल, संस्कृति और युवा प्रतिभा के सशक्त समन्वय का प्रेरणादायी संदेश दिया।

## बीकेटी ब्लाक की ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन योजना ध्वस्त

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बीकेटी ब्लाक, माल ब्लाक, चिनहट ब्लाक में स्वच्छ भारत मिशन योजना ध्वस्त होती दिखाई दे रही है। इन ब्लाक क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन योजना को करारा झटका लगा है। करोड़ों रुपए खर्च करके ग्राम पंचायतों में रखे गए कूड़ेदान (डस्टबिन) अब खुद कूड़े के ढेर में तब्दील हो चुके हैं या टूटकर नष्ट हो गए हैं। स्थानीय ग्राम पंचायतों की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है, जिससे जगह-जगह गंदगी के ढेर और चोक नालियां बीमारियों को न्योता दे रही हैं। वहीं किशनपुर, रायपुर रजा, मुसपिपरी, गुलालपुर, रेवामऊ,बाहर गांव नेवादा,बगहा, करौंदी, इंदारा, कठवारा, पहाड़पुर, दौलतपुर, सुल्तानपुर, अमानीगंज, अरम्बा, मडवाना,कुराखर, बाजार गांव, लुधौरा,बदईया अन्य ग्राम पंचायतों में रखे गए ये डस्टबिन नागरिकों के लिए निष्प्रभावी साबित हुए हैं।

# सपा नेता यशवीर लोधी ने जरूरतमंदों में कंबल कियें वितरण बुजुर्गों, जरूरतमंदों के खिले चेहरे



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पी.डी.ए के जननायक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की प्रेरणा से यशवीर लोधी ने 169 विधानसभा बीकेटी क्षेत्र में बूथ स्तरीय कार्यक्रम के अंतर्गत विधवा माताओं, दिव्यांगो एवं गरीब जरूरतमंद परिवारों को कंबल वितरण किया। बता दें कि यह यह कार्यक्रम रविवार दोपहर कठवारा गांव में किया गया, जहां गांव की विधवाओं, दिव्यांगो, गरीब जरूरतमंदों को सपा नेता यशवीर लोधी ने कंबल वितरण किए। इस दौरान समाजवादी पार्टी संतोष कुमार रावत, पूर्व बी.डी.सी. राम नरेश रावत, बाबूलाल रावत,महेश ठेकेदार,संदीप रावत, परशुराम रावत,रामरतन रावत तथा बूथ प्रभारी पर्वतपुर विजय यादव, दिपेंन्द्र लोधी अन्य समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# 'केंद्र और राज्य की मतदाता सूची में अंतर से खुली सरकारों की पोल, वोट की हो रही खुलेआम लूट'

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने केंद्र और राज्य सरकार पर वोट की चोरी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की अलग-अलग मतदाता सूची इसकी पोल खोल रही है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के दबाव में काम कर रहा चुनाव आयोग वोट लूट के समीकरण को एकसमान करना भूल गया, जिससे उसकी पोल खुल गई। उन्होंने सवाल उठाया कि जब केंद्रीय चुनाव आयोग और राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से कराए गए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में मतदाताओं की संख्या अलग-अलग है, तो आखिर सही आंकड़ा कौन सा है। अखिलेश यादव ने जारी बयान में कहा कि केंद्रीय चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश विधानसभा की मतदाता सूची का एसआईआर कराया, जबकि उसी समय राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत चुनाव की मतदाता सूची का एसआईआर कराया। हैरानी की बात यह है कि दोनों ही एसआईआर एक ही स्थानों पर, एक ही बीएलओ द्वारा किए गए। उन्होंने कहा कि विधानसभा के एसआईआर के बाद पूरे प्रदेश में मतदाताओं की संख्या 2.89 करोड़ घटकर 12.56 करोड़ रह गई, जबकि पंचायत एसआईआर के बाद ग्रामीण मतदाताओं की संख्या 40 लाख बढ़कर 12.69 करोड़ हो गई। अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग से सीधा सवाल किया कि दोनों में से कौन सा एसआईआर सही है, क्योंकि दोनों आंकड़े एक साथ सही नहीं हो सकते। भाजपा राज में बेरोजगारी चरम पर अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सबसे अधिक सत्य-विरोधी पार्टी है। उन्होंने आरोप लगाया कि शासन और प्रशासन आशा बहनों को नीचा दिखाने के लिए गलत और आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल कर रहा है, जिससे उनमें आक्रोश बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब भाजपा के लोग यह कहते हैं कि आशा वर्कर अपने पतियों को बैठाकर खिलाती हैं, तो इसका सीधा अर्थ है कि भाजपा शासन में बेरोजगारी इस कदर बढ़ गई है कि आशा वर्करों के परिवारों में कोई काम करने वाला नहीं बचा।

# ऊसराहार में गूंजा विकास का हॉर्न, शिवपाल यादव ने खोला 'शौर्य स्पीड होंडा' का दरवाज़ा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ/ऊसराहार/इटावा। ग्रामीण भारत में विकास की गाड़ी अब तेज रफ्तार पकड़ चुकी है। ऊसराहार कस्बे के विधून्य रोड पर रविवार को जब 'शौर्य स्पीड होंडा' एजेंसी का उद्घाटन हुआ, तो यह सिर्फ एक शोरूम नहीं खुल बल्कि पूरे क्षेत्र के भविष्य के लिए तरक्की का नया गेट खुल गया। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं जसवंतनगर विधायक शिवपाल सिंह यादव ने जैसे ही फीता काटा, ऊसराहार, सरसईनावर और आसपास के इलाकों के युवाओं में नई उम्मीद जग उठी। ग्रामीण इलाकों में सुविधाएं पहुँचना ही असली विकास – शिवपाल यादव

### उद्घाटन के दौरान शिवपाल यादव ने दो टूक कहा

जब गांव में शहर जैसी सुविधाएं आती हैं, तभी असली तरक्की होती है। शौर्य स्पीड होंडा जैसी एजेंसियां रोजगार भी देंगी और लोगों को भटकने से भी बचाएंगी।

### अब बाइक-स्कूटी के लिए इटावा नहीं जाना पड़ेगा

अब तक ऊसराहार और आसपास के इलाकों के लोगों को वाहन खरीदने और सर्विस के लिए इटावा की दौड़ लगानी पड़ती थी। लेकिन शौर्य स्पीड होंडा के खुलने से यह मजबूरी इतिहास बन गई है। अब बाइक, स्कूटी, सर्विस, स्पेयर पार्ट्स और फाइनेंस सब कुछ एक ही छत के नीचे मिलेगा।

### उद्घाटन बना जनसैलाब

इस ऐतिहासिक मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, व्यापारी, युवा और सामाजिक कार्यकर्ता जुटे व भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी के लखनऊ मंडल मीडिया प्रभारी आशीष कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष नीरज यादव, सरोज कुमार आज़ाद और एडवोकेट आकाश सिंह की मौजूदगी ने कार्यक्रम को और वजनदार बना दिया।

### ऊसराहार को मिली नई पहचान

'शौर्य स्पीड होंडा' के साथ ऊसराहार अब सिर्फ कस्बा नहीं, बल्कि पूरे इलाके का ऑटोमोबाइल सेंटर बनने की ओर बढ़ चला है। जहां पहले धूल उड़ती थी, अब तरक्की दौड़ेगी।

**होंडा के सभी लेटेस्ट मॉडल, फाइनेंस और सर्विस की पूरी व्यवस्था**

एजेंसी संचालक सुधीर यादव ने बताया हम सिर्फ गाड़ियां नहीं बेचेंगे, हम भरोसा बेचेंगे। पारदर्शी सेवा, जेन्युइन पार्ट्स और आसान फाइनेंस यही हमारी पहचान होगी।

# केन्द्र और राज्य कर्मी पुरानी पेंशन बहाली के लिए एकमत

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ । इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 के ड्राफ्ट पर बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों के संगठनों की 12 जनवरी को केन्द्रीय विद्युत सचिव पंकज अग्रवाल से वार्ता होगी। वार्ता के बाद इस विवादित बिल पर केन्द्र सरकार का रुख देखते हुए बिजली कर्मचारियों के राष्ट्रीय फेडरेशन विचार विमर्श कर आगे की रणनीति का ऐलान करेंगे। उप्र से विद्युत अभियंता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभात सिंह और महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर भी वार्ता में सम्मिलित होंगे। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि पहले यह मीटिंग श्रम शक्ति भवन के कांफ्रेंस हाल में हाइब्रिड मोड में होनी थी जिसका तात्पर्य यह होता है कि बिजली कर्मियों और अभियंताओं के प्रमुख पदाधिकारी श्रम शक्ति भवन में जाकर मीटिंग अटेंड करते और देश के विभिन्न प्रान्तों से इंजीनियरों और बिजली कर्मचारियों के प्रांतीय पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मीटिंग में सम्मिलित होते। किन्तु भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय ने एक दिन पहले मीटिंग की व्यवस्था में परिवर्तन कर दिया है और अब कर्मचारियों और इंजीनियरों के संगठनों के सभी पदाधिकारियों को केवल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मीटिंग ज्वाइन कर अपना पक्ष रखना होगा। शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 के प्रस्तावित ड्राफ्ट के लगभग सभी बिन्दुओं पर बिजली कर्मियों का एतराज है। हमारा मानना है कि यह बिल सरकारी क्षेत्र के डिस्कॉम की कीमत पर निजी क्षेत्र को मुनाफा कमाने का मार्ग प्रशस्त करने वाला बिल है। निजी कंपनियां मुनाफा कमाने के लिए सरकारी डिस्कॉम के नेटवर्क का इस्तेमाल कर केवल व्यावसायिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं को ही बिजली आपूर्ति करेंगी, परिणामस्वरूप सरकारी क्षेत्र के डिस्कॉम आर्थिक तौर पर कंगाल हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि बिजली संविधान की समवर्ती सूची में है जिसका मतलब होता है कि बिजली के मामले में केन्द्र और राज्य सरकार का बराबर का अधिकार है। किन्तु इस बिल के जरिए केन्द्र सरकार बिजली के मामले में राज्यों की संप्रभुता का अतिक्रमण कर रही है।उन्होंने कहा कि प्रस्तावित बिल में ऐसे अनेक प्राविधान हैं जिससे बिजली की कीमत में बेतहाशा वृद्धि होगी और बिजली आम घरेलू उपभोक्ताओं,किसानों की पहुंच से दूर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि देश के सभी कर्मचारी और इंजीनियर संगठनों का मानना है कि यह बिल जनहित में नहीं है अतः पूरी तरह अस्वीकार्य है। इस बिल को वापस लिया जाय। 12 जनवरी को होने वाली वार्ता में ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे, सेक्रेटरी जनरल पी रत्नाकर राव, मुख्य संरक्षक पद्मजीत सिंह, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज के जनरल सेक्रेटरी मोहन शर्मा, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी सुदीप दत्ता, के अलावा देश के लगभग सभी प्रान्तों के बिजली इंजीनियरों और कर्मचारियों के सेवा संगठनोंध् ।

श्रम संघों के पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। उप्र में चल रही बिजली के निजीकरण की प्रक्रिया के विरोध में आज आंदोलन के 410 दिन पूरे होने पर बिजली कर्मियों ने उपभोक्ताओं, किसानों और आम लोगों के बीच व्यापक जनसंपर्क कर आंदोलन तेज करने की तैयारी की।

## बाउंड्री तोड़ने पर पुलिस से शिकायत, कार्यवाही की मांग

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट महिगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्रजभान सिंह पुत्र महेश सिंह निवासी ग्राम रायपुर बाबू थाना महिंगवा ने थाने पर बाउंड्री वॉल तोड़ने की शिकायत की है। बता दें कि लखनऊ महिगंवा थाना के अंतर्गत रविवार की रात में रायपुर बाबू गांव में जमीनी विवाद के मामले को लेकर गांव के ही दो पक्षों में विवाद हो गया। कुछ लोगों ने बृजभान सिंह की ट्रैक्टर से बाउंड्री वॉल तोड़ दी। वही विरोध करने पर उसके माता-पिता व दिव्यांग बहन को मारा पीटा, यह आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। वही महिगवां पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नव मंत्र से संवरेगा बेटियों का भविष्य

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देने के लिए बागपत में शुरू की गई ÷नव देवियों की शक्ति÷ आधारित 9 योजनाएं चर्चा में हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप तैयार यह मॉडल बेटियों के सम्मान, सुरक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता पर केंद्रित है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल की पहल पर इन कार्यक्रमों में प्रशासन और खाप पंचायतों की साझेदारी दिखाई दे रही है, जो प्रदेश में अपनी तरह का अनोखा प्रयोग है। इनका उद्देश्य बेटियों को केवल संरक्षण नहीं, बल्कि समान अवसर और सामाजिक स्वीकृति भी दिलाना है।कल्पना कीजिए, एक घर के आंगन में छोटी सी बेटी हंस रही है। पहले जो बेटी चुपचाप रहती थी, आज उसी के नाम की नेम प्लेट घर की दीवार पर चमक रही है। यह सिर्फ एक नेम प्लेट नहीं, बल्कि संदेश है कि ÷बेटी बोझ नहीं, घर की शान है।÷ यह परिवर्तन किसी जादू से नहीं आया, बल्कि नवदेवी के नौ मंत्रों से शुरू हुआ, जिन्हें बागपत ने अपनाया और उत्तर प्रदेश के लिए नजीर बना दिया। बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बताया कि निरा योजना के तहत बालिकाओं और महिलाओं को फ्री कॉटन रियूजेबल सेनेट्री पैड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ये पैड दो से ढाई साल तक इस्तेमाल किए जा सकते हैं और पूरी तरह रीसाइकिल योग्य हैं। यूपी में अपनी तरह के पहले अभियान के रूप में उन परिवारों को सम्मानित किया जा रहा है, जिनकी एक या दो बेटियां हैं।'कन्या जन्मोत्सव' की शुरुआत की जा रही है। इसके तहत नवजात के जन्म पर जन्म प्रमाण पत्र, बेबी किट, मोरिंगा सहजन का पौधा और एक सुंदर बेबी स्वैडल लपेटने का कपड़ा भेंट किया जाएगा। अस्पताल में ही नवजात बालिका को सुमंगला योजना सहित उन सभी सरकारी योजनाओं में तुरंत नामांकित किया जाएगा, जिनकी वह पात्र हैताकि परिवार के लोगों को अलग-अलग दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें।

# विकास कार्यक्रमों में लापरवाही पर सीडीओ ने की सख्त कार्रवाई जिला स्तरीय अधिकारियों का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोका गया

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



माह दिसंबर की मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से संबंधित विकास कार्यक्रमों की प्रगति में जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा अपेक्षित प्रदर्शन न किए जाने को मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह द्वारा अत्यंत गंभीरता से लिया गया है। प्रगति रिपोर्ट के अनुसार समाज कल्याण विभाग में बी एवं डी ग्रेड, पंचायती राज विभाग में सी ग्रेड, उद्योग विभाग में बी एवं डी ग्रेड, नियोजन विभाग में बी ग्रेड, महिला एवं बाल विकास विभाग में बी ग्रेड तथा मत्स्य विभाग में डी ग्रेड प्राप्त हुआ है,जो शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप नहीं पाया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा यह स्पष्ट किया गया है, कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में सम्मिलित है।तथा इसमें जनपद की रैंकिंग सीधे तौर पर विभागीय कार्यों की गुणवत्ता,लक्ष्य उपलब्धि एवं सतत अनुश्रवण को परिलक्षित करती है। इस ग्रेडिंग से यह परिलक्षित होता है,कि संबंधित कार्यक्रमों में कहीं न कहीं लक्ष्य प्राप्ति में शिथिलता, अनुश्रवण में कमी एवं विभागीय समन्वय का अभाव रहा है,जिसे किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिले के संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों का माह जनवरी 2026 का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोके जाने का निर्देश निर्गत किया गया है।यह निर्णय इस स्पष्ट निर्देश के साथ लिया गया है, कि जब तक संबंधित विभागों की ग्रेडिंग मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर ए ग्रेड में नहीं आ जाती,तब तक इन अधिकारियों का वेतन बाधित रहेगा। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा यह भी उल्लेख किया गया कि संबंधित अधिकारियों द्वारा अपने-अपने कार्यक्रमों में अपेक्षित सतर्कता, नियमित समीक्षा एवं लक्ष्य आधारित कार्य निष्पादन नहीं किया गया।जिसके परिणामस्वरूप जनपद की ग्रेडिंग प्रभावित हुई। यह कार्रवाई अधिकारियों में उत्तरदायित्वबोध सुनिश्चित करने तथा शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से की गई है। वेतन रोके जाने वाले संबंधित अधिकारियों में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या कल्याण अधिकारी,जिला कार्यक्रम अधिकारी शामिल हैं।सीडीओ द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है,कि वे अपने-अपने विभागों की कार्ययोजना पुनःतैयार कर,सूचकांकों के अनुसार बिंदुवार समीक्षा सुनिश्चित करें,फील्ड स्तर पर कार्यों की प्रगति बढ़ाएं तथा मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग को शीघ्रातिशीघ्र ए ग्रेड में लाने हेतु ठोस एवं परिणामोन्मुखी कार्यवाही करें।एवं यह भी स्पष्ट किया गया है, कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में विकास कार्यक्रमों की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्ध लक्ष्य प्राप्ति से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा भविष्य में भी लापरवाही पाए जाने पर इसी प्रकार की कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

# बाइक सवार को बचाने में तालाब में जा गिरी कार,बड़ा हादसा टला, सभी सवार सुरक्षित

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद मुख्यालय गौरीगंज के पंचवटी मैरिज लॉन के सामने उस समय अफरातफरी मच गई,जब एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सीधे तालाब में जा गिरी।गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। लकार सवार सभी लोग सुरक्षित बाहर निकाल लिए गए।प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय दुकानदारों के अनुसार सड़क पर अचानक बाइक सवार के सामने आने से कार चालक ने संतुलन खो दिया।बाइक सवार को बचाने की कोशिश में कार सड़क से फिसलते हुए तालाब में जा गिरी।घटना की जानकारी मिलते ही आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल राहत-बचाव कार्य शुरू किया और कार में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।हादसे के बाद कुछ देर के लिए मौके पर भीड़ जुट गई।स्थानीय लोगों ने बताया कि यदि कार की गति अधिक होती या तालाब में पानी का स्तर ज्यादा होता, तो हादसा गंभीर रूप ले सकता था।फिलहाल घटना में किसी के घायल होने की पुष्टि नहीं हुई है।

# एसआईआर नाम संशोधन के बहाने किशोर को अगवा किया

## टोल प्लाजा के कमरे में बनाया बंधक, छत से कूदकर बची जान

**जन एक्सप्रेस । तिलोई,अमेठी**

जनपद में एसआईआर मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण में पिता का नाम संशोधन कराने के बहाने किशोर के अपहरण के प्रयास का मामला सामने आया है। शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के पूरे बैसन मजरे जैतपुर निवासी एक किशोर को बदमाशों ने अगवा कर बाराबंकी जनपद के हैदरगढ़ क्षेत्र में बारा टोल प्लाजा के पास स्थित एक कमरे में बंधक बना लिया। मौका पाकर किशोर छत से कूदकर भाग निकला और अपनी जान बचाई।

पीड़ित के चाचा राकेश पांडेय ने बताया कि किशोर के पिता दिल्ली में निजी व्यवसाय करते हैं। बीते शनिवार दोपहर करीब 12:50 बजे दो अज्ञात युवक घर पहुंचे और एसआईआर फॉर्म अधूरा होने तथा निरस्त होने की बात कही। फॉर्म दुरुस्त कराने के लिए साथ चलने को कहा गया। घर की बेटी ने जाने से इनकार कर दिया,इसके बाद आरोपियों ने बेटे हर्ष पांडेय उर्फ कार्तिक पांडेय से बातचीत की। पिता की सहमति के बाद किशोर गांव के पास स्थित बरात घर तक उनके साथ चला गया। बारात घर पहुंचने पर आरोपियों ने फॉर्म खत्म होने की बात कहकर हैदरगढ़ में मिलने का बहाना बनाया और अपनी कार से किशोर को साथ ले गए। हैदरगढ़ के आगे बारा टोल प्लाजा के पास एक कमरे में ले जाकर दरवाजा बंद कर दिया। कुछ देर बाद एक आरोपी वहां से चला गया, जबकि दूसरा आरोपी किशोर को बंधक बनाकर कमरे में ही रुका रहा। कुछ समय बाद पेशाब जाने के बहाने किशोर छत पर पहुंचा और मौका देखकर नीचे छलांग लगा दी। वह पास की दुकानों पर पहुंचा और मौजूद दुकानदारों व लोगों को पूरी घटना बताई। साथ ही परिजनों को फोन कर सूचना दी।किशोर की सूचना पर दुकानदारों और ग्रामीणों ने कमरे में मौजूद आरोपी को पकड़ लिया।पकड़े गए युवक ने अपनी पहचान इन्हौना थाना क्षेत्र के फरीद गढ़ मजरे आजादपुर निवासी मो.नुरैन के रूप में बताई और कहा कि वह पड़ोसी के कहने पर किशोर को यहां लाकर बंधक बनाए हुए था।सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर हैदरगढ़ कोतवाली ले गई। हैदरगढ़ कोतवाल अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। मामले की गहन जांच की जा रही है।

## एआरटीओ ने बिना हेलमेट वाहन चालकों पर कसा शिकंजा

**रायबरेली** ।सड़क सुरक्षा माह में यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित कराने के लिए एआरटीओ प्रवर्तन उमेश कटियार ने शहर में सघन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग अभियान में शहर के विभिन्न स्थानों पर वाहनों की जांच की गई। यातायात नियमों का पालन न करने वाले 30 दोपहिया वाहनों का चालान किया। इस दौरान एआरटीओ ने पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान का हाल जाना। बैनरों की उपलब्धता और प्रदर्शन की भी समीक्षा की।बिना हेलमेट पहने पेट्रोल पंप पर पहुंचे दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल देने से मना कर दिया गया।वहीं बिना हेलमेट व अन्य कमियों की वजह से 30 लोगों का चालान किया गया। आमजन को जागरूक करते हुए एआरटीओ ने कहा कि हेलमेट पहनने से सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु की संभावना 50 प्रतिशत तक कम हो जाती है। दोपहिया पर केवल दो व्यक्तियों को ही सवार होने की अनुमति है। हेलमेट न पहनने पर 1000 का जुर्माना लगाया जाता है। एआरटीओ ने स्पष्ट किया कि सड़क पर चलने वाले प्रत्येक वाहन का फिट होना, बीमा और पॉल्यूशन प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।अन्यथा ऐसे वाहनों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह का उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि लोगों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करना है।

# एमएलके कॉलेज में विकसित भारत को लेकर बुद्धिजीवियों के साथ चर्चा, मांगे गए सुझाव

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में विकसित भारत 2047 का लक्ष्य 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। इसको लेकर एमएलके पीजी कॉलेज कैंपस में रविवार को मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रवि शंकर सिंह एवं विश्वविद्यालय की विकसित भारत 2047 पर बनी समिति ने प्रेस वार्ता कर समाज के बुद्धिजीवियों से सुझाव मांगे हैं ताकि उसे सुझाव के माध्यम से जिले का विकास तेजी से किया जा सके।

जानकारी के अनुसार 11 जनवरी को आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कुलपति ने कहा कि विकसित भारत 2047 का लक्ष्य सिर्फ शासन का नहीं बल्कि प्रत्येक जनमानस का होना चाहिए यह सरकारी योजना न होकर एक अभियान होना चाहिए। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले के असीम संभावनाओं को जनमानस से सुझाव के रूप में लेकर उसका क्रियान्वयन करना है ताकि जिला विकास की ओर आगे बढ़ेगा । जब जिला विकसित होगा तो प्रदेश और देश तरक्की के साथ विकसित भारत 2047 का लक्ष्य हासिल करने में देर नहीं लगेगी। कुलपति ने प्रेस वार्ता के दौरान विश्वविद्यालय से बनी हुई विकसित भारत 2047 की समिति से अलग-अलग क्षेत्र में विकास की संभावनाओं के सुझाव मांगे हैं । इसमें बलरामपुर जिले में प्रमुख सेक्टर कृषि एवं संबंध सेक्टर पशुधन संरक्षण अवस्थापना शामिल है । इस पर समिति को कार्य करते हुए सुझाव देना है यह सुझाव विश्वविद्यालय से गठित समिति को लिखित तौर पर पत्राचार माध्यम से भी दिया जा सकता है जो सुझाव समाज के बुद्धिजीवियों से मिलेगा उसे पर विचार जरूर होगा कोई भी सुझाव अछूता नहीं रहेगा। समिति अध्यक्ष महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडेय को बनाया गया है। संयोजक सहायक महाप्रबंधक तुलसीपुर चीनी मिल के आशीष प्रताप सिंह को बनाया गया है। सदस्य के रूप में बलरामपुर चीनी मिल अधिशासी अध्यक्ष के के बाजपेई, उद्योगपति सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम वर्मा, उद्योगपति प्रभातेन्द्र केसरवानी, गन्ना किसान सतीश चंद्र पांडेय, थारू नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता मनोहर लाल थारू शामिल हैं। इन सभी को अपने-अपने क्षेत्र से विकास की संभावनाएं एवं समस्याओं पर सुझाव मांगे गए हैं यह अपने क्षेत्र से जुड़ी हुई समस्या एवं असीम संभावनाओं पर सुझाव देंगे । समिति से मिले सुझाव को शासन स्तर पर रखकर उसका क्रियान्वयन किया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलसचिव परमानंद सिंह ने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्रेस वार्ता के दौरान साझा किया । इस दौरान महाविद्यालय के प्रोफेसर श्री प्रकाश मिश्रा विश्वविद्यालय के समिति पदाधिकारी एवं विश्वविद्यालय वित्त समिति सदस्य सर्वेश सिंह, बीसीएम यूनिट तुलसीपुर सहायक महाप्रबंधक आशीष सिंह, महाविद्यालय प्रोफेसर पी के सिंह, प्रो0 रेखा विश्वकर्मा, डॉ सुनील शुक्ला सहित अन्य प्रोफेसर ने भी अपने विचार व सुझाव समिति को दिया।

## रायबरेली में पानी नहीं, ज़हर आ रहा! नलों से निकल रहे कीड़े

महराजगंज नगर पंचायत के पैगम्बर नगर वार्ड व आर्य नगर वार्ड में इन दिनों दूषित पेयजल आपूर्ति ने नगरवासियों की चिंता बढ़ा दी है.सप्लाई के पानी में गंदगी के साथ-साथ कीड़े निकलने की शिकायत सामने आने के बाद लोगों में हड़कंप मच गया है.इस गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है और जनस्वास्थ्य पर बड़ा खतरा मंडराने लगा है. पैगम्बर नगर वार्ड निवासी रेशमा बानो, शुभम व सभासद पति अलीम कुरैशी समेत कई नागरिकों का कहना है करीब एक माह से सप्लाई में आने वाला पानी पीने योग्य नही है.मजबूरी में लोग बदबूदार पानी का उपयोग करने को विवश हैं.बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं में बीमारियों का खतरा बढ़ गया है.कई परिवारों ने पानी उबालकर इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है, जबकि कुछ लोग बाहर से पानी लाने को मजबूर हैं. महराजगंज ईओ रामाशीष वर्मा ने बताया कि पाइप लाइन लीकेज की वजह से दूषित पानी आने की सूचना मिली है।

# अवैध रूप से काटे गए आम की लकड़ी को एसएसबी ने किया बरामद

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के इंडो नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल नवीं वाहिनी ने वन विभाग के साथ मिलकर शनिवार को सीमावर्ती क्षेत्र में अवैध रूप से काटी गई आम की लकड़ी बरामद किया है ।

जानकारी के अनुसार 10 जनवरी 2026 को 09 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बलरामपुर ने अवैध वृक्ष कटाई पर कड़ी कार्यवाही करते हुए सफलता प्राप्त किया । दिनांक 10 जनवरी 2026 को गुप्त सोर्स से प्राप्त सूचना के आधार पर, सीमा चौकी गंदेलानाका (ए कम्पनी डगमरा) के कार्य क्षेत्र में ग्राम हिंडौली खुर्द (अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगभग 14 किलोमीटर दूर) में अवैध रूप से आम का पेड़ काटे जाने की जानकारी मिली। सूचना का तत्काल सत्यापन कर सही पाए जाने पर बनकटवा वन विभाग को सूचित किया गया। कंपनी से क्विक रिएक्शन टीम (त्त्ऋ्ञ्) तथा वन विभाग के कार्मिक संयुक्त रूप से ग्राम हिंडौली खुर्द पहुंचे, जहां 02 आम के पेड़ काटे हुए अवस्था में मिले। नजदीकी ग्रामीणों से पूछताछ में किसी ने घटना की जानकारी नहीं दी।तत्पश्चात, 02 आम के पेड़ों से प्राप्त 11.31 घन मीटर लकड़ी को जब्त किया गया। अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध ग्रामीण वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1976 सहित अन्य सुसंगत धाराओं के तहत थाना बनकटवा मे मुकदमा दर्ज कराया गया है। सशस्त्र सीमा बल सीमा क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण एवं वन्य संपदा की रक्षा के प्रति कटिबद्ध है तथा ऐसी अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी बनाए रखेगा। एसएसबी द्वारा नागरिकों से अपील किया गया कि ऐसी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल एसएसबी को दें।

## रायबरेली में रहस्यमयी मौत: एक्सप्रेस-वे किनारे मिला दिहाड़ी मजदूर का शव

**रायबरेली।** यूपी के रायबरेली जिले के जगतपुर थाना क्षेत्र में लखनऊ-प्रयागराज बाईपास स्थित जिगना गांव के पास गंगा एक्सप्रेसवे पर पेंटिंग का कार्य कर रहे एक दिहाड़ी मजदूर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. जानकारी के अनुसार, सड़क किनारे युवक का शव पड़ा देख राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी.मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की.मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान थाना लालगंज अझारा, जनपद प्रतापगढ़ के अलीपुर मजरे हरिहरपुर निवासी पंचम लाल के 25 वर्षीय पुत्र विनोद पटेल के रूप में हुई। शव से लगभग 10 मीटर की दूरी पर उसकी बाइक खड़ी मिली। बताया गया कि विनोद कुमार गंगा एक्सप्रेसवे पर दैनिक मजदूरी पर पेंटिंग का कार्य कर रहा था।

# अहोरवा भवानी में अधिवक्ताओं संग बैठक, महामंत्री पद के संभावित प्रत्याशी ने रखे विचार

**जन एक्सप्रेस । तिलोई, अमेठी**



सेंट्रल बार एसोसिएशन के आगामी निर्वाचन वर्ष 2026-27 को लेकर अधिवक्ताओं के बीच सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में महामंत्री पद के संभावित प्रत्याशी संजीव कुमार शुक्ल ने जनपद में अहोरवा भवानी स्थित एक रेस्टोरेंट में अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर अपने विचार साझा किए।बैठक के दौरान संजीव कुमार शुक्ल ने अधिवक्ताओं की समस्याओं, आवश्यकताओं और हितों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि यदि अधिवक्ताओं का सहयोग और समर्थन मिला तो बार एसोसिएशन को और अधिक सशक्त, पारदर्शी एवं अधिवक्ता हितैषी बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने संगठन में एकजुटता और सक्रिय सहभागिता को समय की आवश्यकता बताया। बैठक में मौजूद अधिवक्ताओं ने भी अपने-अपने सुझाव रखे और बार से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर खुलकर चर्चा की। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जहां संगठनात्मक मजबूती और अधिवक्ताओं के अधिकारों की रक्षा पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता दयाराम अवस्थी, घनश्याम तिवारी, जयप्रकाश पांडेय, श्याम मूर्ति यादव संजू बाजपेई, जयंत मिश्रा, रत्नाकर पांडेय सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# डीएम ने आलेख्य मतदाता सूची के वाचन का लिया जायजा

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की आलेख्य मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की प्रक्रिया के तहत रविवार को जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा आलेख्य मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया गया, जिसका उपस्थित नागरिकों द्वारा अवलोकन किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी विपिन कुमार जैन द्वारा विधानसभा बलरामपुर के अंतर्गत स्थित मतदेय स्थल एमपीपी इंटर कॉलेज, डीएवी इंटर कॉलेज तथा एमएलके पीजी कॉलेज में पहुंचकर आलेख्य मतदाता सूची के वाचन का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बीएलओ से संवाद करते हुए निर्देशित किया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए दावे-आपत्तियों की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से भी वार्ता कर कहा कि प्रत्येक मतदाता मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें, तथा किसी प्रकार की त्रुटि/आपत्ति होने पर निर्धारित समयसीमा में दावा-आपत्ति दर्ज कराएं, ताकि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाया जा सके।

इस दौरान सभी मतदेय स्थलों पर बीएलओ के पास दावा-आपत्ति से संबंधित आवश्यक आवेदन पत्र फॉर्म-06, फॉर्म-07 एवं फॉर्म-08 उपलब्ध रहे, जिन्हें आवश्यकतानुसार नागरिकों को उपलब्ध कराते हुए भरने में भी सहयोग किया गया।

## मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा मनरेगा को समाप्त किए जाने के षड्यंत्र का विरोध

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा मनरेगा को समाप्त किए जाने के षड्यंत्र के विरोध में हाथी पार्क स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति के नीचे कांग्रेस जनों ने एक दिवसीय उपवास रखकर विरोध प्रदर्शन किया, कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने कहा कि आरएसएस और भाजपा महात्मा गांधी जी का नाम देश के इतिहास से मिटाना चाह रही है,देश की जनता को धार्मिक उन्माद में उलझा कर जनता की हितकारी योजनाओं को समाप्त किया जा रहा है मनरेगा से छेड़छाड़ कर इसकी मूल आत्मा को ही केंद्र की मोदी सरकार समाप्त कर रही है, मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम के जिला कोऑर्डिनेटर उमेश बहादुर सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में मनरेगा जीवन यापन करने का प्रमुख साधन है कांग्रेस पार्टी ग्रामीणों की इस योजना को बर्बाद नहीं होने देगी। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि मनरेगा योजना का सबसे ज्यादा लाभ ग्रामीण महिलाओं को मिलता है जो अपने गांव में ही रहकर इस योजना का लाभ ले रही थी।

# पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के शुभारंभ अवसर पर निकाली गई कलश यात्रा

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के विकासखंड सदर क्षेत्र के ग्राम दुल्हापुर में रविवार को मंगल कलश यात्रा के साथ पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ पूजन अर्चन के साथ किया गया।

जानकारी के अनुसार 11 जनवरी को माता भगवती देवी शर्मा जी की जन्म शताब्दी एवं अखंड दीप प्राकट्य शताब्दी वर्ष 2026 के पावन अवसर पर देशभर में यज्ञ, संस्कार एवं गायत्री परिवार के विचारों के माध्यम से जन-जन को जागरूक किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में बलरामपुर में 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की भव्य सफलता के पश्चात ग्राम पंचायत अमरहवा स्थित, ग्राम दुल्हापुर में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं संगीतात्मक प्रवचन कथा का आयोजन 11 जनवरी से 13 जनवरी 2026 तक किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पावन कलश यात्रा निकाली गई, जिसके माध्यम से आसपास के ग्रामीणों को अखिल विश्व गायत्री परिवार के उद्देश्यों, सामाजिक समरसता एवं आदर्श पारिवारिक जीवन के संदेश से जागरूक किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महिला मंडल की टीम द्वारा प्रज्ञा गीत ÷माता वंदना माता तेरे चरणों मेंज के सुमधुर गायन से हुआ। इसके पश्चात प्रतिभावान बालक नमो कश्यप द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत ÷जहां डाल-डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा÷ ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के आयोजन में आयोजन समिति के लक्ष्मण प्रसाद, जानकी आदि की महती भूमिका रही।

उक्त आयोजन अखिल भारतीय विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में तथा प्रज्ञा पीठ कलवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है। कार्यक्रम में मंदिर परिब्राजक शिवकुमार सिंह, राजकरन, सुरेश कुमार वर्मा, सुनील कुमार वर्मा, कृष्ण कुमार कश्यप, लोकेश श्रीवास्तव सहित महिला मंडल की सदस्य रामदुलारी, चेतन कुंडू, पूनम श्रीवास्तव, प्रीति कश्यप, अर्चना श्रीवास्तव एवं अन्य कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## अंतर्जनपदीय स्थानांतरण से वंचित बेसिक शिक्षकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**रायबरेली।** भारांक नीति के चलते अंतर्जनपदीय स्थानांतरण न होने से जनपद रायबरेली में कार्यरत शिक्षकों ने विधायक विनोद चतुर्वेदी को मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा । विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि शिक्षकों ने वरिष्ठता आधारित अंतर्जनपदीय स्थानांतरण नीति लाने हेतु ज्ञापन सौंपा है जिसको मुख्यमंत्री जी को प्रेषित किया जाएगा और शिक्षकों की यथासम्भव मदद की जाएगी । शिक्षक नेता अनुराग द्विवेदी ने बताया कि हम सभी शिक्षक 10 वर्षों से जनपद रायबरेली में अपनी सेवाएं दे रहे है और इस दौरान कई बार अंतर्जनपदीय स्थानांतरण की नीति आयी लेकिन भारांक नीति के कारण जो सेवा में वरिष्ठ शिक्षक है वो स्थानांतरण से वंचित रह जाते है और सेवा में कनिष्ठ शिक्षक इस नीति का लाभ लेकर अपने ग्रह जनपदों में स्थानांतरित हो जाते है । उन्होंने आगे कहा कि हमारी मुख्यमंत्री जी से यही मांग है कि अंतर्जनपदीय स्थानांतरण से भारांक नीति को समाप्त कर बेसिक शिक्षा नियमावली 1981 के नियम 22 के अनुसार वरिष्ठता आधारित अंतर्जनपदीय स्थानांतरण प्रतिवर्ष करने की कृपा करें।

## 5 करोड़ एलिमनी रूमर्स पर

# माही विज

## ने ट्रोलर्स को दिया मुंहतोड़ जवाब, बोलीं - ऐसा नहीं कि बच्चे अनाथ हो गए



टेलीविजन के फेमस कपल जय भानुशाली और माही विज की शादी टूट गई है. दोनों ने बीते 4 जनवरी को अपने 14 साल के रिश्ते को खत्म का फैसला लिया. साथ ही, एक पोस्ट के जरिए बताया कि दोनों मिलकर तीनों बच्चों को पालेंगे. हालांकि, जब से माही और जय का तलाक हुआ है, तभी से तमाम तरह की रूमर्स फैल रहे हैं. ऐसी नेगेटिव खबरें फैल रही हैं कि माही ने एलिमनी की डिंमाड की है. इन सभी अफवाहों पर अब माही विज का रिएक्शन सामने आया है.तलाक के ज्वाइंट स्टेटमेंट के बाद भी दोनों के फैसले, एलिमनी और बच्चों को लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं. माही विज ने अपने हालिया यूट्यूब व्लॉग में इन सभी सवालों के जवाब दिए हैं और जो लोग 5 करोड़ एलिमनी की अफवाहें उड़ा रहे हैं, उन्हें भी करारा जवाब दिया है.

**5 करोड़ एलिमनी पर माही विज का जवाब**

यूट्यूब वीडियो में माही ने उन अफवाहों पर बात की, जिनमें कहा जा रहा था कि वो एलिमनी के तौर पर 5 करोड़ रुपये ले रही हैं और कहा, अभी मैं इंस्टाग्राम पर बहुत से लोगों को देख




रही हूं. आधी-अधूरी जानकारी के साथ काम मत करो. मैं ऐसी बातें पढ़ रही हूं कि 'माही ने एलिमनी में 5 करोड़ रुपये लिए.' लोग सिर्फ लाइक्स और कमेंट्स के लिए पुराने वीडियो निकाल रहे हैं. ये बहुत दुख की बात है.इसके अलावा, ट्रोलर्स को जवाब देते हुए माही विज ने कहा, तलाक के बावजूद मैं और जय हमेशा दोस्त रहेंगे. हम दोनों अपने बच्चों की बराबर जिम्मेदारी लेंगे और उन्हें पूरा प्यार देंगे. और ऐसा नहीं है कि बच्चे बिल्कुल अनाथ हो गए या सड़क पर आ गए हैं. ऐसा कुछ नहीं है...

**कोई भी तलाक से गुजरना नहीं चाहता...**

माही विज ने आगे कहा, मुझे लगता है कि मेरे बच्चे जय और मुझ पर गर्व करेंगे कि ये ठीक है, मम्मी और पापा ने तय किया कि वो साथ नहीं रहना चाहते, लेकिन उन्होंने ये इज्जत के साथ किया है. कोई भी तलाक से गुजरना पसंद नहीं करता. यहां कोई ड्रामा नहीं है. लोग कह रहे हैं कि ये इस इंडस्ट्री में मजाक बन गया है. नहीं, ये हमारी इंडस्ट्री में मजाक नहीं बना है. तलाक बाहर भी हो रहे हैं, वो हर जगह हो रहे हैं. कम से कम हमने इसे बेहतर तरीके से संभाला.

## महिला प्रीमियर लीग की ओपनिंग सेरेमनी में हनी

# जैकलीन फर्नांडीज

## ने बांधा समा, झूम उठी पब्लिक



हिला प्रीमियर लीग 2026 की ओपनिंग सेरेमनी की धमाकेदार शुरुआत हो चुकी है. महिला प्रीमियर लीग यानी WPL 2026 का चौथा सीजन नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में एक यादगार ओपनिंग सेरेमनी के साथ शुरू हुआ, जिसमें अपनी सिंगिंग से चार चांद लगाया पंजाबी सिंगर और रैप आर्टिस्ट यो यो हनी सिंह ने. हनी ने न सिर्फ परफॉर्म किया, बल्कि शाम में समा बांध दिया.

सिर्फ हनी सिंह, बल्कि मिस यूनिवर्स 2021 हरनाज संधू, एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीज ने भी अपनी परफॉर्मेंस से सभी का दिल जीत लिया. मिसयूनिवर्स2021हरनाजसंधूनेसेरेमनी की शुरुआत की, इसके बाद बॉलीवुड की खूबसूरत एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीज ने अपनी एनर्जेटिक डांस परफॉर्मेंस से स्टेज पर आग लगा दी. फिर हनी सिंह ने धमाकेदार परफॉर्मेंस के साथ सेरेमनी का अंत किया.




**नी सिंह ने बांधा समा**

नी, हरनाज और जैकलीन को एक साथ देखना फैंस के लिए किसी सपने से कम नहीं था. हनी अपने कमबैक के बाद से ही खबरों में रहते हैं. वो जब भी स्टेज पर आते हैं, तो आग लगा देते हैं. इस सेरेमनी में भी हनी ने कमाल का परफॉर्मेंस दिया. उनके गानों पर जनता नाच उठी. न सिर्फ स्टेडियम में मौजूद फैंस, बल्कि वहां मौजूद खिलाड़ी भी डांस करने से खुद को रोक नहीं पाए.

**जैकलीन की इलेक्ट्रिफाइंग परफॉर्मेंस**

हनी ने अपना गाना 'बिलियनएयर' गाया तो फैंस का क्रेज देखने वाला था. इसी बीच हनी डगआउट में चले गए और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की कप्तान स्मृति मंधाना और मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर के बीच में बैठकर गाने लगे, जिसका वीडियो जमकर वायरल हो रहा है. वहीं जैकलीन और हरनाज ने भी अपनी परफॉर्मेंस से सभी का दिल जीत लिया. जैकलीन ने कई गानों के मैशअप पर एक इलेक्ट्रिफाइंग परफॉर्मेंस दी. उन्होंने एक ग्लिटरी शॉर्ट ड्रेस पहनी थी, जिसके साथ उन्होंने बूट्स को पेयर किया था.

## 'नागजिला' में खूंखार विलेन बनेंगे भोजपुरी सुपरस्टार, कार्तिक आर्यन को देंगे कड़ी टक्कर




कार्तिक आर्यन आखिरी बार 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' में नजर आए थे. हालांकि, ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई और अपना बजट तक नहीं निकाल पाई. इस फिल्म के बाद अब कार्तिक अपनी अगली फिल्म की तैयारियों में जुट गए हैं. 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' के बाद से ही कार्तिक आर्यन की अपकमिंग फिल्म 'नागजिला' को लेकर चर्चा शुरू हो गई थी. इस फिल्म को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन इसमें विलेन कौन होगा, इसका खुलासा हो गया है.

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो कार्तिक आर्यन की 'नागजिला' में जिस स्टार की एंट्री हुई है, वो कोई और नहीं बल्कि रवि किशन हैं. भोजपुरी स्टार और बॉलीवुड एक्टर रवि किशन 'नागजिला' में कार्तिक आर्यन के अपोजिट एक विलेन का रोल निभाते हुए नजर आएंगे. ऐसे में ये पहली फिल्म होगी जब कार्तिक आर्यन और रवि किशन आमने-सामने होंगे.

**नागजिला में विलेन बनेंगे रवि किशन**

बॉलीवुड हंगामा ने अपनी एक रिपोर्ट में सोर्स के हवाले से बताया कि कार्तिक आर्यन का किरदार फिल्म में जितना अहम है, उतना ही विलेन का किरदार भी है. मेकर्स को रवि किशन इस रोल के लिए एकदम सही लग रहे हैं. वो हमेशा से एक बेहतरीन एक्टर रहे हैं और हाल ही में 'लापता लेडीज' (2024), 'मामला लीगल है' (2024), 'सन ऑफ सरदार 2' (2025) जैसी फिल्मों में अपनी परफॉर्मेंस से उन्होंने अपनी काबिलियत साबित की है. रवि इस फिल्म का हिस्सा बनने के लिए काफी एक्साइटेड हैं.यह भी पढ़ें इधर तू मेरी मैं तेरा हुई धड़ाम, उधर कार्तिक आर्यन की ये बड़ी फिल्म पोस्टपोन हो गई?

**नाग बनेंगे कार्तिक आर्यन**

'नागजिला' में कार्तिक आर्यन एक रूप बदलने वाले नाग का रोल निभा रहे हैं. फिल्म की अनाउंसमेंट पिछले साल हुई थी और इसे 14 अगस्त को रिलीज करने की प्लानिंग थी. हालांकि, अब इस साल के आखिर में इस फिल्म के रिलीज होने की उम्मीद है. फिल्म की शूटिंग कुछ महीनों में पूरी होने की उम्मीद है. इसके अलावा, ये एक ऐसी फिल्म है, जिसमें बहुत ज्यादा VFX का इस्तेमाल हुआ है. इसलिए पोस्ट-प्रोडक्शन में काफी समय लगेगा.

## धर्मेंद्र को याद करते हुए इमोशनल हुए जयदीप अहलावत, खुद को बताया लकी




जयदीप अहलावत हिंदी फिल्मों और वेब सीरीज में अपने दमदार किरदारों के लिए जाने जाते हैं. 'गैंग्स ऑफ वासेपुर', 'राजी', 'रईस' और 'पाताल लोक' में उनकी एक्टिंग दर्शकों को काफी पसंद आई. हालही में उन्हें वॉर ड्रामा फिल्म 'इक्कीस' में देखा गया, जिसमें वो एक अहम किरदार निभा रहे हैं. ये अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की सिल्वर स्क्रीन डेब्यू फिल्म है. इसे दर्शकों से बहुत प्यार मिलता नजर आ रहा है.इसके साथ ही 'इक्कीस' बॉलीवुड एक्शन किंग धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म है. जयदीप अहलावत ने फिल्म के बारे में बात करते हुए सेट के कुछ किस्से शेयर किए, जिसमें उन्होंने धर्मेंद्र के साथ काम करने के अपने एक्सपीरियंस के बारे में बताया है.

**धर्मेंद्र को याद कर बोले जयदीप अहलावत**

मीडिया से बातचीत में जयदीप अहलावत ने धर्मेंद्र के बारे में बात करते हुए कहा मुझे लगता है कि पूरे देश में, सभी सिनेमा लवर्स में से कोई भी ऐसा नहीं था जिसे उनके जाने का दुख न हुआ हो.आगे उन्होंने कहा इक्कीस का प्रमोशन करते हुए मुझे एक खालीपन महसूस हो रहा है. काश वो सारे प्रमोशन में वहां होते. वो हमारे साथ फिल्म देखते और अपना काम भी देखते.

धर्मेंद्र के साथ काम करने के अपने एक्सपीरिएंस पर बात करते हुए उन्होंने कहा इस तरह के प्रोजेक्ट में लेजेंड के साथ काम करने पर मैं खुद को लकी मानता हूं. मुझे उनके साथ काम करते हुए बहुत मजा आया. ऐसा कभी महसूस नहीं हुआ कि एक ग्रेट लेजेंड के साथ काम कर रहा हूं. वो फैमिली जैसा महसूस कराते थे. वो फिल्म की शूटिंग के दौरान सेट पर जोक्स क्रैक करते रहते थे. उनके साथ काम कर मुझे बहुत अच्छा लगा. एक्टर धर्मेंद्र का निधन 24 नवंबर 2025 को हुआ था और ये फिल्म 1 जनवरी 2026 हुई थी.

**इक्कीस का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन**

'इक्कीस' के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो दुनियाभर में ये फिल्म 32.65 करोड़ रुपये की कमाई कर चुकी है. फिल्म में अगस्त्य नन्द और धर्मेंद्र के अलावा जयदीप अहलावत, सिमर भाटिया जैसे कई और सितारें शामिल हैं.

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# नशे में डूबा जश्न और होश में डूबे मातम

**यहीं परिवारों की भूमिका सबसे अहम हो जाती है। बुराइयों से बचाने में परिवार ही पहली जिम्मेदारी निभाता है। अगर घर में खुलकर संवाद हो, अगर बच्चों को यह समझाया जाए कि नशा आधुनिकता नहीं, बल्कि विनाश है, तो शायद कई फैसले बदल सकते हैं। सिर्फ़ पढ़ाई और करियर पर ध्यान देना काफी नहीं; जीवन मूल्यों की शिक्षा उससे भी ज़्यादा ज़रूरी है। माता-पिता का व्यवहार, उनकी आदतें और उनका दृष्टिकोण बच्चों की सोच की नींव बनता है। अगर घर में ही नियमों को हल्के में लिया जाएगा, तो बाहर उनसे पालन की उम्मीद खोखली रह जाएगी।**

*घड़ी में अभी पाँच बजने में कुछ ही मिनट बाकी थे। वह खामोश, धोखेबाज़ वक्त–रात और सुबह के बीच का–जब शरीर थक चुका होता है, दिमाग़ सुन्न पड़ जाता है और इंसान खुद को सबसे ज़्यादा अजेय समझ बैठता है। तभी अचानक एक तेज़ धमाका हुआ। सड़क पर नहीं, सीधे समाज की चेतना पर। वह टक्कर सिर्फ़ वाहन और वाहन के बीच नहीं थी; यह ज़िंदगी और लापरवाही के बीच हुई निर्मम भिड़ंत थी। इंदौर शहर में 09 जनवरी की वह सुबह तीन परिवारों के लिए कभी खत्म न होने वाली रात बन गई। तीन ज़िंदगियाँ वहीं थम गईं, और एक ज़िंदगी आज भी अस्पताल के बिस्तर पर मौत से जूझ रही है। पुलिस की बताई कहानी इस त्रासदी को और भी निर्मम बना देती है। दो युवक और दो युवतियाँ, जिनमें से एक का जन्मदिन था, रात भर जश्न में डूबे रहे। शराब की बोतलें, डिस्पोज़ेबल गिलास और देर रात तक चलने वाला उत्सव–सब कुछ उस कार के भीतर मौजूद था, जो अलसुबह तेज़ रफ्तार में आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। यह महज़ एक 'गलत मोड़' नहीं था; यह नशे, थकान और गैर-जिम्मेदारी का निर्मम परिणाम था। जब नशा दिमाग़ पर हावी हो जाता है, तब ब्रेक नहीं, विवेक फेल होता है। और उसी फेल विवेक की कीमत इंसान को जान देकर चुकानी पड़ती है। हम ऐसी घटनाओं को अक्सर 'दुर्घटना' कहकर खुद को तसल्ली दे लेते हैं। यह शब्द हमें बच निकलने का भ्रम देता है। लेकिन सच्चाई यह है कि यह कोई अचानक टूटी हुई किस्मत नहीं थी, बल्कि धीरे-धीरे बुनी गई लापरवाही की चादर थी। देर रात तक शराब पीना, नींद की अनदेखी करना, तेज़ रफ्तार को रोमांच समझना, और यह मान लेना कि 'कुछ नहीं होगा '–ये सभी सोच-समझकर लिए गए फैसले थे। और फैसलों के परिणाम होते हैं। यहाँ परिणाम इतना भयावह था कि तीन सांसें हमेशा के लिए थम गईं। आज का समाज युवाओं की आज़ादी पर गर्व करता है, लेकिन जिम्मेदारी की बात आते ही चुप हो जाता है। जश्न मनाना गुनाह नहीं है; जन्मदिन खुशी का मौका होता है। लेकिन जब खुशी विवेक को कुचल देती है, तब वह उत्सव नहीं, बल्कि आत्मघात बन जाता है। शराब पीकर गाड़ी चलाना सिर्फ़ कानून तोड़ना नहीं है; यह दूसरों की जान को दांव पर लगाना है। और यह सोचना कि 'मैं संभाल लूंगा' नशे का सबसे बड़ा झूठ है। तेज़ रफ्तार को आज भी ताक़त और स्टेटस का प्रतीक माना जाता है। खाली सड़कें युवाओं को चुनौती देती हैं, और नशे में डूबा दिमाग़ उस चुनौती को स्वीकार कर लेता है। लेकिन सड़क किसी को माफ़ नहीं करती। खड़ा ट्रक कोई अचानक उभरी बाधा नहीं था–वह वहीं था, साफ़ और अडिग। जो नहीं था, वह था नियंत्रण, सजगता और समझ। नशा सिर्फ़ आँखों की रोशनी नहीं छीनता; वह निर्णय लेने की क्षमता भी तबाह कर देता है। यही वजह है कि ऐसे हादसों में पछतावे का मौका तक नहीं मिलता। इस त्रासदी का सबसे दर्दनाक पहलू यह है कि इसकी कीमत सिर्फ़ उन चार लोगों ने नहीं चुकाई। इसकी कीमत उनके माता-पिता चुका रहे हैं, जिनके सपने ताबूत में बंद हो गए। इसकी कीमत वह घर चुका रहा है, जहाँ अब जन्मदिन की तारीख़ मातम की तारीख़ बन गई है। एक मां का सवाल– 'मैंने उसे रोका क्यों नहीं?' और एक पिता की चुप्पी– 'मैंने उसे समझाया क्यों नहीं? '–इन सवालों का कोई जवाब नहीं होता।*

### एक्सप्रेस आलेख


**भारत की एआई रणनीति की सबसे बड़ी ताकत उसका स्थानीय दृष्टिकोण है। भारतीय भाषाओं, सांस्कृतिक संदर्भों और सामाजिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित किए जा रहे एआई मॉडल देश को तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बना रहे हैं। BharatGen जैसे प्रयास यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि भारतीय डेटा और भाषाओं पर आधारित मॉडल भारत की अपनी जरूरतों को पूरा करें। भारतीय एआई स्टार्टअप्स की कहानी तकनीक से कहीं आगे की कहानी है। यह कहानी आत्मनिर्भर भारत, युवा भारत और नवाचारी भारत की कहानी है। यह उन उद्यमियों की कहानी है जो भारतीय संदर्भ में वैश्विक समाधान गढ़ रहे हैं।**

# एआई में नवाचार से नेतृत्व की ओर बढ़ता भारत



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

> भविष्य की तकनीक को अपनाने से पहले उसे समझता है और फिर अपने मूल्यों के साथ आगे बढ़ाता है। वस्तुतः आज जब भारत एआई की बात करता है, तब वह सिर्फ एल्गोरिदम और डेटा की चर्चा नहीं करता। वह समाज, समावेशन और विश्वास की बात करता है। यही सोच भारत को आने वाले समय में एक वैश्विक एआई शक्ति के रूप में स्थापित करेगी और यही सोच हर भारतीय को गर्व से भरने का कारण बनेगी।




वर्ष 2026 के आरंभ में भारत एक ऐसे निर्णायक दौर में प्रवेश कर चुका है, जहाँ कृत्रिम बुद्धिमत्ता देश की तकनीकी दिशा तय करने वाला प्रमुख आधार बन रही है। यह परिवर्तन किसी एक नीति, संस्था या कंपनी का परिणाम नहीं है। यह भारत की सामूहिक बौद्धिक शक्ति, युवाओं की उद्यमशील सोच और एक स्पष्ट राष्ट्रीय दृष्टि का परिणाम है। जिस वैश्विक एआई प्रतिस्पर्धा में भारत कुछ वर्ष पहले तक दर्शक की भूमिका में माना जाता था, उसी मंच पर आज वह अग्रणी दावेदार के रूप में उभर रहा है। वस्तुतः स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी रिपोर्ट में भारत का सातवें स्थान से सीधे तीसरे स्थान पर पहुँचना इस बदलाव का ठोस प्रमाण है। अमेरिका और चीन के बाद भारत का नाम आना यह दर्शाता है कि भारतीय प्रतिभा, स्टार्टअप संस्कृति और तकनीकी सोच अब वैश्विक स्तर पर गंभीरता से ली जा रही है।

### वैश्विक परिदृश्य में भारत की पहचान

आज हम इस सत्य को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका और चीन के पास विशाल संसाधन और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर है। इसके बावजूद भारत ने अपनी अलग पहचान बनाई है। भारतीय एआई इकोसिस्टम की खासियत उसकी समस्या-समाधान आधारित सोच और बड़े पैमाने पर लागू करने की क्षमता है। स्टार्टअप फंडिंग में भारत का वैश्विक टॉप-5 में आना और एआई पब्लिकेशंस में लगातार बढ़ोतरी इस बात का संकेत है कि भारत ज्ञान और नवाचार दोनों में आगे बढ़ रहा है। देखा जाए तो एक तरह से Microsoft, Google, Amazon और Accel जैसी वैश्विक कंपनियों का भारतीय एआई स्टार्टअप्स में निवेश इस भरोसे को दर्शाता है कि आने वाले वर्षों में भारत एआई के क्षेत्र में निर्णायक भूमिका निभाएगा।

### स्टार्टअप्स से सशक्त होता भारत

आज भारत में 150 से अधिक जेनरेटिव एआई स्टार्टअप्स सक्रिय हैं। इन स्टार्टअप्स ने वर्ष 2020 के बाद से 1.5 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश आकर्षित किया है। यह आँकड़ा एक स्थायी तकनीकी बदलाव की ओर इशारा करता है। भारत के एआई स्टार्टअप्स शिक्षा, स्वास्थ्य, भाषा, कृषि, ई-कॉमर्स, गेमिंग, मीडिया और औद्योगिक विश्लेषण जैसे क्षेत्रों में गहराई से काम कर रहे हैं। Sarvam AI भारतीय भाषाओं के लिए बड़े भाषा मॉडल विकसित कर रहा है, जिससे एआई तकनीक आम नागरिक की पहुँच में आ सके। Gnani.ai और Soket AI वॉयस टेक्नोलॉजी के माध्यम से डिजिटल सेवाओं को सरल और स्वाभाविक बना रहे हैं। Avataar.ai और Gan AI जनरेटिव एआई के ज़रिये डिजिटल कंटेंट और वर्चुअल अनुभवों को नए आयाम दे रहे हैं। Krutrim का भारत का पहला एआई यूनिकॉर्न बनना यह स्पष्ट करता है कि भारतीय एआई नवाचार अब वैश्विक व्यावसायिक मानकों पर खरा उतर रहा है।

> भारत की सामूहिक बौद्धिक शक्ति, युवाओं की उद्यमशील सोच और एक स्पष्ट राष्ट्रीय दृष्टि का परिणाम है। जिस वैश्विक एआई प्रतिस्पर्धा में भारत कुछ वर्ष पहले तक दर्शक की भूमिका में माना जाता था, उसी मंच पर आज वह अग्रणी दावेदार के रूप में उभर रहा है।

### सरकारी सहयोग से मजबूत होता इकोसिस्टम

भारतीय एआई यात्रा की एक बड़ी विशेषता यह है कि यहाँ सरकार और स्टार्टअप्स के बीच सहयोग की स्पष्ट भावना दिखाई देती है। IndiaAI मिशन इसी सहयोग का परिणाम है। पाँच सौ से अधिक प्रस्तावों में से बारह स्टार्टअप्स को फाउंडेशन मॉडल्स के लिए चुना जाना यह दर्शाता है कि भारत अपनी एआई क्षमताओं को स्वयं विकसित करना चाहता है। जिसमें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनवरी 2026 में आयोजित गोलमेज बैठक ने इस सोच को और मजबूती दी। इस बैठक में शामिल एआई स्टार्टअप्स ने अपने अनुभव साझा किए और भारत में उपलब्ध अनुकूल वातावरण की सराहना की। प्रधानमंत्री का यह कहना कि 'स्टार्टअप्स भारत के भविष्य के सह-निर्माता हैं।' देश के हर युवा इनोवेटर के लिए प्रेरणा का संदेश है। यहां प्रधानमंत्री मोदी द्वारा नैतिकता, पारदर्शिता, निष्पक्षता और डेटा गोपनीयता पर दिया गया जोर यह स्पष्ट करता है कि भारत तकनीक को केवल प्रगति का साधन नहीं, बल्कि विश्वास का माध्यम भी मानता है। किफायती और समावेशी एआई की दिशा में भारत की पहल दुनिया के लिए एक वैकल्पिक और मानवीय मॉडल प्रस्तुत करती है।

### भारतीय संदर्भ में विकसित होती एआई

भारत की एआई रणनीति की सबसे बड़ी ताकत उसका स्थानीय दृष्टिकोण है। भारतीय भाषाओं, सांस्कृतिक संदर्भों और सामाजिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित किए जा रहे एआई मॉडल देश को तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बना रहे हैं। BharatGen जैसे प्रयास यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि भारतीय डेटा और भाषाओं पर आधारित मॉडल भारत की अपनी जरूरतों को पूरा करें। भारतीय एआई स्टार्टअप्स की कहानी तकनीक से कहीं आगे की कहानी है। यह कहानी आत्मनिर्भर भारत, युवा भारत और नवाचारी भारत की कहानी है। यह उन उद्यमियों की कहानी है जो भारतीय संदर्भ में वैश्विक समाधान गढ़ रहे हैं। यह उस राष्ट्र की कहानी है जो भविष्य की तकनीक को अपनाने से पहले उसे समझता है और फिर अपने मूल्यों के साथ आगे बढ़ाता है। वस्तुतः आज जब भारत एआई की बात करता है, तब वह सिर्फ एल्गोरिदम और डेटा की चर्चा नहीं करता। वह समाज, समावेशन और विश्वास की बात करता है। यही सोच भारत को आने वाले समय में एक वैश्विक एआई शक्ति के रूप में स्थापित करेगी और यही सोच हर भारतीय को गर्व से भरने का कारण बनेगी। आज के दिन हमें यही आशा करनी चाहिए।

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | नवमी 12:43 तक |
| नक्षत्र: | स्वाति 21:00 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | सोमवार |
| योग: | धृति, 18:09 |
| सूर्योदय: | 07:14 |
| सूर्यास्त: | 17:37 |
| चंद्रमा: | तुला राशि में |
| राहुकाल: | 08:32-09:50 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | माघ |
| शुभ मुहूर्त: | 12:05-12:46 |

## जन एक्सप्रेस

### मैदान दिया उतार !

*है सियासी मायने।*
*मैदान दिया उतार ।।*
*चढ़ा राजनीतक पारा।*
*और कई कतार ।।*
*लाभ लेने खातिर।*
*जोर है लगाया ।।*
*कर देना वो चुकता।*
*जो है अभी बकाया ।।*
*गुणा गणित करके।*
*कर लिया तैयार ।।*
*टिक जाएंगे लंबा ?*
*या होंगे फरार ।।*
*उठापटक तो चल रही।*
*मौके की तलाश ।।*
*होड़ न होगी खत्म।*
*बने रहना खास़ ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# पेट की कई बीमारियों में फायदेमंद है केला



**आज** के समय में अनहेल्दी खानपान के कारण ज्यादातर लोग कब्ज, अपच, गैस, एसिडिटी, उल्टी और मतली होने जैसी पाचन से जुड़ी किसी न किसी समस्या से परेशान रहते हैं। ऐसे में अक्सर लोगों को हेल्दी डाइट लेने, पर्याप्त पानी पिएं, नियमित एक्सरसाइज करने और पर्याप्त नींद लेने की सलाह दी जाती है। ऐसे में पाचन के लिए केले का सेवन करना भी फायदेमंद माना जाता है। केले में अच्छी मात्रा में फाइबर, पोटैशियम, विटामिन-बी6, विटामिन-सी, कार्ब्स और एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण होते हैं, जिससे पाचन को दुरुस्त करने और स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद मिल सकती है।

**पेट की समस्याओं में फायदेमंद है केला:** डाइटिशियन एवं न्यूट्रिशनिस्ट अर्चना जैन के अनुसार, केले में विटामिन्स और मिनरल्स के बहुत से पोषक तत्व होते हैं। ऐसे में इसका सेवन करने से पेट से जुड़ी समस्याओं से राहत देने और पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने में मदद मिलती है। पेट की बीमारियों के लिए केला औषधी का काम करता है। इसके लिए पके केले का सेवन करना फायदेमंद होता है। ऐसे में पेट से जुड़ी कुछ समस्याओं से राहत के लिए केले का सेवन किया जा सकता है।

**आंतों की सूजन कम करे:** केले में अच्छी मात्रा में फाइबर, प्रोबायोटिक्स और एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण होते हैं। ऐसे में इसका सेवन करने से आंतों की सूजन और कोलाइटिस की समस्या से राहत देने में मदद मिलती है, साथ ही, आंतों में सूजन की समस्या के कारण होने वाली दस्त और ऐंठन की समस्या से भी राहत देने में मदद मिल सकती है।

**गैस्ट्रिक अल्सर:** केले में अच्छी मात्रा में फाइबर और एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण होते हैं। ऐसे में इसका सेवन करने से गैस्ट्रिक अल्सर की समस्या से राहत देने और पाचन के स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद मिलती है।

**दस्त की समस्या:** केले में बहुत से पोषक तत्व होते हैं। ऐसे में इसका सेवन करने से पाचन प्रक्रिया में सुधार करने, पेट से जुड़ी समस्याओं से राहत देने और आंतों में सुधार करने में मदद मिलती है। इसके अलावा, इससे पेट की म्यूकस लाइनिंग को मजबूती देने और बैड बैक्टीरिया से बचाव करने में मदद मिलती है।

**पाचन प्रक्रिया में सुधार करे:** केले में अच्छी मात्रा में फाइबर, पोटैशियम और एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण होते हैं। ऐसे में इसका सेवन करने से पाचन प्रक्रिया में सुधार करने और मेटाबॉलिज्म को बेहतर करने में मदद मिलती है।

**निष्कर्ष:** केले का सेवन करना पाचन से जुड़ी समस्याओं से राहत देने में मदद मिल सकती है। ऐसे में इसका सेवन करने से आंतों की सूजन को कम करने, गैस्ट्रिक अल्सर और दस्त से राहत देने और पाचन प्रक्रिया में सुधार करने में मदद मिलती है। ऐसे में इसका सेवन सीमित मात्रा में करें। इसके अलावा, पाचन से जुड़ी अधिक समस्या महसूस होने पर डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

### एक्सप्रेस विशेष

# वर्षों से न्याय के इंतजार में पीढ़ियां-दर-पीढ़ियां



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

> 50 साल की अवधि का मतलब कई मामलों में तो निश्चित रुप से अदालतों में हाजिरी देते-देते दो से तीन पीढ़ियां खप गई होंगी। दोनों ही अदालतों में 50 साल से अधिक अवधि के लंबित मुकदमों में सिविल प्रकरण ही अधिक है।

> यह तय हो जाए कि प्रति कार्यदिवस निश्चित संख्या में पुराने मुकदमों की भी सुनवाई होगी तो बैकलॉग निपटाना आसान हो जाएगा। इन मुकदमों से जुड़े वकीलों का भी यह दायित्व हो जाता है कि पक्ष-विपक्ष दोनों के वकील मुकदमे के निस्तारण में सहभागी बनें। इससे अदालतों में पुराने मुकदमों का बोझ कम होगा और लोगों को न्याय मिल सकेगा। अदालत और संबंधित व्यक्तियों दोनों को राहत मिल सकेगी।

**केन्द्रीय** विधि एवं न्याय मंत्रालय के गत वर्ष के आंकड़ों की ही मानें तो देश के उच्च न्यायालयों और जिला न्यायालयों में ही 65 लाख से अधिक मुकदमे निर्णय के इंतजार में दशकों से प्रतीक्षारत हैं। 3 हजार से अधिक मामले तो 50 साल भी अधिक समय से लंबित हैं। 10 साल या इससे अधिक समय से निर्णय का इंतजार कर रहे मुकदमों की बात करें तो यह संख्या इतनी अधिक है कि सोचने पर मजबूर कर देती है। देश के 25 उच्च न्यायालयों व राज्यों के जिला अदालतों में लबित मुकदमों की बात की जाए तो यह सामने आ रहा है कि 54 लाख 58 हजार 832 मुकदमे 10 से 20 साल की अवधि के हैं और निष्पादन का इंतजार कर रहे हैं। 20 से 30 साल और 30 से 40 साल की अवधि के निर्णय के इंतजार के मुकदमे भी लाखों में हैं। सालों से लोक अदालतें भी लग रही हैं पर मुकदमों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। अदालतों की कार्यप्रणाली पर टिप्पणी नहीं की जा सकती क्योंकि नित नए सुधार और मुकदमों के अंबार से स्वयं अदालतों में बैठे माननीय न्यायाधीश, सर्वोच्च अदालत और सरकार चिंतित और गंभीर है। इसका हल खोजने के प्रयास जारी हैं। चिंता की बात यह है कि उच्च न्यायालयों और जिला न्यायालयों में 50 साल से अधिक समय से आज भी 3442 मुकदमे चल रहे हैं। इनमें से 2329 मुकदमे उच्च न्यायालयों व 1113 मुकदमे जिला न्यायालयों में पेंडिंग हैं। मुकदमों की संख्या को लेकर सवाल नहीं है क्योंकि यदि 50 साल से एक मुकदमा भी पेंडिंग है तो यह अपने आप में गंभीर है। सवाल 50 साल की अवधि का विश्लेषण करने का भी है। 50 साल की अवधि का मतलब कई मामलों में तो निश्चित रुप से अदालतों में हाजिरी देते-देते दो से तीन पीढ़ियां खप गई होंगी। दोनों ही अदालतों में 50 साल से अधिक अवधि के लंबित मुकदमों में सिविल प्रकरण ही अधिक है। निश्चित रुप में इनमें से अधिकांश मामले जमीन जायदाद को लेकर होंगे। हालांकि दोनों अदालतों के मिलाकर 459 मुकदमें आपराधिक श्रेणी के हैं और 50 साल से अधिक समय से निर्णय के इंतजार में है। अब आज से 50 साल पहले जिसने भी जैसा भी अपराध किया था या जिसने भी जैसा भी अपराधी के कारण मानसिक-शारीरिक संताप या प्रताड़ना झेली थी उनमें से कई तो हो सकता है दुनिया में न हों या उनकी शारीरिक-मानसिक हालत का अंदाजा लगाया जा सकता है। सरकार और सर्वोच्च न्यायालय के स्तर पर इस समस्या पर गंभीर चिंतन किया जाता रहा है। अच्छी बात है कि अब सर्वोच्च न्यायालय में माननीय न्यायाधीशों के अधिकांश पद भरे रहने लगे हैं। समग्र प्रयासों से उच्च न्यायालयों और जिला अदालतों के न्यायमूर्तियों के पद भी भरने के प्रति गंभीर प्रयास जारी हैं। पर तस्वीर का दूसरा पहलू यह है कि एक मोटे अनुमान के अनुसर उच्च न्यायालयों के करीब 1100 से अधिक स्वीकृत पदों में से 300-350 से अधिक पद रिक्त चल रहे हैं। जहां तक जिला अदालतों का प्रश्न है, एक मोटे अनुमान के अनुसार करीब 4 से 5 हजार पद रिक्त हैं। इसमें दो राय नहीं कि इससे काम प्रभावित होता है। पर दस साल से अधिक के कुल मिलाकर 65 लाख से अधिक मुकदमों में निर्णय का इंतजार कहीं ना कहीं हमारी व्यवस्था पर प्रश्न तो उठाता ही है। इसी तरह से निस्तारण में देरी के लिए किसी पर दोष जड़ने से भी कोई समाधान नहीं होने वाला है। यह कोई विवाद का विषय भी नहीं होना चाहिए। कुछ इस तरह का सिस्टम विकसित करना होगा जिससे पुराने मुकदमों को प्राथमिकता से निपटाया जा सके। सरकार ने कुछ माह पहले कानून में संशोधन कर सुधार की दिशा में कदम बढ़ाये हैं। उससे निस्तारण की समय-सीमा तय होगी। पर कुछ इस तरह का रोस्टर सिस्टम या केवल और केवल पुराने मुकदमों के निस्तारण के लिए अलग से ही माननीय न्यायाधीशों की बेंच बना दी जाएं तो प्राथमिकता से वर्षों से न्याय की आस में चल रहे मुकदमों का निष्पादन हो सके।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# नो हेलमेट नो यूल अभियान:

## 38 दोपहिया वाहन चालकों के चालान, सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाई गई





जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रदेशभर में चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा माह के तहत रविवार को पीलीभीत में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान बरेली मंडल के संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रणब झा ने जनपदीय परिवहन अधिकारियों के साथ दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया और हेलमेट न पहनने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई।

### माधौटांडा मार्ग और पेट्रोल पंपों पर अभियान

संभागीय परिवहन अधिकारी प्रणब झा ने एआरटीओ वीरेंद्र सिंह और बर्डिस चतुर्वेदी के साथ माधौटांडा मार्ग एवं अन्य प्रमुख पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया। अभियान के दौरान वाहन चालकों को हेलमेट पहनने की महत्ता के बारे में समझाया गया और उन्हें बताया गया कि हेलमेट पहनने से गंभीर दुर्घटनाओं में जान बच सकती है। इस दौरान 38 दोपहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट के वाहन चलाने के लिए चालान किया गया।

### नो हेलमेट नो फ्यूल का सख्त अनुपालन

प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप 'नो हेलमेट नो फ्यूल' अभियान के तहत पेट्रोल पंप संचालकों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए कि बिना हेलमेट आने वाले दोपहिया वाहन चालकों को ईंधन न दिया जाए। इसके साथ ही सभी पेट्रोल पंपों पर सड़क सुरक्षा जागरूकता से संबंधित फ्लैक्स और बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिए गए। संभागीय अधिकारी ने बताया कि यह अभियान सड़क सुरक्षा माह के द्वितीय सप्ताह का हिस्सा है और इसका उद्देश्य आमजन में हेलमेट पहनने की आदत को मजबूती से स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाने के लिए सिर्फ चालान ही नहीं बल्कि लगातार जागरूकता और प्रवर्तन की प्रक्रिया जारी रखी जाएगी साथ ही परिवहन विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनें, यातायात नियमों का पालन करें और स्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित करें। विभाग ने यह भी चेताया कि नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान से न केवल सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी, बल्कि आम जनता में सुरक्षित वाहन चलाने की जागरूकता भी बढ़ेगी।

## चौबेपुर में छत की दूसरी मंजिल पर खेल रहे मासूम की छत से गिरकर दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। चौबेपुर में छत पर की दूसरी मंजिल पर खेल रहे डेढ़ साल के मासूम की उपचार के दौरान मौत हो गई घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जाँच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। चौबेपुर थाना क्षेत्र बड़ीमनो गाँव निवासी सतीश पेंटिंग काम करते है परिवार में पत्नी खुशबू बेटी चार साल की मान्या व बेटा यश (18) महीने का है। पिता सतीश ने बताया की शनिवार को सुबह 9 बजे वह काम पर चले गए थे। बेटी और बेटा घर की दूसरी मंजिल छत पर खेल रहे थे। पत्नी घर पर काम कर रही थी। तभी बेटा खेलते हुए अचानक घर की दूसरी मंजिल की छत से नीचे गिर गया। जिसके बाद जानकारी होने पर पत्नी ने फोनकर जानकारी देते हुए गाँव वालों की मददत से बेटे को तत्काल रामा हॉस्पिटल मंधना ले गए। जहाँ डॉक्टरों ने बेटे की हालत गंभीर बताते हुए आई सी यू ले गए। जहाँ देर शाम उपचार के दौरान डॉक्टरों ने बेटे को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जाँच पड़ताल कर मासूम के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। पिता सतीश ने बताया की इकलौते बेटे की दर्दनाक मौत से पत्नी कई बार रों रोकर बेहोश हो गई। बेटे की मौत से सभी बहुत दु:खी है।

# शारदा नदी पर रिवर ट्रेनिंग वर्क के निर्माण का भरोसा मिलने पर ग्रामीणों का धरना समाप्त

- जिलाधिकारी ने मौके से प्रमुख सचिव सिंचाई से की सीधी वार्ता, जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में मिला ठोस आश्वासन




जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

इंडो-नेपाल सीमा से सटे शारदा नदी क्षेत्र में उत्पन्न गंभीर कटान और बाढ़ की आशंका को लेकर ग्राम नौजलहा नकटाह में चल रहा ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना रविवार को प्रशासन के ठोस आश्वासन के बाद समाप्त हो गया। जिलाधिकारी पीलीभीत ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और रिवर ट्रेनिंग वर्क के निर्माण को लेकर शासन स्तर से शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया। रविवार को जिलाधिकारी पीलीभीत माननीय विधायक बाबूराम पासवान, उपजिलाधिकारी कलीनगर एवं बाढ़ खंड पीलीभीत के अधिकारियों के साथ ग्राम नौजलहा नकटाह पहुंचे। यहां ग्रामीण शारदा नदी से हो रही लगातार कटान और रिवर ट्रेनिंग वर्क के क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत न होने से नाराज होकर धरने पर बैठे थे। अधिकारियों की टीम ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने बताया कि इंडो-नेपाल बॉर्डर पर शारदा नदी के समीप बने रिवर ट्रेनिंग वर्क के कई हिस्से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जिससे नदी का बहाव गांव की ओर मुड़ गया है। इससे कटान, बाढ़ और किसानों की उपजाऊ भूमि के नदी में समाने का खतरा लगातार बढ़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की, ताकि गांव और कृषि भूमि को सुरक्षित रखा जा सके।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने बाढ़ खंड के अभियंताओं से मौके पर ही प्रस्तावित परियोजना की तकनीकी जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने तत्काल प्रमुख सचिव सिंचाई से दूरभाष पर सीधी वार्ता कर पूरी समस्या से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने क्षतिग्रस्त रिवर ट्रेनिंग वर्क के शीघ्र पुनर्निर्माण के लिए परियोजना को जल्द स्वीकृति देने और कार्य प्रारंभ कराने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को बताया कि इस संबंध में शासन को पूर्व में भी पत्र भेजा जा चुका है। साथ ही पूरनपुर विधायक एवं सांसद द्वारा भी शासन स्तर पर पत्राचार और निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। परियोजना की स्वीकृति मिलते ही रिवर ट्रेनिंग वर्क के क्षतिग्रस्त हिस्सों का निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराया जाएगा, जिससे भविष्य में बाढ़ और कटान से गांव को सुरक्षित रखा जा सके। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए ठोस आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने शांतिपूर्ण ढंग से अपना अनिश्चितकालीन धरना समाप्त कर दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन के त्वरित हस्तक्षेप और संवेदनशील रवैये की सराहना की तथा उम्मीद जताई कि जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होकर उनकी वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान होगा। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक तकनीकी आकलन किया और विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी है।

# श्री बालाजी महाराज एवं नीम करोली बाबा के भव्य भंडारे में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब





- श्री बालाजी श्री नीम करोली धाम पीलीभीत में रविवार को आयोजित भंडारे में हजारों लोगों ने ग्रहण किया बाबा का प्रसाद



जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार

**पीलीभीत।** श्री बालाजी नीम करोली धाम पीलीभीत में रविवार को श्री बालाजी महाराज एवं नीम करोली बाबा का भव्य भंडारा श्रद्धा और सेवा भाव के साथ आयोजित किया गया। भंडारे में जिले भर से आए हजारों श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर बाबा का प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर सुबह से ही भक्तों की आवाजाही से गुलजार रहा और पूरा वातावरण **जय बालाजी महाराज** के जयघोष से भक्तिमय बना रहा। भंडारे से पूर्व प्रातःकाल विधि-विधान से हवन पूजन संपन्न कराया गया। इसके पश्चात कन्या पूजन का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ो कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन एवं दक्षिणा अर्पित की गई। कन्याओं के पूजन के बाद बाबा को भोग अर्पित कर भंडारे का शुभारंभ किया गया। भंडारा दोपहर 12:30 बजे से देर शाम तक निरंतर चलता रहा। इस दौरान श्रद्धालुओं को स्वच्छ, पौष्टिक एवं व्यवस्थित रूप से प्रसाद वितरित किया गया। पुरुष, महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे सभी ने अनुशासन के साथ पंक्तियों में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे की व्यवस्थाएं इतनी सुचारू रहीं कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। दरबार संचालक एवं सभासद महंत सेवक विशाल ने बताया कि श्री बालाजी महाराज एवं नीम करोली बाबा की कृपा से यह भंडारा जनकल्याण की भावना के साथ आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि जन कल्याण ही जीवन है बाबा का यही संदेश है और उसी को आत्मसात करते हुए हर वर्ष श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया जाता है। भंडारे के संचालन में बड़ी संख्या में सेवाभावी श्रद्धालुओं ने सहयोग किया। युवाओं की टीम ने पंक्तियों में बैठाकर प्रसाद वितरण, स्वच्छता और व्यवस्था संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्रद्धालुओं ने आयोजन समिति की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि बाबा की कृपा से उन्हें प्रसाद ग्रहण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। भंडारे के समापन पर महंत सेवक विशाल ने सभी श्रद्धालुओं, सेवाभावियों और सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। पूरे आयोजन में सेवा, समर्पण और आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जो श्री बालाजी महाराज एवं नीम करोली बाबा की महिमा को दर्शाता है।

# बिजली का तार टूटने से दो एकड़ गन्ना जलकर राख, लाखों का नुकसान

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर



हाईटेंशन बिजली लाइन के आधे-अधूरे तार बदलने के बाद लापरवाहीपूर्वक विद्युत आपूर्ति चालू कर दिए जाने से बड़ा हादसा हो गया। स्पार्किंग के चलते तार टूटने से खेत में खड़े गन्ने में आग लग गई, जिससे एक किसान का करीब दो एकड़ गन्ना जलकर राख हो गया। घटना में किसान को लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

यह घटना शेरपुर बिजली उपकेंद्र क्षेत्र के गांव खाता की है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में वर्षों पुराने और ढीले हाईटेंशन तार लटक रहे थे। इन्हें बदलने का ठेका बिजली विभाग द्वारा एक ठेकेदार को दिया गया था। आरोप है कि ठेकेदार ने आधे-अधूरे तार बांधकर ही बिजली सप्लाई चालू कर दी, जिससे अपरान्ह करीब डेढ़ बजे तेज स्पार्किंग हुई और तार टूटकर खेत में गिर गया।

आग की चपेट में आकर किसान रामबहादुर यादव का लगभग दो एकड़ गन्ना जल गया। ग्रामीणों ने तत्काल बिजली उपकेंद्र शेरपुर कलां को सूचना दी, लेकिन काफी देर बाद जाकर केवल बिजली सप्लाई बंद की गई। ग्रामीणों का कहना है कि हाईटेंशन लाइन को लेकर कई बार बिजली विभाग के कर्मचारियों से शिकायत की गई थी, लेकिन हर बार टालमटोल किया गया। ठेकेदार की घोर लापरवाही के चलते किसान को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। घटना को लेकर किसानों में गहरा रोष व्याप्त है और मुआवजे की मांग की जा रही है।

## पीएफसी फिल्म के बैनर तले बनी मोटिवेशनल फिल्म समर्थन का पोस्टर और फिल्म हुई लांच

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। रविवार को जवाहर नगर पीएफसी फिल्म के ऑफिस में मोटिवेशनल फिल्म समर्थन का पोस्टर और यूट्यूब में फिल्म की लान्चिंग का कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। फिल्म की लॉन्चिंग गणेश वंदना करने के पश्चात् राजेंद्र कुमार राज, विनीत सिन्हा, भरत भाई, संजू पाल, मोहम्मद अरशद अंसारी, रॉबिंस, संतोष गुप्ता, सुधीर निगम, नीरज कुमार, अभय मिश्रा, राजू कमल, अंशु कमल, सुधीर कुमार, जयप्रकाश अवस्थी, दीपक शर्मा आदि लोगों ने केक काटकर किया।
खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सेलेक्ट की गई। फिल्म की स्क्रीनिंग खजुराहो टपरा टॉकीज में हुई। फिल्म के सभी चित्रण को देखकर सभी ने सराहा। फिल्म के निर्देशक/राइटर प्रमोद गुप्ता रहे।
फिल्म फेस्टिवल में गंगू बाई जैसी सुपरहिट फिल्म की अभिनेत्री इंदिरा तिवारी खजुराहो फिल्म फेस्टिवल के फाउंडर/ अभिनेता राजा बुंदेला द्वारा फिल्म के निर्देशक प्रमोद गुप्ता को सम्मानित किया गया।

# एक्सप्रेस खबरें...

## निशक्त जन सेवा संस्थान का मासिक स्वास्थ्य शिविर आज

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। निश्क्त जन सेवा संस्थान, पीलीभीत द्वारा प्रत्येक माह आयोजित किए जाने वाले स्वास्थ्य शिविर की श्रृंखला में इस माह का स्वास्थ्य कैंप आज सोमवार को स्थानीय अंकुर राइस मिल, पूरनपुर रोड पर प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। स्वास्थ्य शिविर में रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मोतियाबिंद, हृदय रोग तथा दंत रोग से पीड़ित मरीजों की नि:शुल्क जांच की जाएगी। शिविर में मोतियाबिंद से पीड़ित पाए गए मरीजों का रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली में नि:शुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा। वहीं हृदय रोगियों को आवश्यक दवाएं भी नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अतिरिक्त शिविर में घुटनों और पैरों के दर्द से पीड़ित मरीजों को भी नि:शुल्क दवाएं प्रदान की जाएंगी। 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड भी मौके पर बनाए जाएंगे, जिससे वे शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ ले सकें। संस्थान द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि पीलीभीत मेडिकल कॉलेज में कानों की जांच की सुविधा प्रारंभ हो चुकी है। जो लोग कान की मशीन प्राप्त करना चाहते हैं, वे जिला अस्पताल में जांच कराकर यूडीआईडी कार्ड बनवाएं और अपने दस्तावेज संस्था अथवा संस्था सचिव अनिल कमल के पास जमा करें। जिन लाभार्थियों ने पहले ही कान की मशीन के लिए अपने कागजात जमा कर दिए हैं, उन्हें आज सोमवार को मशीनें प्रदान की जाएंगी।संस्था के अध्यक्ष अमृतलाल और सचिव अनिल कमल ने जनपद के अधिक से अधिक जरूरतमंद नागरिकों से अपील की है कि वे शिविर में पहुंचकर नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाएं।

## बीएलओ ने बूथों पर मतदाता सूची पढ़कर सुनाई

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर रविवार को बूथ लेवल ऑफिसरों (बीएलओ) ने अपने-अपने मतदेय स्थलों पर पहुंचकर निर्वाचक नामावली-2026 की मतदाता सूची मतदाताओं को पढ़कर सुनाई। इस दौरान नए मतदाताओं के लिए फार्म-6 भरवाए गए तथा दावे और आपत्तियां भी प्राप्त की गईं।पूर्व में चले विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्क्र) अभियान के बाद बीएलओ ने बूथों पर ग्रामीणों की मौजूदगी में मतदाता सूची बारी-बारी से दिखाई और पढ़कर सुनाई। कम्पोजिट विद्यालय अमरैयाकलां (भाग संख्या 79 व 80), प्राथमिक विद्यालय तकियादीनारपुर (बूथ 81), रुरिया सलेमपुर (भाग 72), खाता (भाग 78), महादिया (भाग 76 व 77), टांडा गुलाबराय (भाग 83 व 84), नवदिया टोडर (भाग 85) और नौरंगाबाद (भाग 86) सहित कई बूथों पर यह प्रक्रिया संपन्न हुई। इस अवसर पर बीएलओ कंचन देवी कुशवाहा, उमाशंकर, राजेश्वरी, उर्मिला देवी, शवीना नाज, रामनरेश, सर्वेश कुमार, पुष्पा देवी, राकेश सिंह, दुर्गा देवी, मथुरा प्रसाद आदि मौजूद रहे। वहीं सुपरवाइजर सूर्यप्रकाश गंगवार, सर्वेश कुमार स्वर्णकार, राधाकृष्ण कुशवाहा, मो. फुरकान, मनोज कुमार, ऋषि सक्सेना, विपिन दीक्षित और आलोक अवस्थी ने बूथों का निरीक्षण कर दावे-आपत्तियों की समीक्षा की।

## श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर भव्य शोभा यात्रा

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। ग्राम जोगराजपुर में प्रभु श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद परिवार द्वारा भव्य श्रीराम शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में विधायक पुत्र ऋतुराज पासवान ने सहभागिता की और श्रद्धालुओं के साथ प्रभु श्रीराम के जयघोष लगाए। शोभा यात्रा में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान सहित विभिन्न देवी-देवताओं की सजीव और आकर्षक झांकियां निकाली गईं, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों और भक्तों ने धार्मिक गीतों व जयकारों से पूरे गांव को



राममय बना दिया। ढोल-नगाड़ों और भजनों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो उठा। विधायक पुत्र ऋतुराज पासवान ने कहा कि प्रभु श्रीराम भारतीय संस्कृति, मर्यादा और आदर्शों के प्रतीक हैं। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सांस्कृतिक एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं।शोभा यात्रा ग्राम के विभिन्न मार्गों से होती हुई श्रीराम मंदिर परिसर पहुंची, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और आरती का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

## 90 चालान, 36 डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में शनिवार को पुलिस लाइन पीलीभीत के सम्मेलन कक्ष में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी यातायात विधि भूषण मौर्य द्वारा जनपद के समस्त थानों से आए उपनिरीक्षकों एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों को iRAD/eDAR के अंतर्गत कैशलेस ट्रीटमेंट ऑफ रोड एक्सीडेंट विक्टिम योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए "स्नष्ठ (जीरो फैटेलिटी डिस्ट्रिक्ट) योजना के तहत जनपद के चिन्हित थानों की CC (क्रिटिकल कॉरिडोर) टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसमें दुर्घटना की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई, घायलों को शीघ्र कैशलेस उपचार उपलब्ध कराने तथा सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर को शून्य करने के लक्ष्य पर विशेष जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त प्रभारी यातायात द्वारा अन्य यातायात कर्मियों के साथ जनपद के विभिन्न चौराहों पर वाहन चालकों एवं आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया और नियमों का पालन करने की अपील की गई। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध 90 चालान किए गए, जिन पर कुल ?1,16,500 का शमन शुल्क अधिरोपित किया गया। वहीं 36 डग्गामार वाहनों के खिलाफ विधिक कार्रवाई भी की गई। यातायात पुलिस द्वारा चलाया गया यह अभियान सड़क सुरक्षा को लेकर जनजागरूकता बढ़ाने और दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# नगर कीर्तन से गूंजा पूरा शहर, पुष्पवर्षा व जलपान व्यवस्था से दिखा सौहार्द

## शबद कीर्तन के बीच गतका करतबों ने मोहा मन, पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद





जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

रविवार को पीलीभीत में सिख समाज की ओर से भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। शबद कीर्तन और गुरवाणी की मधुर ध्वनि के बीच पूरा शहर धार्मिक उल्लास और आपसी भाईचारे के रंगों में रंगा नजर आया। नगर कीर्तन के स्वागत में लोगों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा की, वहीं श्रद्धालुओं के लिए जलपान, चाय और नाश्ते की बेहतर व्यवस्थाएं की गईं।

नगर कीर्तन का शुभारंभ गुरु जेवी पातशाही गुरुद्वारा से हुआ। संगत 'वाहेगुरु सतनाम वाहेगुरु' के जयघोष के साथ नगर भ्रमण पर निकली। नगर कीर्तन लकड़ी मंडी, रोडवेज, नौगवां चौराहा, फ्लाईओवर, डिग्री कॉलेज चौराहा, टनकपुर-बरेली हाईवे, छतरी चौराहा, स्टेशन रोड, सुनगढ़ी, सब्जी मंडी और कोतवाली होते हुए पुनः गुरुद्वारे में पहुंचकर संपन्न हुआ। इस दौरान संगत ने गुरु ग्रंथ साहिब महाराज का नमन कर अरदास की।

नगर कीर्तन में विभिन्न समुदायों के लोगों की सहभागिता ने शहर की गंगा-जमुनी तहजीब को और मजबूत किया। यात्रा मार्ग पर कई स्थानों पर सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने सेवा शिविर लगाकर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। पूरे आयोजन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात रहा। कार्यक्रम के दौरान गतका पार्टी ने साहसिक और रोमांचक करतब दिखाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नन्हे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए सिख परंपरा और धर्म के गौरव को दर्शाया। करतबों को देखकर दर्शक दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर हो गए।नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, सभासदों एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा एकता सरोवर चौराहे पर नगर कीर्तन का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर पंच प्यारे जत्थे एवं गुरु ग्रंथ साहिब जी के रथ पर पुष्पवर्षा कर श्रद्धा और सम्मान प्रकट किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने बताया कि नगर कीर्तन के मार्ग पर नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा सुबह से ही व्यापक साफ-सफाई कराई गई। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मार्ग को सुंदर बनाने के लिए सड़कों के दोनों ओर चूना डालकर सजावट की गई। इस अवसर पर सभासद साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, निर्मल सिंह टीटू, विपिन कुमार राजू फौजी, राशिद हुसैन, विकास बाबू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने नगर कीर्तन के सफल आयोजन की सराहना करते हुए आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया।

# सचेड़ी में दबँगो ने युवक को घेरकर पीटा

### सहायक पुलिस आयुक्त क्या बोले

सहायक पुलिस आयुक्त पनकी मनोज कुमार ने बताया की उनको घटना की जानकारी नहीं है। न कोई पीड़ित उनके पास आया। अगर कोई तहरीर मिलेगी तो जाँच कर कार्रवाई की जायेगी



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

सचेड़ी में घर से बाल कटाने जा रहे दबँगो ने अपने साथियों के साथ नाबालिग् को जमकर पीट दिया। राहगीरों को आता देख दबंग वहाँ से भाग निकले। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस घटना की जाँच पड़ताल में जुट गई।

सचेड़ी थाना क्षेत्र दिलीपपुर गाँव निवासी कुलदीप यादव सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते है। परिवार में पत्नी ज्योति बेटा शाहिल यादव व दो बेटियां है। बेटा शाहिल ग्यारवी का छात्र है। पिता कुलदीप का आरोप है कि बेटा रविवार को सुबह करीब दस बजे बाल कटाने के लिये घर से निकला था। तभी गाँव के कुछ दबंग लड़के अपने साथियो के साथ आए और बेटे को बुरी तरह से पीटने लगे। बेटे को इतना मारा कि वह वहीं बेहोश होकर गिर गया। जब काफी देर तक बेटा घर नहीं आया तो पिता ने फोन किया तो किसी अज्ञात ब्यक्ति ने फोन उठाया और बेटे घटना की जानकारी देते हुए बताया की कुछ लोगों ने मारपीट कर उसे सचेड़ी बाजार में छोड़ दिया। जानकारी मिलते ही वह मौके पर पहुँचे और और 112 नंबर डायल कर घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही सच्चेडी थाने का फ़ोर्स मौके पर पहुंचा। और घटना की जाँच पड़ताल शुरू की। पीड़ित पिता ने एक नाम जद सहित 6 अज्ञात के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

# सचेड़ी में एक साथ चार घरों में चोरी लाखों का माल किया साफ

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

सचेंडी इलाके के एक गांव में देर रात शातिर चोरो ने एक साथ चार घरों को निशाना बनाकर लगभग 6 लाख की चोरी की परिजनों को जानकारी होने पर सुबह 112 पर सूचना दी मौके पर पहुंची सचेंडी पुलिस जाँच में जुटी। सचेंडी क्षेत्र के चंद्रहंसपुर गांव में देर रात चोरों ने चार घरों में निशाना बनाया लालजी कमल भाई राजविंद कमल, मुंशी लाल संखवार, अरविंद यादव के अनुसार हम सभी अपने-अपने मकान में परिवार सहित सो रहे थे। सुबह उठने पर जानकारी हुई दरवाजे खुले हुए थे हम लोग घबरा गए। घर में अंदर जाकर देखा बक्से के ताले टूटे हुए थे और सामान गायब है। लालजी राजबिंद के लगभग 3 लाख की जेवर और 80 हजार नगद मुंशीलाल, अरविंद यादव के घर दो लाख के जेवर पांच हजार नगद, अरविंद धान बेच कर 41 हजार रुपए घर में रखे थे समान सहित चोर ले गए।

## तेज रफ्तार छ्वष्टरू ने बाइक को रौंदा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। कानपुर के घाटमपुर में सजेती थाना क्षेत्र के कैथा चौराहे के समीप रविवार को तेज रफ्तार डीसीएम ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। भीषण हादसे में मां-बेटे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे सीएचसी से हैलट रेफर किया गया है। साढ़ थाना क्षेत्र के सूलपुर निवासी अर्पित पाल (17) पुत्र मथुरा पाल अपनी मां अनीता पाल (50) और चाची आकांक्षा (35) पत्नी गोकुल पाल के साथ बाइक से अपनी बुआ के नवजात बेटे की मौत होने पर झंडापुर कोरिया जा रहे थे।

# आलेख्य मतदाता सूची का जनपद भर में वाचन, डीएम ने किया बूथों का निरीक्षण

## पात्र मतदाता सूची में नाम अवश्य जांचें, 06 फरवरी तक दर्ज कराएं दावा- आपत्ति

**जन एक्सप्रेस । उरई**




मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों के क्रम में जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियों (ब्लह) द्वारा आलेख्य मतदाता सूची का वाचन किया जा रहा है। प्रत्येक बूथ पर मतदाताओं की सुविधा हेतु फॉर्म-6, 7 एवं 8 पर्याप्त संख्या में उपलब्ध कराए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जीजीआईसी, जीआईसी, टाउन हॉल, जेएमएस किड्स केयर स्कूल, कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय पटेल नगर सहित विभिन्न मतदान बूथों का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यवाही की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि सभी बूथों पर बीएलओ द्वारा अपने-अपने क्षेत्र की ड्राफ्ट मतदाता सूची को विधिवत पढ़कर सुनाया जा रहा है। डीएम ने कहा कि जिले के सभी बूथों पर मतदाता सूची के पाठन का कार्य किया जा रहा है, जिससे मतदाता अपने नाम, विवरण एवं प्रविष्टियों का सत्यापन कर सकें। उन्होंने जनपद के समस्त मतदाताओं से अपील की कि वे अनिवार्य रूप से अपना नाम आलेख्य मतदाता सूची में जांच लें। उन्होंने कहा कि यदि किसी पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल नहीं है, या किसी प्रकार की त्रुटि है, तो वे फॉर्म-6 के माध्यम से नाम जोड़ने, फॉर्म-7 से नाम हटाने तथा फॉर्म-8 से संशोधन हेतु आवेदन कर सकते हैं। यह आवेदन ऑफलाइन संबंधित बीएलओ के पास अथवा ऑनलाइन 1श्ह्ल- द्ग्ह्य.द्गष्द्ब.द्दश1.ब्ठ्ठ एवं ष्द्ध्श्ह्ल- ह्ड्डह्श्चह्ड्डस्रद्गह्यद्ध.ठ्ठब्ष.ब्ठ्ठ के माध्यम से किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची से संबंधित दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तिथि 06 फरवरी, 2026 निर्धारित है। उन्होंने सभी नागरिकों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता करते हुए समय रहते आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

## प्रशासन ने अवैध मिट्टी खनन करते एक जेसीबी सहित पकड़े दो ट्रैक्टर

**जालौन।** तहसील क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्यवाही की है। नायब तहसीलदार सत्येंद्र गुप्ता के नेतृत्व में प्रतापपुरा के पास एक जेसीबी व दो ट्रैक्टर पकड़े हैं। तहसील क्षेत्र में लंबे समय से अवैध मिट्टी के खनन का खेल चल रहा है। मिट्टी कारोबार से जुड़े लोग प्रशासन से सांठ-गांठ करके बिना राजस्व और खनन विभाग की अनुमति के मिट्टी की खुदाई करा रहे हैं और ओवरलोड ट्रैक्टरों से उनकी ढुलाई चल रही है।

ग्राम औरखी व ग्राम प्रतापपुरा में अवैध रूप से मिट्टी खनन एवं उसका परिवहन किए जाने की सूचना किसी ने एसडीएम को दी। एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार सतेंद्र गुप्ता राजस्व विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां मिट्टी खनन में लगी एक जेसीबी मशीन व दो ट्रैक्टर मौके पर मिले। आवश्यक कागजात के बारे में जानकारी करने पर जब कागजात नहीं मिले तो पकड़ी गई जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर को कोतवाली में खड़ा करा दिया गया।

# एएसपी ने रात्रि चौपाल में ग्रामीणों से किया संवाद

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**



सर्दियों में जनपद में अपराध नियंत्रण को लेकर एएसपी पश्चिमी मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम विजगवा में रात्रि चौपाल कर सीधा संवाद किया। इस मौके पर **हम सबकी निगरानी, गांव की जिम्मेदारी** के तहत सड़क सुरक्षा, मशन शक्ति, साइबर अपराध और अपराधियों पर नजर आदि के संबंध में चर्चा की गई। अपर पुलिस अधीक्षक सिंह ने ग्रामीणों से संवाद किया। रात्रि चौपाल में चर्चा करते हुए सर्दियों में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने और अपराध की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने पर विचार विमर्श किया गया।सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति के फेज 5 के लिए गांव की महिलाओं और बच्चों को जागरूक किया गया। उन्होंने बच्चों के मन में पुलिस को लेकर जो भय है उसको दूर करने के लिए बच्चों से संवाद स्थापित कर उनका हौसला बढ़ाया। हर गांव में जाने के लिए तीन या चार रास्ते होते हैं। इंट्रेंस पर सीसीटीवी कैमरे लगाने से काफी हद तक अपराधों को रोका जा सकेगा। पुलिस और आम नागरिक के बीच विश्वास बढ़े,ग्राम सुरक्षा समितियां सक्रिय रहें। इसके अलावा उन्होंने साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा,नशामुक्त समाज,और बच्चों की शिक्षा पर विशेष बल देते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। ग्रामीणों के सुझावों को भी अपर पुलिस अधीक्षक ने सुना और उन सुझावों पर विचार विमर्श कर उनके क्रियान्वन का विश्वास दिलवाया। इस अवसर पर थाना प्रभारी मझिला सतेंद्र कुमार, हल्का इंचार्ज और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## युवक की संदिग्ध मौत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सहित 10 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । मल्लावां**

मल्लावां कस्बे के मोहल्ला गोवर्धनपुर में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत का समाचार मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक के चचेरे भाई ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य सहित 10 लोगों पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।

आपको बतादें कस्बे के मोहल्ला गोवर्धनपुर निवासी करन पुत्र शिव शंकर ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका चचेरा भाई सौरभ कुमार 35 पुत्र महावीर को कोतवाली क्षेत्र के बरहुआ निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनुपम सिंह पुत्र राजाराम व उनके साथी कुलदीप,रज्जाक, अंशुमन पटेल, विनीत निक्की, मुकेश, नीलम व तीन चार अज्ञात लोगों ने अपने घर में बुलाकर मारपीट कर घायल कर दिया। परिजन उसको अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसको घर ले आए। लेकिन पुलिस को परिजनों या पीड़ित ने कोई भी तहरीर नहीं दी थी, बीती 10 जनवरी को उसकी हालात खराब हुई उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया है।

इस मामले में कोतवाल शिवाकांत पांडे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।पीएम रिपोर्ट के आधार पर जांचकर जो दोषी होंगे उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# कड़ाके की ठंड में प्रभारी मंत्री ने रैन बसेरों का औचक निरीक्षण कर निराश्रितों को बांटे कंबल

**जन एक्सप्रेस । उरई**



कड़ाके की ठंड के दृष्टिगत प्रदेश सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाते हुए जनपद के प्रभारी मंत्री एवं गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री उ.प्र. संजय सिंह गंगवार जी ने कल देर रात रेलवे स्टेशन, कोंच बस स्टैंड स्थित रैन बसेरों एवं अलाव स्थलों का औचक निरीक्षण किया तथा निराश्रित एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबल वितरित किए।

प्रभारी मंत्री रैन बसेरों में पहुंचकर वहां ठहरे लोगों से आत्मीयता के साथ हाल-चाल जाना और व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निराश्रितों से संवाद करते हुए कहा कि मुझे मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से आपका हाल-चाल लेने के लिए भेजा है।

आपको किसी भी प्रकार की कोई परेशानी तो नहीं है? निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने रैन बसेरों में साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश, शौचालय एवं ठहरने की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ठंड के मौसम में किसी भी व्यक्ति को असुविधा न होने पाए। अलाव की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा जरूरतमंदों को तत्काल कंबल उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि कोई भी निराश्रित व्यक्ति ठंड से प्रभावित न हो। शासन-प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ आमजन की सेवा में तत्पर है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, एमएलसी रमा निरंजन, डीएम राजेश कुमार पाण्डेय, एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, डीसी मनरेगा रामेंद्र सिंह संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने तमंचा और पौनिया सहित दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**



शाहाबाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रविवार को दो आरोपियों को तमंचा और पौनिया के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है। जहां से उन्हें जेल भेजा गया है।

अवैध शस्त्र के निर्माण,बिक्री, परिवहन करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना पिहानी के उपनिरीक्षक राजेश कुमार, सुभम सिंह और पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर सौरभ पुत्र मदनलाल निवसी ग्राम डर्रा को एक तमंचा 12 बोर, एक जिंदा कारतूस 12 बोर सहित गिरफ्तार किया गया। पंकज पुत्र मदनलाल निवासी ग्राम डर्रा को एक तमंचा पौना 12 बोर, एक जिंदा कारतूस 12 बोर सहित गिरफ्तार किया गया।

दोनों मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया है। प्रभारी निरीक्षक पिहानी छोटेलाल ने बताया दोनों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

# नि :शुल्क नेत्र शिविर में 60 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**



जय भोले सेवा समिति द्वारा %मेरा भारत मेरा स्वाभिमान अभियान% के अंतर्गत रविवार को निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष जिला पंचायत प्रेमावती पीके वर्मा द्वारा माँ संकटा देवी मंदिर परिसर में फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारम्भ किया गया। इस मौके पर उपस्थित नेत्र चिकित्सकों द्वारा नेत्र विकार से ग्रसित पंजीकृत 150 रोगियों का नेत्र परीक्षण किया गया। परीक्षण के उपरांत 60 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयनित किया गया।

शिविर मे उपस्थित मरीजों को चिकित्सीय परीक्षण का लाभ उठाने हेतु जागरूक करते हुए अध्यक्ष प्रेमावती ने कहा कि सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया के मूलमंत्र से कार्यरत जय भोले सेवा समिति द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर, वृद्ध एवं निराश्रित नेत्र रोगियों को निन्शुल्क चिकित्सा उपचार उपलब्ध कराये जाने हेतु नेत्र शिविर का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी वृंदानन्द महाराज, रामसिंह राठौर,सचिन मिश्रा, अरविन्द कुमार सिंह, हिमांशू सिंह, वरिष्ठ कमलेश मिश्रा, प्रियंमवदा, विकास कुमार, गोविन्द त्रिवेदी, निशी, अवंतिका तिवारी, पूजा गुप्ता, वंदना गुप्ता, इक़बाल, आशीष गुप्ता, लालाराम दीक्षित सहित चिकित्सीय दल व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## फसल देखने जा रहे किसान की सड़क हादसे में मौत

**उरई।** कुठौंद थाना क्षेत्र में बीते दिन देर शाम बाइक से खेत में लगे पानी को देखने जा रहे किसान की सड़क हादसे में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम एकों निवासी वर्षीय प्रदीप तिवारी 34 वर्ष शनिवार की देर शाम घर से बाइक लेकर फसल में लगे पानी को देखने के लिए जा रहा था। जैसे ही वह गांव के बाहर निकला तो सड़क पर किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हेलमेट न लगाए होने के कारण वह सड़क किनारे जा गिरा और सिर में गंभीर चोट आ गई। कुछ देर बाद वहां से निकल रहे ग्रामीणों उसे घायल अवस्था में देख उन्होंने उसके भाई कुलदीप व रामनरेश को घटना की सूचना दी। खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और दोनों भाई तुरंत निजी वाहन से मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज लेकर पहुंचे। जहां पर डाक्टरों ने जांच पड़ताल के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में थाना प्रभारी अजय कुमार पाठक ने कहा कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस । हरपालपुर**



कटरा विल्हौर हाइवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया।घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन गम्भीर हालत में युवक को इलाज के लिए सीएचसी ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार हरपालपुर थाना क्षेत्र के कर्ता गांव निवासी लगभग 35 वर्षीय जै राम पुत्र रतीराम दिल्ली में सपरिवार रहकर मेहनत मजदूरी करता है।बीती 5 जनवरी को जैराम के पिता रतीराम का निधन हो जाने से वह दिल्ली से अपने घर आया था।रविवार को वह किसी काम से बाइक पर सांडी गया था।जहां से वापस घर लौटते समय कटरा विल्हौर हाइवे पर लमकन पुल के पास अज्ञात वाहन ने उसको टक्कर मार दी।जिससे जैराम गम्भीर रूप से घायल हो गया।घटना की जानकारी मिलते ही परिजन उसे आनन फानन में इलाज के लिए सीएचसी हरपालपुर ले गए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतक के दो पुत्र व एक पुत्री है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गयी है।

## 24 घंटे में अपरहणकर्ता गिरफ्तार, लड़की बरामद

**कालपी।** अपरहण घटना में दर्ज मुकदमे फरार चल रहे आरोपी को विवेचना अधिकारी ने 24 घंटे अंदर गिरफ्तार कर लड़की को बरामद कर लिया। कालपी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने ग्राम देवकली में युवती को भाग ले जाने के आरोप में शनिवार की रात मुकदमा दर्जकर आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। रविवार को विवेचना अधिकारी उप निरीक्षक रामजीलाल व उप निरीक्षक पुत्तूलाल समेत दोनों लोगों ने पुलिस बल के साथ आरोपी युवक को गिरफ्तार करने के लिए चिह्नित जगहों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। इस दौरान उन्होंने मुखबिर की सटीक सूचना मिलते ही देवकली निवासी आरोपी दीपक पुत्र राजेंद्र को मगरौल जाने वाली सड़क देवकली चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी को पुलिस हिरासत में मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी ले जाया गया। जहां से उसे डाक्टरी परीक्षण के बाद जेल भेज दिया गया। वहीं पुलिस ने युवती को बरामद कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। विवेचक द्वारा की गई की गई तत्वरित कारवाई से पीड़ित ने राहत की सांस ली।

## मकर संक्रांति 2026: बादाम के साथ फसल के जश्न में पोषण जोड़ें

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

मकर संक्रांति पूरे भारत में लंबे दिनों, ताज़ी फसल और नई ऊर्जा के आने का प्रतीक है। पोंगल, लोहड़ी, उत्तरायण और माघ बिहू जैसे अलग-अलग रूपों में मनाया जाने वाला यह त्योहार खुशहाली, आभार और नई शुरुआत का प्रतीक है। जैसे-जैसे परिवार पारंपरिक पकवान और मिठाइयाँ बनाने के लिए एक साथ आते हैं, यह मौसम कैलिफ़ोर्निया बादाम को शामिल करके उत्सव और सेहतमंद पोषण के बीच संतुलन बनाने का मौका देता है।

प्रोटीन, स्वस्थ वसा और एंटीऑक्सीडेंट्स के अनोखे मिश्रण के साथ, बादाम ताकत बढ़ाने, प्रतिरक्षा प्रणाली का समर्थन करने और लंबे समय तक ऊर्जा प्रदान करने में सहायक हैं। उनका पोषक तत्वों से भरपूर प्रोफाइल उन्हें उत्सव के भोजन में स्वाभाविक रूप से शामिल करता है, जिससे स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेते हुए समग्र स्वास्थ्य का संतुलन बनाए रखा जा सकता है। रितिका समद्दार, रीजनल हेड - डायटेटिक्स, मैक्स हेल्थकेयर, नई दिल्ली, ने कहा कि मकर संक्रांति के उत्सव में पारंपरिक व्यंजन महत्वपूर्ण हैं, लेकिन छोटे और सोच-समझकर सही चीज़ें चुनने से सेहत को बहुत फायदा हो सकता है। बादाम पोषक तत्वों से भरपूर, प्राकृतिक रूप से तृप्ति देने वाले हैं और कार्बोहाइड्रेट-रिच खाद्य पदार्थों के साथ सेवन करने पर ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। चाहे लड्डू में डालें, नमकीन डिश में या साबुत खाएं, रोज़ाना मुट्ठी भर कैलिफ़ोर्निया बादाम खाने से परिवार बिना पोषण से समझौता किए त्योहार मना सकते हैं।


# बेअसर साबित हुआ योगी सरकार का भूमाफिया अभियान

- कब्जा मुक्त नहीं हो पाई सरकारी जमीनें,चकमार्ग, तालाब

**जन एक्सप्रेस । रामप्रकाश राठौर**

**हरदोई।** प्रदेश में योगी सरकार के नौ वर्ष पूरे हो चुके हैं, लेकिन शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र में सरकार का बहुचर्चित **भूमाफिया के खिलाफ अभियान** जमीन पर रंग नहीं दिखा सका। हालात यह हैं कि तहसील शाहाबाद क्षेत्र में सरकारी जमीनों से अवैध कब्जा प्रभावी रूप से नहीं हटाया जा सका। चकमार्गों पर पक्के निर्माण, तालाबों को पाटकर भवन खड़े करने और यहां तक कि मंदिर परिसरों की भूमि पर कब्जा होने के बावजूद प्रशासनिक अमला मौन है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि लेखपाल, कानूनगो, तहसीलदार से लेकर एसडीएम तक की चुप्पी ने भूमाफियाओं के हौसले बुलंद कर दिए हैं। यदि किसी भी ग्राम पंचायत की खतौनी में दर्ज सरकारी भूमि का मौका मुआयना कराया जाए तो शायद ही कोई भूमि ऐसी मिले, जिस पर कब्जा न हो। यह स्थिति तब है जब सुप्रीम कोर्ट, इलाहाबाद हाईकोर्ट, शासन और डीएम स्तर से सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं।



### कानून के प्रावधान भी ठंडे बस्ते में

उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 के तहत सरकारी भूमि, चकमार्ग, तालाब और सार्वजनिक उपयोग की जमीन पर अवैध कब्जा अपराध की श्रेणी में आता है। नियमों के अनुसार कब्जा हटाकर भूमि को मूल स्वरूप में बहाल करना और दोषियों पर दंडात्मक कार्रवाई करना अनिवार्य है। न्यायालयों ने भी जलस्रोतों व सार्वजनिक भूमि पर किसी भी तरह के निजी निर्माण को असंवैधानिक ठहराया है। इसके बावजूद शाहाबाद में इन प्रावधानों की खुलेआम अनदेखी हो रही है।

### दबाव में कार्रवाई न होने का आरोप

सूत्रों के मुताबिक शिकायतों पर कार्रवाई न करने के लिए राजनैतिक रसूख अधिकारियों पर दबाव बनाता रहता है। यही वजह है कि भूमाफिया अभियान कागजों तक सीमित रह गया है। परिणामस्वरूप न तो चकमार्ग मुक्त हुए, न तालाब बचे और न ही धार्मिक स्थलों की जमीन सुरक्षित रह सकी।

### जनहित पर सीधा असर

चकमार्गों पर कब्जे से ग्रामीणों का आवागमन बाधित है, तालाबों के समाप्त होने से जलस्तर गिर रहा है और मंदिरों की भूमि पर कब्जा सामाजिक तनाव को जन्म दे रहा है। यह सब सरकार की फ्रजीरो टॉलरेंसफ्र नीति पर गंभीर सवाल खड़े करता है।अब बड़ा सवाल यह है कि योगी सरकार के नौ साल पूरे होने के बाद भी यदि सरकारी जमीन कब्जामुक्त नहीं हो सकी, तो शाहाबाद में भूमाफिया राज पर लगाम कब और कैसे लगेगी ? जनता जवाब और ठोस कार्रवाई की प्रतीक्षा कर रही।

# डीएम ने मतदाताओं की मौजूदगी में पढ़ी प्रकाशित निर्वाचक नामावली

## त्रुटि मिलने पर दावे-आपत्ति दर्ज कराने का किया आह्वान, विशेष अभियान के तहत सभी बूथों पर हुई पढ़त

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**




जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा रविवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय चौपरिया एवं प्राथमिक विद्यालय सिसवा अमहवा में मतदाताओं की उपस्थिति में प्रकाशित आलेख्य निर्वाचक नामावली का वाचन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने मतदाताओं से अपील की कि यदि नामावली में किसी प्रकार की त्रुटि अथवा शिकायत हो तो जिला प्रशासन को अवगत कराएं, ताकि समय रहते सुधार किया जा सके।

जिलाधिकारी ने बताया कि दिनांक 06 जनवरी 2026 को एसआईआर-2026 के अंतर्गत ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित की जा चुकी है। मतदाता सूची को जनपद की वेबसाइट maharajganj.nic.in पर श्वद्यद्गष्ह्लद्बश्ठ ष्ह्वठ्ठद्गद्य के माध्यम से देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त सूची बीएलओ, संबंधित ईआरओ कार्यालय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय महराजगंज में भी उपलब्ध है।उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करते हुए बताया कि ceouttarpradesh.nic.in पर EPIC नंबर के माध्यम से नाम, बूथ सहित सभी विवरण देखे जा सकते हैं। साथ ही वैकल्पिक पोर्टल electoralsearch.eci.gov.in पर भी मतदाता संबंधी समस्त जानकारियां उपलब्ध हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6, नाम विलोपन के लिए फॉर्म-7 तथा संशोधन या स्थान परिवर्तन के लिए फॉर्म-8 भरा जा सकता है। वहीं एनआरआई मतदाता फॉर्म-6 के माध्यम से नाम दर्ज करा सकते हैं।

बीएलओ एवं सुपरवाइजर्स को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि एक ही परिवार के सभी सदस्यों का नाम एक ही बूथ पर दर्ज हो। आवश्यक होने पर फॉर्म-8 भरवाया जाए। साथ ही सभी मतदाताओं के फोटो स्पष्ट हों और कोई भी पात्र मतदाता सूची से छूटने न पाए। दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण पारदर्शी और नियमानुसार किया जाए।

उच्च प्राथमिक विद्यालय चौपरिया में कुल दो बूथ स्थापित हैं। बूथ संख्या 177 पर 839 तथा बूथ संख्या 178 पर 445 मतदाता पंजीकृत हैं। वहीं सिसवा अमहवा में भी दो बूथ हैं। बूथ संख्या 121 पर एसआईआर के उपरांत 1010 मतदाता तथा बूथ संख्या 122 पर 617 मतदाता पंजीकृत पाए गए। इस दौरान नए मतदाताओं से फॉर्म-6 भी भरवाए गए।

उपस्थित मतदाताओं ने नामावली में सम्मिलित नामों पर संतोष व्यक्त किया। विशेष अभियान के अंतर्गत दिनांक 11 जनवरी 2026 (रविवार) को प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक जनपद के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की उपस्थिति में निर्वाचक नामावली का वाचन किया गया। बैठकों के आयोजन से पूर्व मतदाताओं को इसकी सूचना दी गई थी। इस अवसर पर स्थानीय मतदाता ऋषिकेश पटेल, मोहनलाल गुप्ता, रामटहल, भभूती, बैजनाथ, संतोष, छेदी, मुन्ना सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## निर्वाचक नामावली में समस्या हो तो ऐप के माध्यम से करें संपर्क

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले में रविवार को उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य प्रगति पर है। इस क्रम में आयोग के निर्देश के अनुपालन में निर्वाचक नामावलियों के आलेख्य का प्रकाशन बीते 6 जनवरी को किया जा चुका है। निर्देशों के अनुसार दिनांक 11 जनवरी को बीएलओ द्वारा अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं, क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों तथा राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंटों के समक्ष मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदाताओं से अपील की गई है कि वे मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जाँच लें। यदि किसी योग्य मतदाता का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित नहीं है, तो वे निर्धारित फार्म- 6 एवं अनुलग्नक- 4 घोषणा पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

# भ्रष्टाचार पर प्रहार : घूसखोर दरोगा रंगे हाथ गिरफ्तार

- एंटी करप्शन टीम ने 50 हजार की घूस लेते रंगे हाथ पुलिस उपनिरीक्षक को दबोचा
- एंटी करप्शन टीम की बड़ी कार्रवाई से महराजगंज के पुलिस महकमे में मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



जनपद महराजगंज में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन विभाग ने बड़ी और साहसिक कार्रवाई करते हुए पुलिस विभाग के एक उपनिरीक्षक को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। सदर कोतवाली क्षेत्र में तैनात 2019 बैच के उपनिरीक्षक मुहम्मद अशरफ खान को एंटी करप्शन टीम ने 50 हजार रुपये की घूस स्वीकार करते समय दबोच लिया। इस कार्रवाई के बाद पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार उपनिरीक्षक मुहम्मद अशरफ खान मूल रूप से जनपद गाजीपुर का निवासी है और वर्तमान में थाना कोतवाली महराजगंज में तैनात था। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने एंटी करप्शन विभाग को लिखित शिकायत दी थी कि उसके खिलाफ दर्ज मुकदमे में धाराएं कम करने के नाम पर दरोगा द्वारा 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी जा रही है। शिकायतकर्ता का आरोप था कि रकम न देने पर उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी जा रही थी।

शिकायत की प्राथमिक जांच और पुष्टि के बाद एंटी करप्शन टीम ने पूरी योजना के साथ जाल बिछाया। तय रणनीति के अनुसार जैसे ही आरोपी दरोगा ने शिकायतकर्ता से घूस की रकम ली, टीम ने मौके पर ही उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी के पास से पूरी 50 हजार रुपये की रिश्वत की रकम बरामद कर ली गई और आवश्यक साक्ष्य सुरक्षित कर लिए गए।

एंटी करप्शन टीम के प्रभारी शिवमनोहर यादव ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी उपनिरीक्षक को घूस लेते समय पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई की जा रही है और रिश्वत से जुड़े सभी साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। आरोपी को आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। इस घटना के सामने आने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। एक ओर जहां आम जनता और सामाजिक संगठनों द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ इस कार्रवाई की सराहना की जा रही है, वहीं दूसरी ओर विभागीय अधिकारियों में चिंता का माहौल है। लोगों का कहना है कि इस तरह की सख्त कार्रवाइयों से भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी और पुलिस की छवि को सुधारने में मदद मिलेगी।

# बूथों पर स्थानीय लोगों की उपस्थिति में आलेख्य मतदाता सूची पढ़ी गई

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य प्रगति पर है। निर्देशों के अनुसार 11 जनवरी 2026 को समस्त बीएलओ द्वारा अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं, क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों तथा राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंटों के समक्ष मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया गया। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी सदर नैंसी सिंह की उपस्थिति में 248 प्रतापगढ़ के बूथ सगरा,चकबनतोड़, जहनईपुर, अबूल कलाम इंटर कॉलेज आदि बूथों पर स्थानीय लोगों की उपस्थिति में आलेख्य मतदाता सूची पढ़ी गई। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी ने सभी स्थानीय लोगों से अपील करते हुए कहा कि जो भी नागरिक 18 साल के हो गए हैं वे सभी लोग फार्म 6 एवं घोषणा पत्र भरकर अपना नाम वोटर लिस्ट में शामिल कराए, यदि मतदाता सूची में किसी प्रकार का संशोधन है तो उसे आवश्यक करवा ले। इस अवसर पर बी.आर.सी. अरविंद धर्मेंद्र ओझा, शशांक कुमार उमरवैश्य, रूपेश ओझा संदीप यादव आदि सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

## नगर पालिका की वैन ने लोगों को रैन बसेरा में पहुंचाया

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

निर्माणाधीन रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार की रात यात्री ठंड से ठिठुर रहे थे। इसके अलावा महानगरों से कमाकर देर रात को पडरौना पहुंचे कुछ युवक साधन नहीं मिलने के कारण फंसे थे। इसकी जानकारी किसी ने पडरौना नगर पालिका चेयरमैन को दिया। रात को पहुंचे चेयरमैन स्टेशन से यात्रियों को अपने वाहन से लाकर नगर पालिका की ओर से बने अस्थायी रैन बसेरा में पहुंचाया और भोजन कराए। वहीं सुभाष चौक पर फंसे पांच युवकों को रात एक बजे रामकोला उनके घर तक वैन से पहुंचवाया। नगर पालिका प्रशासन की ओर से सुभाष चौक पर एक वैन खड़ी रहती है। रात को आने वाले लोगों को साधन नहीं मिलने पर उनके घर तो पहुंचाती है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में आप का प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रही हिंसा और अत्याचार के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सक्सेना चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन पार्टी के प्रदेश प्रभारी संजय सिंह के आह्वान पर आयोजित किया गया, जिसकी अगुवाई राष्ट्रीय परिषद सदस्य पशुपतिनाथ गुप्त ने की।

नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए आप नेताओं ने केंद्र सरकार से बांग्लादेश के मुद्दे पर कड़ा और स्पष्ट रुख अपनाने की मांग की। वक्ताओं ने सवाल उठाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ खुलकर आवाज क्यों नहीं उठा रहे हैं। पशुपतिनाथ गुप्त ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अपने करीबी उद्योगपतियों के हितों की रक्षा में व्यस्त है, जबकि पड़ोसी देश में हो रहे अत्याचारों पर चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने कहा कि आरएसएस-भाजपा समर्थित संगठन इस संवेदनशील मुद्दे का इस्तेमाल देश के भीतर हिंदू-मुस्लिम तनाव भड़काने के लिए कर रहे हैं, ताकि जनता का ध्यान असली समस्याओं से भटकाया जा सके। वक्ताओं ने कहा कि देश आज बेरोजगारी, महंगाई, स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली, शिक्षा और बिजली-पानी जैसी बुनियादी समस्याओं से जूझ रहा है, लेकिन सरकार इन मुद्दों पर ध्यान देने के बजाय धार्मिक विवादों को हवा देकर जनता को उलझाए रखना चाहती है। नुक्कड़ सभा को जिला महासचिव शिवदयाल यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुड्डू ठाकुर और युवा जिलाध्यक्ष कृष्ण मोहन गुप्ता ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बद्री विशाल गुप्ता, कृष्णा कसौधन, नौतनवा विधानसभा अध्यक्ष संजय पांडे, विजय अग्रहरी, सदानंद शर्मा, रियासुद्दीन, उमेश गुप्ता, हरिलाल वर्मा, सिकंदर रौनियार सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसपी ने पुलिस लाइन में किया अपराध गोष्ठी का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले में रविवार को पुलिस लाइन स्थित सई कॉम्प्लेक्स में एसपी दीपक भूकर की अध्यक्षता में एक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय व जिले के समस्त सीओ व थाना प्रभारी के साथ ही समस्त शाखा प्रभारी, निरीक्षक प्रज्ञान, उप निरीक्षक परिवहन, सीसीटीएनएस प्रभारी, तथा रेडियो निरीक्षक प्रतापगढ़ सहित जनपद के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

गोष्ठी के दौरान एसपी दीपक भूकर द्वारा जिले में घटित अपराधों की समीक्षा की गई। उन्होंने समस्त अधिकारियों से प्राप्त प्रकरणों एवं अभियोगों की स्थिति, विवेचना की प्रगति, अभियुक्तों की गिरफ्तारी, लंबित प्रकरणों एवं न्यायालयीन कार्यवाही की स्थिति का विस्तृत विवरण प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने आईओआरएस व सीसीटीएनएस प्रविष्टियों की अद्यतन स्थिति, थानों में भूमि विवाद, हत्या, लूट, चोरी, एनडीपीएस, गैंगेस्टर आदि अपराधों की समीक्षा, तथा वांछित एवं फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की गई कार्यवाही पर विस्तृत चर्चा की। गोष्ठी में न्यायालयों में लंबित अभियोगों की प्रगति, विवेचना की गुणवत्ता, एवं अपराध नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियानों जैसे एसआईआर, एफएसआर, गैंगेस्टर, एनडीपीएस आदि की स्थिति की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त माह के लिए प्रस्तावित गैंगेस्टर चार्ट, विशेष रिपोर्ट, एवं विभिन्न शाखाओं से प्राप्त अद्यतन सूचनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। एसपी ने सभी अधिकारीगण को निर्देशित किया कि जिले में कानून-व्यवस्था की सुदृढ़ता एवं अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से प्रत्येक प्रकरण की विवेचना को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए तथा वांछित, फरार एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए।

## पंचायत भवन का ताला तोड़कर सामान चोरी

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

चौराखास थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भठही दरियाव टोला के पंचायत भवन में लाखों रुपये के सामानों की चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरी की घटना को लेकर ग्राम प्रधान ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम प्रधान अजय पांडेय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि बीते शुक्रवार को पंचायत भवन पर लोगों के साथ बैठक हुई थी। पंचायत सहायक वंदना गुप्ता शनिवार की सुबह करीब 11 बजे पंचायत भवन पर पहुंचीं तो मुख्य दरवाजे में लगा ताला टूटा पड़ा हुआ था। चोरों ने लाखों रुपये के सामान पंचायत भवन से उठा ले गए हैं। थाना प्रभारी दिनेश साहनी ने कहा कि पुलिस मौके पर गई थी। छानबीन की जा रही है।

# सराहनीय कार्यों के लिए एसपी ने पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**




जिले में रविवार को एसपी दीपक भूकर ने अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा एवं उत्कृष्ट पुलिसिंग का परिचय देने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी। बता दें कि रविवार को अपराध गोष्ठी के बाद माह दिसम्बर में विवेचना निस्तारण हेतु चलाए गए विशेष अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट योगदान, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सराहनीय, निष्ठापूर्ण एवं साहसिक कार्य करने वाले निम्न पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। जिनमें थाना प्रभारी कुण्डा अवन कुमार दीक्षित, थाना प्रभारी संग्रामगढ़ मनोज कुमार तोमर व उदयपुर थाने पर तैनात एसआई राजेश शुक्ला को एसपी ने सम्मानित करते हुए उन्हें भविष्य में भी निष्ठा, साहस, तत्परता एवं जनसेवा की भावना के साथ कर्तव्य पालन करते हुए कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु प्रेरित किया।

**एसपी के अनुसार** -यह सम्मान न केवल पुलिसकर्मियों के मनोबल को बढ़ाने वाला है, बल्कि बेहतर, प्रभावी एवं जनोन्मुखी पुलिसिंग के लिए एक सशक्त प्रेरणास्रोत भी सिद्ध होगा।।

# देवरिया बस स्टैंड निर्माण में देरी पर हाईकोर्ट सख्त, आदेश के बावजूद कैबिनेट मंजूरी नहीं

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने देवरिया बस स्टैंड के निर्माण में ढिलाई पर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने निर्देश के बावजूद कैबिनेट स्तर पर कोई ठोस प्रगति नहीं होने पर राज्य सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता को अंतिम अवसर देते हुए चेतावनी दी है कि आदेश का पालन न होने पर सख्त कार्रवाई होगी।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने देवरिया बस स्टैंड के निर्माण में ढिलाई पर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने निर्देश के बावजूद कैबिनेट स्तर पर कोई ठोस प्रगति नहीं होने पर राज्य सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता को अंतिम अवसर देते हुए चेतावनी दी है कि आदेश का पालन न होने पर सख्त कार्रवाई होगी। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने अधिवक्ता प्रदीप कुमार पांडेय की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया।

याचिका में कहा गया था कि यात्रियों की संख्या बढ़ रही है पर अब तक स्थायी और आधुनिक बस स्टैंड का निर्माण नहीं हो सका है। हाईकोर्ट ने एक सितंबर 2025 को पारित आदेश में कहा था कि बस स्टैंड के निर्माण में देरी लाल फीताशाही की वजह से हो रही है। जबकि, बस स्टैंड की आवश्यकता को लेकर कोई विवाद नहीं है। राज्य सरकार की ओर से पेश शासकीय अधिवक्ता ने कोर्ट में दलील दी थी कि बस स्टैंड का प्रस्ताव राज्य कैबिनेट की मंजूरी के लिए लंबित है। दिसंबर 2025 तक स्वीकृति मिलने की संभावना है। यह भी बताया गया था कि मंजूरी के बाद विभिन्न औपचारिकताओं के कारण निर्माण पूरा होने में लगभग साढ़े तीन वर्ष लग सकते हैं।

साथ ही शासकीय अधिवक्ता ने कोर्ट में दलील दी थी कि 2021-22 में एक अस्थायी शेड का निर्माण किया गया है। वहीं, दूसरा शेड निर्माणाधीन है जिसे अक्तूबर 2025 तक पूरा किया जाना था। कोर्ट ने मामले में कैबिनेट मंजूरी को पहला महत्वपूर्ण चरण मानते हुए अगली सुनवाई आठ जनवरी 2026 को तय की थी और अस्थायी शेड का कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए थे। आठ जनवरी 2026 को सुनवाई में सरकारी पक्ष कैबिनेट मंजूरी के संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे सका।

## सेना के जवान और पुलिसकर्मियों के बीच धक्का मुक्की का वीडियो वायरल

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

सोशल मीडिया पर कोतवाली पुलिस और एक सेना के जवान के साथ धक्का मुक्की का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो सात जनवरी की बताई जा रही है। वायरल वीडियो देख स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे है जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के ग्राम माथापार गांव के देवनाथ यादव व उनके भाई काशी यादव के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। जिसमें देवनाथ यादव ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि जब वह अपने घोठे पर आग तापते हुए पशुओं को चारा खिला रहे थे, तभी उनके बड़े भाई काशी यादव वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर काशी यादव ने उन्हें मारने के लिए दौड़ा लिया।

# मिशन शक्ति अभियान : महिलाओं एवं बालिकाओं को किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले की अंतू थाने की मिशन शक्ति टीम ने मिशन शक्ति फेज- 5.0 के तहत रविवार को थाना इलाके के बाजारों एवं प्रमुख मार्गों पर आने-जाने वाली महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी विषयों पर जागरूक किया। इस दौरान उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं से उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही उन्हें कौशल विकास योजना, उत्तर प्रदेश कन्या सुमंगला योजना, वन स्टॉप सेंटर योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा सार्वजनिक स्थानों एवं बाजार क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों, व्यक्तिगत सुरक्षा उपायों तथा साइबर अपराध से बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान शासन द्वारा संचालित पुलिस आपातकालीन सेवा, वुमेन पावर लाइन, महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं साइबर अपराध हेल्पलाइन समेत विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में बताया गया तथा किसी भी समस्या या आपात स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त करने हेतु इनके उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से पुलिस का उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना, अपराधों की रोकथाम करना एवं उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है, ताकि वे निर्भय होकर अपने दैनिक जीवन का संचालन कर सकें।

# एडी पेंशन आत्म प्रकाश बाजपेई के कार्यालय में भ्रष्टाचार!

## रिटायर कर्मचारी रमेश शुक्ला चलाता है पेंशन कार्यालय?



शिकायती पत्र

- रिटायर कर्मचारी रमेश शुक्ला चलाता है पेंशन कार्यालय, भ्रष्टाचार पर शिक्षक संघ की मुख्यमंत्री से शिकायत
- दो साल पहले रिटायर, आज भी कुर्सी पर-पेंशन के नाम पर खुली लूट?
- पेंशन स्वीकृति के बदले 30 हजार तक वसूली, कोषागार कार्यालय पर गंभीर आरोप?

जन एक्सप्रेस। दिलीप उपाध्याय

**बस्ती।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति सरकार का सबसे बड़ा दावा है, लेकिन बस्ती मंडल की जमीनी तस्वीर इस दावे को कठघरे में खड़ा करती है। अपर कोषागार एवं पेंशन कार्यालय, बस्ती मंडल में सामने आया मामला बताता है कि व्यवस्था के भीतर ही भ्रष्टाचार किस तरह बेखौफ फल-फूल रहा है। यहां आरोप है कि दो वर्ष पूर्व रिटायर हो चुका कर्मचारी रमेश शुक्ला आज भी पेंशन कार्यालय को अपने इशारों पर चला रहा है।

बताया जा रहा है कि रमेश शुक्ला नियमित रूप से कार्यालय में बैठता है, पटल सहायकों के बीच प्रभाव जमाता है और पेंशन पत्रावलियों में आपत्तियां लगवाकर बुजुर्ग शिक्षकों व कर्मचारियों को मानसिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित करता है। पेंशन स्वीकृति की प्रक्रिया को जानबूझकर उलझाया जाता है, कागजातों में कमी का बहाना बनाया जाता है और फिर कथित रूप से हजारों रुपये की वसूली के बाद ही फाइलें आगे बढ़ती हैं। यह स्थिति उन लोगों के लिए सबसे पीड़ादायक है, जिनकी आजीविका का एकमात्र सहारा पेंशन है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब कोई व्यक्ति विभाग में कार्यरत ही नहीं है, तो उसे सरकारी कार्यालय में बैठने, फाइलों तक पहुंच और निर्णयों को प्रभावित करने की छूट आखिर किसने दी? यह मामला केवल एक रिटायर कर्मचारी तक सीमित नहीं दिखता, बल्कि इसके पीछे विभागीय संरक्षण और मौन सहमति के गंभीर आरोप उभरकर सामने आ रहे हैं। इसी कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ बस्ती शिक्षक संघ ने खुलकर आवाज उठाई है। संघ ने मुख्यमंत्री पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराते हुए जिलाधिकारी से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। संघ का साफ कहना है कि यदि भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की नीति सचमुच जीरो टॉलरेंस है, तो बस्ती का यह मामला उसकी ईमानदारी और इच्छाशक्ति की सबसे बड़ी परीक्षा है।

### एडी पेंशन कार्यालय में

### भ्रष्टाचार के आरोप, शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री से की शिकायत

एडी पेंशन कार्यालय में कथित भ्रष्टाचार को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री से ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराते हुए जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारियों को भी पत्र भेजा है। शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रिका सिंह के नेतृत्व में जिला मंत्री बालकृष्ण ओझा और जिला कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव ने आरोप लगाया कि पेंशन से जुड़े कार्यों में भारी अनियमितताएं हो रही हैं और बिना लेन-देन के फाइलें आगे नहीं बढ़तीं। संघ का कहना है कि कार्यालय का अधिकांश काम रिटायर कर्मचारी रमेश शुक्ला द्वारा कराया जा रहा है, जो नियमों के खिलाफ है। आरोप है कि पेंशन पत्रावली और अन्य प्रक्रियाएं पैसे के बिना पूरी नहीं की जातीं, जिससे शिक्षकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शिक्षक संघ ने इसे अधिकारियों की मिलीभगत बताते हुए कहा कि यह सब उनकी जानकारी और संरक्षण में चल रहा है। संघ ने मांग की है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई हो। शिक्षक संघ ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो वह बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

### पेंशन के नाम पर खुली लूट!


2 साल पहले रिटायर कर्मचारी रमेश शुक्ल ऑफिस में बैठकर काम-काज करता हुआ।

### एडी पेंशन कार्यालय के अधिकारियो को क्यों नहीं दिखता रिटायर कर्मी?

सबसे बड़ा सवाल यह है कि दो साल पहले रिटायर हो चुका व्यक्ति रोज़ सरकारी कार्यालय में बैठकर काम कर रहा है और अधिकारियों को यह दिखाई नहीं देता? क्या अधिकारियों की आंखें बंद हैं या फिर यह सब उनकी जानकारी में हो रहा है? कार्यालय में उपस्थिति रजिस्टर, सीसीटीवी कैमरे और कर्मचारी मौजूद हैं, फिर भी रिटायर कर्मी का खुलेआम काम करना अधिकारियों की गंभीर नाकामी या मिलीभगत की ओर इशारा करता है। यदि अधिकारी अनजान हैं तो यह अयोग्यता है, और यदि जानकर मौन हैं तो यह सीधा भ्रष्टाचार है।

### एडी पेंशन कार्यालय मे संरक्षण देने वाले अफसरों पर भी कार्रवाई जरूरी

बस्ती शिक्षक संघ का स्पष्ट कहना है कि यह भ्रष्टाचार किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की बीमारी है। जब तक संरक्षण देने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक ऐसी घटनाएं रुकने वाली नहीं हैं। रिटायर कर्मी को दफ्तर में बैठने की अनुमति, फाइलों तक पहुंच और पटल सहायकों पर प्रभाव—यह सब बिना उच्च स्तर के संरक्षण के संभव नहीं। संघ ने मांग की है कि दोषी रिटायर कर्मी के साथ-साथ जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कठोर कार्रवाई हो।



"एडी पेंशन कार्यालय पूरी तरह भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है। बिना लेन-देन के न कोई पेंशन फाइल बढ़ती है, न कोई पत्रावली आगे जाती है। रिटायर कर्मचारी वर्षों से टेबल पर बैठकर खुलेआम पेंशन कार्य निपटा रहा है, जो नियमों की सीधी अवहेलना है। यह सब अधिकारियों की जानकारी और संरक्षण के बिना संभव नहीं। शिक्षक संघ स्पष्ट करता है कि यदि इस संगठित भ्रष्टाचार पर तत्काल जांच कर जिम्मेदार अफसरों सहित दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो संघ सड़क से लेकर शासन तक व्यापक आंदोलन करेगा।

-चंद्रिका सिंह
जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, बस्ती



"एडी पेंशन कार्यालय में बिना पैसे के कोई भी काम नहीं होता और पेंशन की पत्रावलियां जानबूझकर रोकी जाती हैं। शिक्षक संघ का आरोप है कि रिटायर कर्मचारी दो वर्षों से अधिक समय से टेबल पर बैठकर पेंशन कार्यों का निपटारा कर रहा है और उसके बिना कोई भी पत्रावली आगे नहीं बढ़ती। यह नियमों की खुली अवहेलना और अधिकारियों की मिलीभगत को दर्शाता है। संघ का कहना है कि अफसरों की सहमति के बिना ऐसा संभव नहीं, इसलिए जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। कार्रवाई न होने पर शिक्षक संघ बड़े आंदोलन को बाध्य होगा।

-बालकृष्ण ओझा
जिला मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ, बस्ती

### सवालों से पलायन या सच से इनकार? अपर निदेशक पेंशन का बयान कठघरे में

पेंशन कार्यालय में अनियमितता के ठोस प्रमाण सामने होने के बावजूद अपर निदेशक पेंशन का रवैया बेहद चौंकाने वाला है। तथ्यों पर जवाब देने के बजाय पत्रकर से पहचान पत्र की शर्त और रसूखदार रिश्तेदारों का हवाला देना, सीधे तौर पर जवाबदेही से बचने की कोशिश दिखाता है। वीडियो-फोटो में रिटायर व्यक्ति को दफ्तर में बैठकर काम करते साफ देखा जा रहा है, फिर भी उसका खंडन करना प्रशासनिक संवेदनहीनता को उजागर करता है। यदि अधिकारी अपने ही कार्यालय की गतिविधियों से अनजान हैं तो यह गंभीर लापरवाही है, और यदि जानबूझकर अनदेखी की जा रही है तो यह मिलीभगत की आशंका को जन्म देता है। दोनों ही स्थितियों में यह मामला अब स्पष्टीकरण नहीं, बल्कि तत्काल जांच और जिम्मेदारी तय करने की मांग करता है।

### मेरे रिश्तेदार बड़े पत्रकार हैं- सवालों के जवाब में अपर निदेशक का दबाव भरा बयान

पेंशन कार्यालय में रिटायर कर्मचारी द्वारा कार्य किए जाने और सामने आए वीडियो-फोटो के संबंध में जब अपर निदेशक पेंशन से जन एक्सप्रेस ने उनके मोबाइल नम्बर 88879 50278 सवाल किए गए, तो उन्होंने तथ्यों पर जवाब देने के बजाय दबाव भरा और गैर-जिम्मेदाराना बयान देकर मामला टालने की कोशिश की। बातचीत के दौरान उन्होंने पहले पत्रकार से पहचान पत्र और जॉइनिंग लेटर भेजने की शर्त रखी, फिर यह कहकर बात को मोड़ दिया कि मेरे घर मे रिश्तेदार स्टेट लेवल के बड़े पत्रकार हैं, मैं सब जानता हूं। एक जिम्मेदार पद पर बैठे अधिकारी का इस तरह का बयान न केवल मर्यादाओं के खिलाफ है, बल्कि पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े करता है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि वीडियो और फोटो में साफ दिख रहा है कि एक व्यक्ति कार्यालय में टेबल पर बैठकर नियमित कर्मचारियों की तरह काम कर रहा है, इसके बावजूद अपर निदेशक का यह कहना कि उनके यहां ऐसा कोई कर्मचारी नहीं है, संदेह को और गहरा करता है।

### विजिलेंस से बचाव का पुराना खेल: रिटायरमेंट के बाद भी दफ्तरों में अघोषित काम की परंपरा

सरकारी दफ्तरों में एक गंभीर और लंबे समय से चली आ रही परंपरा यह भी है कि रिटायरमेंट के बाद कर्मचारी दो से तीन वर्षों तक उसी कार्यालय में सक्रिय रूप से काम करते रहते हैं। इसका उद्देश्य अनुभव का लाभ लेना कम और विजिलेंस जांच व संभावित कार्रवाई से बचाव अधिक माना जाता है। जब भी कोई सवाल या जांच उठती है, तो अधिकारी यह कहकर जिम्मेदारी से बच निकलते हैं कि मेरे यहां ऐसा कोई कर्मचारी नहीं है, जबकि हकीकत में रिटायर व्यक्ति रोजाना दफ्तर में बैठकर फाइलों और कार्यों का निस्तारण करता रहता है। इसी कड़ी में पेंशन कार्यालय में रिटायर कर्मचारी रमेश शुक्ला पिछले करीब ढाई वर्षों से इसी तरीके से काम करते बताए जा रहे हैं। यदि सीसीटीवी फुटेज, फोटो और अन्य रिकॉर्ड की निष्पक्ष जांच की जाए तो वह नियमित रूप से कार्यालय में बैठकर कार्य करते साफ नजर आएंगे। इससे पहले भी एक श्रीवास्तव नामक रिटायर कर्मचारी इसी तरह काम करता रहा है। यह पूरा मामला अधिकारियों के संरक्षण और प्रशासनिक मिलीभगत की ओर इशारा करता है, जिस पर अब गंभीर जांच की जरूरत है।

### एडी पेंशन आत्म प्रकाश बाजपेई की कब खुलेगी आँखे??

शिकायत के अनुसार पेंशन स्वीकृति की प्रक्रिया को जानबूझकर जटिल और लंबित रखा जाता है। फाइलों में छोटी-छोटी आपत्तियां लगाकर महीनों तक रोका जाता है। बुजुर्ग शिक्षक और कर्मचारी दफ्तरों के चक्कर काटते रहते हैं, लेकिन बिना कथित लेन-देन के उनकी पेंशन स्वीकृत नहीं होती। आरोप है कि 20 से 30 हजार रुपये देने पर ही फाइल आगे बढ़ती है। यह सिर्फ आर्थिक शोषण नहीं, बल्कि बुढ़ापे की सुरक्षा से खिलवाड़ है, जो व्यवस्था की संवेदनहीनता को उजागर करता है। सवाल उठता है कि कार्यालय मे हो कारनामें **एडी पेंशन आत्म प्रकाश बाजपेई** को क्यों नहीं दिखती। आखिर उनकी आँखे कब खुलेंगी या भ्रष्टाचार का नंगा नाच यूं ही चलता रहेगा।

# जिलाधिकारी के हाथों काव्य संग्रह 'जीवन उमंग' का विमोचन

- सुइथाकला गांव में साहित्यिक आयोजन, रचनाकार डॉ. प्रदीप कुमार दूबे को मिली शुभकामनाएं

जन एक्सप्रेस। जौनपुर




सुईथाकला ब्लॉक क्षेत्र के सुईथाकला गांव में रविवार को साहित्यिक वातावरण उस समय जीवंत हो उठा, जब प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. प्रदीप कुमार दूबे द्वारा रचित काव्य संग्रह 'जीवन उमंग' का विमोचन जनपद के जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र के करकमलों से संपन्न हुआ। निजी आवास पर आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी, शिक्षाविद् और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मां सरस्वती वंदना से हुआ शुभारंभ

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात रचनाकार डॉ. प्रदीप कुमार दूबे ने मंगलाचरण का काव्य पाठ कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। आयोजक की ओर से मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का माल्यार्पण और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया।

### साहित्य से मिलता है अमरत्व - जिलाधिकारी

अपने संबोधन में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने डॉ. दूबे की लेखनी की सराहना करते हुए कहा कि साहित्य सृजन अमरत्व की ओर ले जाने वाला श्रेष्ठ माध्यम है। रचनाकार अपने विचारों और भावनाओं के माध्यम से समाज के मानस पटल पर सदैव जीवित रहता है। उन्होंने ग्रामीण परिवेश में इस प्रकार के साहित्यिक आयोजन की प्रशंसा करते हुए इसे गुरुकुल परंपरा की स्मृति से जोड़ा और प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा दी।

### विशिष्ट अतिथि ने भी की प्रशंसा

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित श्री गांधी स्मारक इंटर कॉलेज, समोधपुर के प्रधानाचार्य डॉ. अजेय प्रताप सिंह ने भी अपने वक्तव्य में डॉ. दूबे के काव्य संग्रह को भावनाओं और जीवन मूल्यों से समृद्ध बताया। उन्होंने कहा कि 'जीवन उमंग' आमजन से सीधा संवाद स्थापित करता है।

### कविता पाठ ने बांधा समां

इस अवसर पर शिक्षिका ज्योतिबाला तथा स्वयं रचनाकार डॉ. प्रदीप कुमार दूबे ने अपनी स्वरचित कविताओं का पाठ किया, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा। तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा वातावरण गूंज उठा।

### आभार व सम्मान के साथ समापन

कार्यक्रम का समापन रूप सेवा संस्थान के अध्यक्ष पं. रामकृष्ण तिवारी के अध्यक्षीय उद्बोधन से हुआ। अंत में आयोजक रचनाकार ने उपस्थित पत्रकारों को कलम व डायरी भेंट कर सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### गणमान्य लोग रहे उपस्थित

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कुणाल गौरव, तहसीलदार अवनीश सिंह, विनय तिवारी, डॉ. आलोक सिंह पालीवाल, रामदयाल द्विवेदी, सुरेश पाण्डेय, वीरेंद्र सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक, कवि एवं गीतकार राहुल राज मिश्र ने किया।

# बदलापुर में फरार रहे निलंबित प्रधानाचार्य, विद्यालय में शाम तक जांच अधिकारी करते रहे इंतजार

**जांच अधिकारी ने उपस्थित होने से पहले किया फोन तो आने की बात कहकर शाम तक नहीं हुए उपस्थित।**

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जिले के बदलापुर नगर स्थित ईश्वरी नारायण संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बदलापुर में निलंबित प्रभारी प्रधानाचार्य लक्ष्मीकांत मिश्रा एक बार फिर जांच से बचते हुए जांच अधिकारी और प्रबंधक कमेटी को परेशान करने का कार्य किया। कार्यकारिणी के प्रस्ताव पर निलंबन से जुड़े बिंदुओं की जांच के लिए नियुक्त जांच अधिकारी जे.एन. सिंह, (जगन्नाथ सिंह) अधिवक्ता उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं कोषाध्यक्ष, प्रबंध कार्यकारिणी समिति पूर्व सूचना के अनुसार आज 10 जनवरी 2026 को विद्यालय परिसर में पहुंचे, लेकिन निलंबित प्रधानाचार्य निर्धारित समय तक उपस्थित नहीं हुए। जांच अधिकारी के अनुसार दूरभाष पर पूर्व में संपर्क कर उन्हें आज दोपहर 1:00 बजे तक विद्यालय में उपस्थित होने की सूचना दी गई थी। शुरुआती बातचीत में निलंबित प्रधानाचार्य ने आने की बात भी कही, किंतु जांच अधिकारी के विद्यालय पहुंचने के बाद न तो वे उपस्थित हुए और न ही उनका फोन उठाया गया। स्थिति यह रही कि शाम 4 से 5 बजे तक जांच अधिकारी विद्यालय परिसर में इंतजार करते रहे और दर्जनों बार कॉल करने के बावजूद संपर्क नहीं हो सका। इस दौरान विद्यालय के अतिरिक्त प्रभार प्रधानाचार्य कमलेश कुमार यादव ने स्पष्ट रूप से बताया कि निलंबित प्रभारी प्रधानाचार्य 14 दिसंबर 2025 से आज तक विद्यालय में उपस्थित नहीं हुए हैं, न ही विद्यालय से ले जाए गए अभिलेखों को वापस किया गया है और न ही विधिवत रूप से प्रभार सौंपा गया है।

जांच अधिकारी जेएन सिंह (जगन्नाथ सिंह) ने बताया कि निलंबित प्रधानाचार्य को जांच के लिए पर्याप्त और अंतिम अवसर दिया गया था। पूर्व सूचना के बावजूद विद्यालय परिसर में उपस्थित न होना और किसी भी प्रकार का सहयोग न करना, उनके असहयोगात्मक रवैये को दर्शाता है। ऐसे में अब विद्यालय कार्यकारिणी द्वारा उपलब्ध पत्रावली एवं अभिलेखों के आधार पर आरोप पत्र तैयार कर निलंबित प्रभारी प्रधानाचार्य एवं कार्यकारिणी को सौंपा जाएगा। यह अवसर अंतिम था, जिसे निलंबित प्रधानाचार्य ने स्वयं समाप्त कर दिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आरोप पत्र की नोटिस शीघ्र ही लक्ष्मीकांत मिश्रा को तामिल कराई जाएगी, साथ ही इसकी एक प्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु अतिरिक्त प्रभार प्रधानाचार्य कमलेश कुमार यादव को भी प्रेषित की जाएगी।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राजेश कुमार सिंह, उप-प्रबंधक अखिलेश चंद्र शुक्ला, कार्यकारिणी अध्यक्ष रमेशचंद्र दूबे, कार्यकारिणी सदस्य आशीष पाण्डेय, शिक्षक बृजेश चंद्र शुक्ला, सेवा निवृत्त शिक्षक नारेंद्र नाथ तिवारी, शिक्षक शुभम सिंह, सहित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# दो बाइक व चोरी के लाखों के सामान के साथ चार चोर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

खुटहन पुलिस ने शनिवार की रात गोवंशीय पशुओं की तस्करी व चोरी करने वाले रवींद्र वर्मा के अंतरजनपदीय गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से दो बाइक व चोरी के लाखों रुपये मूल्य के सामान मिले हैं। पूछताछ चोरी की तीन घटनाओं का राजफाश हुआ। हाल में हुई चोरी की घटनाओं की छानबीन में जुटे थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने लक्ष्मीशंकर चौराहा पर चेकिंग के दौरान मिले सुराग पर शनिवार की रात टीम के साथ धिरौली नानकार गांव में बंद पड़े ईंट भट्ठा पर घेराबंदी कर चारों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपितों में सरपतहां थाना क्षेत्र के पट्टी नरेंद्रपुर के प्रिंसू माली, शीतला प्रसाद उर्फ मुन्ना, सुनील व मदारपुर गांव के इंदल गौतम हैं। इनके पास से चोरी की गई दो इन्वर्टर, दो बैटरी, ब्लोअर, फर्राटा पंखा, चार बंडल तांबा का तार, तीन बंडल केबिल, मिक्सर मशीन, दो नए व छह पुराने सबमर्सिबल पंप बरामद हुए।

थानाध्यक्ष ने बताया पूछताछ के दौरान प्रिंसू माली ने बताया 5 जनवरी की रात मखदूमपुर गांव निवासी गिरोह के सरगना रवींद्र वर्मा ने मुझे, इंदल व सुनील व मुन्ना को मखदूमपुर स्कूल के पीछे बुलाया था। वहां रवींद्र वर्मा, मेरे गांव का शक्तिमान व एक अज्ञात युवक मिला। वहीं से साजिश रचकर पहले बनहरा में टेंट हाउस संचालक सुबाष चंद्र मौर्य की जैकेट व पिकअप चोरी की। इसके बाद पटैला बाजार सब्जी मंडी में सुभाष निगम के सहज जनसेवा केंद्र व अली हसन की इलेक्ट्रानिक्स की दुकान के ताले चटकाकर चोरी की। चोरी किए गए सामानों को लाकर कमरे में छिपाकर रख दिया था। बाकी सामान रवींद्र, शक्तिमान व अज्ञात युवक पिकअप सहित लेकर चले गए थे। कमरे में रखे सामान शाहगंज ले जाकर बेचने जाने के लिए एकत्र होने पर गिरफ्तार कर लिए गए। इंदल गौतम ने प्रिंसू माली के साथ मिलकर शेख अशरफपुर गांव स्थित बजरंग बली मंदिर से 21 दिसंबर को चोरी किया गया लाउडस्पीकर व एंपलीफायर फेरी लगाकर कबाड़ खरीदने वाले को 1500 रुपये में बेचना स्वीकार किया। थानाध्यक्ष ने रवींद्र वर्मा, शक्तिमान व तीसरे अज्ञात की तलाश की जा रही है। दोनों बाइकों को सीज कर दिया गया है। छानबीन में पल्सर बाइक आजमगढ़ जिले के अतरौलिया थाना के भरौली की रीना व स्प्लेंडर प्लस बाइक सुलतानपुर के लंभुआ थाना के कुबेर शाह पट्टी निवासी प्रेमनाथ के नाम पंजीकृत है। इंदल के विरुद्ध खुटहन, सरपतहां व देवरिया जिले के भाटपार रानी थानों में चोरी, गो-वध निवारण व गैंग्स्टर एक्ट सहित छह जबकि सुनील के विरुद्ध तीन मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रवि प्रकाश, महेंद्र यादव, हेड कांस्टेबल राम निवास यादव, अनिरुद्ध यादव, कांस्टेबल सुरेंद्र वर्मा, रण विजय यादव, कुलदीप गोस्वामी व सोनू यादव रहे।

### अलाव की चपेट में आकर एक छोटी बच्ची झुलसी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जलालपुर क्षेत्र के मझगवां कलां गांव में शनिवार की सुबह को एक 6 वर्षीय छोटी बच्ची अलाव तापते समय आग से गम्भीर रूप से झुलस गई। परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर गए। जहां के चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल से रेफर कर दिया बीएचयू के लिए। लेकिन धन के अभाव के कारण बीएचयू नहीं जा पाया। सुबह लगभग साढ़े छह बजे अपने घर के सामने अलाव ताप रही थी। परिजनों के मुताबिक अलाव तापते समय उठी आग की लपट अंशिका के कपड़े में पकड़ लिया और कुछ ही सेकेंड में अंशिका जलने लगी।

# चाइनीज मांझे के खिलाफ दायर आवेदन कोर्ट द्वारा तकनीकी आधार पर अस्वीकार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जिले में प्रतिबंधित चाइनीज/ नायलॉन/ सिंथेटिक मांझा, प्लास्टिक तात धागा और सीसा लेपित धागे की बिक्री, भंडारण तथा उपयोग के खिलाफ दायर एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक हित वाले आवेदन को माननीय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम, जौनपुर ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने आदेश में स्पष्ट किया कि अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम इस आवेदन को सुनने के लिए सक्षम नहीं हैं, क्योंकि इसमें माननीय राज्यपाल तथा जिला मजिस्ट्रेट, जौनपुर को भी पक्षकार बनाया गया है। अतः आवेदन बनाए रखने योग्य नहीं माना गया। कोर्ट ने आवेदक को निर्देश दिया कि वे इस आवेदन को उचित एवं सक्षम न्यायालय या फोरम के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। यह आवेदन ग्राम कोड्डु,थाना जफराबाद, जौनपुर निवासी आशीष शुक्ल द्वारा दायर किया गया था। आवेदन का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, मानव जीवन की सुरक्षा तथा पशु-पक्षियों की रक्षा था। आवेदक ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्णयों, सरकारी ज्ञापनों, समाचार कटिंग्स तथा स्थानीय सर्वेक्षण के आधार पर साक्ष्य प्रस्तुत किए थे। यह आवेदन भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन का अधिकार) एवं अनुच्छेद 51क (घ) (पर्यावरण संरक्षण का मौलिक कर्तव्य) से प्रेरित था। इस पूरे मामले में आशीष शुक्ल की कानूनी पैरवी अधिवक्ता श्री विकास तिवारी द्वारा की जा रही है। अधिवक्ता विकास तिवारी ने कहा, कोर्ट का निर्णय केवल तकनीकी आधार पर है। प्रतिबंधित मांझे से होने वाली मौतें एवं दुर्घटनाएं आज भी जारी हैं। हम शीघ्र ही इस मामले को उच्च न्यायालय या अन्य सक्षम फोरम में पुनः प्रस्तुत करेंगे ताकि इस घातक मांझे पर पूर्ण एवं प्रभावी रोक लगाई जा सके। जौनपुर में हाल ही में चाइनीज मांझे से कई दर्दनाक घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें एक स्कूल शिक्षक की मौत भी शामिल है, जब उनकी गर्दन मांझे से कट गई। हम अपने जनपद की पुलिस से कई बार मांग कर चुके हैं कि मांझा बेचने या उपयोग करने वालों के खिलाफ हत्या के प्रयास जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाय। राष्ट्रीय स्तर पर एनजीटी ने वर्ष 2017 में ही सिंथेटिक/ नायलॉन मांझे पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन जमीनी स्तर पर अमल की कमी के कारण हर साल मकर संक्रांति जैसे अवसरों पर दुर्घटनाएं बढ़ जाती हैं। इससे पक्षी, पशु तथा मनुष्यों की जान जाती है। आवेदक श्री आशीष शुक्ल ने कहा, यह लड़ाई केवल मेरी नहीं, बल्कि समाज की सुरक्षा की है।

# जौनपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई अंतरजनपदीय चोर गिरोह का भंडाफोड़

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना खुटहन पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक जौनपुर डॉ0कौस्तुभ के निर्देशन में तथा थानाध्यक्ष रामाश्रय राय के नेतृत्व में थाना खुटहन पुलिस टीम ने अंतरजनपदीय स्तर पर सक्रिय शातिर चोर गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर कई चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण किया है। पुलिस के अनुसार 10 जनवरी 2026 की रात मुखबिर की सूचना पर धीरौली कुशल स्थित पुराने बंद भट्ठे के पास दबिश दी गई, जहां से चार आरोपियों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने पटैला बाजार स्थित ग्राहक सेवा केंद्र, इलेक्ट्रॉनिक दुकान तथा शेखपुर अशरफपुर गांव के मंदिर में हुई चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से इन्वर्टर, बैटरियां, पंखा, मिक्सर, तांबे के तार, समरसेबल पंप सहित भारी मात्रा में चोरी का सामान बरामद किया है। इसके साथ ही चोरी में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें भी जब्त की गई हैं। पुलिस का कहना है कि गिरोह से जुड़े अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। सभी आरोपियों को विधिक प्रक्रिया के तहत न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। पूरी कार्रवाई कानून एवं मानवाधिकार से जुड़े दिशा-निर्देशों के अनुरूप की गई।

## एक्सप्रेस खबरें...

### जिले के प्रभारी मंत्री का हर्रैया में हुआ जोरदार स्वागत

**जन एक्सप्रेस। बस्ती। हर्रैया।** जिले के प्रभारी मंत्री आशीष पटेल रविवार को दोपहर दो बजे हर्रैया थाने पास कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से फूल मालाओं से भव्य स्वागत व अभिनन्दन किया। सभी कार्यकर्ताओं से रूबरू होकर उनका उत्साह वर्धन किया। अपना दल एस जिलाध्यक्ष राजमणि पटेल अगुवाई में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी साथ प्रभारी मंत्री का फूलमाला लेकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान विभिन्न गगनभेदी नारे लगाए। प्रभारी मंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं से रूबरू होकर उनका उत्साह वर्धन किया। कार्यकर्ताओं को संगठन के पूरी निष्ठा व उर्जा के साथ आगे बढ़ने का आवाहन किया। आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर एक जुट होकर अपील किया। इस दौरान हर्रैया विधानसभा अध्यक्ष विजय पटेल,अपना दल एस रामसिंह पटेल, रामचंद्र चौधरी, रामप्रताप पटेल, रामकुमार पटेल, रामनयन पटेल, दिनेश पटेल, रमन वर्मा, रामू पटेल, सिद्धनाथ पटेल व राधेश्याम वर्मा सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एसडीएम ने बूथों का किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। बस्ती। हर्रैया।** निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व एसडीएम रूधौली मनोज प्रकाश ने रविवार को कप्तानगंज विधानसभा क्षेत्र पांच मतदान बूथों का औचक निरीक्षण किया। जहां पर सभी बीएलओ ड्यूटी पर मौजूद मिले। एसडीएम ने उन्हें चुनाव संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने कप्तानगंज विधानसभा क्षेत्र आमा टीनिच, कुर्दा,तेनुई तेज सिंह, हरदी तथा कप्तानगंज बूथ का बारी बारी निरीक्षण किया। एसडीएम ने बीएलओ से निर्वाचन वोटर लिस्ट संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तथा नये मतदाता बनने के लिए तथा मृतकों नाम विलोपन के लिए फार्म छह,सात व आठ वितरण किया गया। बूथ पर उपस्थित ग्रामीणों को बीएलओ ने वोटर लिस्ट को पढ़कर सुनाई गई। मतदाता सूची को साफ सुथरा बनाए रखने निर्देश दिए। उन्होंने बीएलओ कार्य पर संतोष जताया है।

### विधायक ने झंडी दिखाकर शुरू की रोडवेज बस सेवा

**जन एक्सप्रेस। बस्ती।** परशुरामपुर ब्लॉक मुख्यालय से जिला मुख्यालय बस्ती तक ग्रामीणों की सुविधा के लिए रविवार को हर्रैया विधायक अजय सिंह ने रोडवेज बस सेवा का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर परिवहन निगम के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आयुष भटनागर ने बताया कि परशुरामपुर से बस्ती का किराया पहले 85 रुपये था, जो अब बस संचालन के बाद 65 रुपये रहेगा, जबकि तहसील मुख्यालय हर्रैया का किराया 25 रुपये तय किया गया है। मुख्य अतिथि विधायक अजय सिंह ने कहा कि बेहतर परिवहन सुविधाएं विकास की रफ्तार बढ़ाती हैं। अच्छी सड़कें और सुलभ साधन समय व किराए दोनों की बचत करते हैं, जिससे आमजन को सीधा लाभ मिलता है। उन्होंने बताया कि नई बस सेवा से तहसील और जिला मुख्यालय की पहुंच आसान होगी—सुबह 8 बजे परशुरामपुर से चलकर 9 बजे हर्रैया और करीब 10 बजे बस्ती पहुंचा जा सकेगा। कार्यक्रम में श्रीरीष पांडे, अमित चतुर्वेदी, विनोद कुमार गुप्ता, बीरू सिंह, बड़े सिंह, दिलीप, सूरज सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

# जबरन धर्म परिवर्तन मामले में मुकदमा दर्ज

## चार नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर पुलिस जांच जुटी

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**




ब्लाक फूलबेहड़ क्षेत्र में जबरन धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।यह मामला सुरजीपुरवा गांव,रामनगर खुर्द ग्राम सभा से जुड़ा है।पीड़ित नितिन सैनी की तहरीर पर चार लोगों को नामजद किया गया है, जिसके बाद जांच शुरू कर दी गई है। पीड़ित नितिन सैनी, जो देवकली रोड, गांधी नगर लखीमपुर खीरी के निवासी हैं, ने बताया कि वह लंबे समय से स्वास्थ्य लाभ के लिए गांव स्थित रामचन्दी के आवास पर जाते थे। 9 जनवरी 2026 को रामसहारे के बुलावे पर वह वहां पहुंचे, जहां ईसाई मिशनरियों द्वारा प्रार्थना सभा के नाम पर लगभग 70 से अधिक लोगों को एकत्र कर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। तहरीर के अनुसार, सभा के दौरान हिंदू देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणियां की गईं और लोगों को हिंदू धर्म छोड़ने के लिए उकसाया गया। सभा समाप्त होने के बाद पीड़ित नितिन सैनी को 5 हजार रुपए नकद, राशन, दवाइयां, बाइबिल और क्रॉस चिन्ह देकर ईसाई धर्म अपनाने का दबाव बनाया गया। उन्हें जमीन देने और देखभाल का आश्वासन भी दिया गया।जब पीड़ित ने इसका विरोध किया, तो उसे घेर लिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस को देखते ही पादरी सहित सभी आरोपी पीछे के दरवाजे से फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में रामचन्दी, रामसहारे, विजयपाल और एक अज्ञात पादरी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 299 तथा उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 की धारा 3 व 5(1) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी के अनुसार, मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। आरोपियों की तलाश जारी है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### अवकासीय दिवस पर जन आरोग्य मेले में 106 मरीजों को स्वास्थ्य लाभ

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में अवकासीय दिवस पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया इस मेले में नगर और आस-पास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीज स्वास्थ्य लाभ लेने पहुंचे मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का गहन परीक्षण किया और उन्हें आवश्यक दवाइयां निःशुल्क वितरित कीं एलोपैथिक डॉक्टरों ने सक्रियता से अपनी सेवाएं दीं डॉ. राजेश चंद्रा, डॉ. अर्चना गुप्ता, और विमल किशोर सिंह ने विशेष रूप से मरीजों को परामर्श दिया और दवाइयां बांटीं स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में कुल 106 मरीजों का परीक्षण किया गया

और लाभान्वित हुए यहां चर्म रोग, लीवर, पेट संबंधी समस्याएँ, सांस की बीमारी, मधुमेह (शुगर), उच्च रक्तचाप (ब्लड प्रेशर), खून की कमी, बढ़ती सर्दीके कारण, जुकाम, बुखार के मरीज भी पहुंचे और गर्भवती महिलाएं इलाज के लिए पहुँचीं आज आवारा कुत्ते काटने के मरीजों की संख्या भी इनमे सम्मिलित रही।

# विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण बैठक में अजय मिश्रा टेनी ने कार्यकर्ताओं को किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र 'टेनी' रहे तथा कार्यक्रम का संचालन संजय मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन एवं पंडित दीन दयाल उपाध्याय एवं श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण कर किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र 'टेनी' ने कहा कि 6 जनवरी को उत्तर प्रदेश में जो ये एसआईआर का कार्यक्रम चल रहा है उसको पूरा करके मतदाता सूची जारी कर दी गई है। अब इसमें भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की भूमिका यह है कि जो लोग किसी त्रुटिवश इस मतदाता सूची से वंचित रह गए है। किसी कारण से उनका नाम छूट गया है या कोई नए मतदाता है उनका बनना है या विरोधी राजनैतिक दल ने कुछ ऐसे वोट बना दिया है जिनका वोट नहीं बनना चाहिए था ऐसी सारी त्रुटियों को सुधार करने का आपका 31 जनवरी तक का समय है। उसके लिए जो आवश्यक फार्म है उनके विषय में बहुत विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि वोटर लिस्ट में नाम बढ़ना, नाम सुधार करना और फिर कोई ऐसे वोटर है जिनके नाम वोटर लिस्ट में नहीं होने चाहिए उनका निरस्तीकरण करना। इन सबके लिए अलग-अलग फार्म है। वोटर लिस्ट को देखकर करके उस फार्म को भर करके आप जो भी त्रुटि 6 जनवरी की वोटर लिस्ट में है उसको सुधार सकते है उसके लिए 31 जनवरी तक का समय आपके पास है। आज यह बैठक इसीलिए की गई है कि कहीं न कहीं भारतीय जनता पार्टी लखीमपुर में जो वोटर कम हुए है उसमें पार्टी में चिंता का विषय यह है कि इतनी बड़ी संख्या में वोटर कम हुए है तो हम लोग इसका निरीक्षण जरूर करें हालांकि यह जो कार्यक्रम चल रहा है इसका उद्देश्य यही है कि जो ठीक व सही वोटर है वह वोटर लिस्ट में रहे। यह कोई नया काम नहीं है और पहले शायद आप एसआईआर नाम भी सुने नहीं होगे। कभी इतनी चर्चा भी नहीं हुई होगी। वोटर लिस्ट का काम है कि वोटर लिस्ट में नाम बढ़ते है हटते है, छूटते है लेकिन ऐसी चर्चा कभी नहीं होती थी कि जिससे एसआईआर पूरे देश में एक ऐसा मुद्दा बन जाए जो एक राजनैतिक विषय के तहत बहुत से हमारे विरोधी दलों के द्वारा समय-समय पर उठाया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार कोई भी ऐसा काम नहीं कर रही है जो इस देश में कभी हुआ न हो। हम सारे काम वहीं कर रहे है जो हमारे संविधान संवत् है जो किसी भी सरकार को करने चाहिए लेकिन वह सारे काम ऐसे होने चाहिए जिनके निमित्त वह आर्टिकल बने है एक्ट बने है धाराएं बनी है उसके लिए उनका उपयोग हो उनका दुरूपयोग न हो हमने सिर्फ इतना किया है पं0 दीनदयाल उपाध्याय की जो फिलोसपी थी दर्शन था दर्शन कभी बदलता नहीं है फिलोसपी जब स्थापित होती है तो उसके जो सिद्धांत होते है वह समय-समय पर हमेशा जैसी परिस्थितियां जैसा समय होता है उसके अनुरूप परिणाम देते है। भाजपा ने नया कुछ नहीं किया लेकिन पिछले 11 वर्षों में पूरे देश में जिस तरह का बदलाव आया जिस तरह का सकारात्मक परिवर्तन हुआ उससे देश में न केवल भाजपा की साख बढ़ी हमारे वोटर बढ़े है यही कारण है कि विरोधी राजनैतिक दल अनेको प्रयास करते है वो दुष्प्रचार करते हैं लेकिन उसके बाद भी परिणाम उनके पक्ष में नहीं आता है। कार्यक्रम में पवन गुप्ता ब्लाक प्रमुख नकहा, कुलभूषण सिंह जिला उपाध्यक्ष भाजपा, विश्वनाथ सिंह प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख फूलबेहड़, अरविन्द गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मोंटी पाल, सभासद राकेश मिश्रा, पूर्व ब्लाक प्रमुख आशुतोष वर्मा, मनोज वर्मा पूर्व मंत्री भाजपा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अरविन्द सिंह 'संजय', पूर्व सांसद प्रतिनिधि जितेन्द्र त्रिपाठी 'जीतू' एड0, पूर्व सांसद प्रतिनिधि संजय मिश्रा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि मुन्ना लाल अवस्थी, पूर्व सांसद प्रवक्ता अम्बरीष सिंह, आर0पी0 कटियार अध्यक्ष भूमि विकास बैंक लखीमपुर, सतीश श्रीवास्तव, विपिन मिश्रा, अनुज शुक्ला 'बीटू', प्रदीप शुक्ला, पन्ना लाल अग्रवाल, डा0 बबलू गुप्ता, अशोक जायसवाल, संजय गिरि, सतीश चौधरी, वीरपाल मिश्रा, राहुल चौरसिया, सूरज पाण्डेय, भैय्या लाल तिवारी, अरूण कुमार मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बाघिन का कहर, महिला को उठा ले गई, गन्ने के खेत में मिला अधखाया शव

**जन एक्सप्रेस। सुनहरा**

**लखीमपुर खीरी।** नरभक्षी बाघिन का आतंक बढ़ता जा रहा है। दुधवा टाइगर रिजर्व के बफर जोन में चारा काट रही महिला को बाघिन उठा ले गई।12 घंटे बाद गन्ने के खेत में महिला का अधखाया शव मिला, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई है।

शाम ढलते ही खौफ ने लखीमपुर खीरी के एक गांव को अपनी चपेट में ले लिया। जंगल से सटे इलाके में चारा काट रही एक महिला को नरभक्षी बाघिन अचानक उठा ले गई। पूरी रात चले सर्च ऑपरेशन के बाद अगली सुबह गन्ने के खेत से महिला का अधखाया शव बरामद हुआ। इस दिल दहला देने वाली घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और ग्रामीण सहमे हुए हैं।

घटना शनिवार शाम की है, जब दुधवा टाइगर रिजर्व के बफर जोन स्थित निघासन वन रेंज के थाना तिकुनियां क्षेत्र के महाराज नगर गांव में यह हादसा हुआ। वन विभाग के अनुसार, नरभक्षी बाघिन अपने दो शावकों के साथ शिकार की तलाश में आबादी वाले इलाके में आ गई थी। इसी दौरान उसने खेत के पास चारा काट रही महिला पर हमला कर दिया। मृत महिला की पहचान 35 वर्षीय ऊषा देवी के रूप में हुई है। वह अपनी पड़ोसी 32 वर्षीय गूंधगूंनी देवी के साथ शनिवार की शाम जंगल से सटे क्षेत्र में चारा काट रही थी। गूंधगूंनी देवी के मुताबिक, अचानक बाघिन ने ऊषा देवी पर हमला किया, उसकी गर्दन दबोचकर उसे गन्ने के खेत की ओर खींच ले गई। यह देख वह घबराकर भागी और शोर मचाया।घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों और वन विभाग को जानकारी दी गई। मौके पर पहुंचे रेंजर भूपेंद्र सिंह और उनकी टीम ने रात भर कांबिंग ऑपरेशन चलाया। रविवार सुबह उसी गन्ने के खेत से ऊषा देवी का अधखाया शव बरामद किया गया महिला की मौत की खबर फैलते ही महाराज नगर गांव सहित आसपास के कई गांवों में हड़कंप मच गया।

ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उनका आरोप है कि वन विभाग की लापरवाही और जंगली जानवरों की सही ट्रैकिंग न होने के कारण ऐसी घटनाएं बार-बार हो रही हैं। लोगों ने अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।वन विभाग की टीमें पगमार्क के सहारे नरभक्षी बाघिन का पीछा कर रही हैं। इलाके में गश्त बढ़ा दी गई है और ग्रामीणों को जंगल व खेतों की ओर अकेले न जाने की हिदायत दी गई है। प्रशासन का कहना है कि बाघिन को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए विशेष टीमों को लगाया गया है, ताकि किसी और जान का नुकसान न हो।

# चीनी मिल में किसानों का धरना

## गन्ना चेन पर बैठे, पेराई ठप: प्रबंधन पर शोषण का आरोप



**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

खंभारखेड़ा चीनी मिल में सोमवार को किसानों ने गन्ना चेन पर बैठकर प्रदर्शन किया। इस धरने के कारण चीनी मिल का संचालन और गन्ना पेराई पूरी तरह से ठप हो गई। प्रदर्शनकारी किसानों का आरोप है कि चीनी मिल प्रबंधन मनमाने ढंग से गन्ना खरीद कर उनका शोषण कर रहा है। किसानों ने बताया कि कई बार गन्ना लेकर पहुंची उनकी ट्रॉलियों को बिना किसी ठोस कारण के फैक्ट्री से वापस भेज दिया गया, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ।किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें गन्ने का भुगतान समय पर नहीं मिल रहा है। भुगतान में लगातार देरी से उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ती जा रही है। इन समस्याओं के कारण ही उन्हें मजबूरन धरना प्रदर्शन करना पड़ा।किसानों ने चेतावनी दी है कि जब तक गन्ना खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं लाई जाती और बकाया भुगतान जल्द नहीं किया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

धरने की सूचना मिलते ही मिल प्रबंधन और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। वे किसानों से बातचीत कर मामले को सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं। किसानों का धरना जारी था और मिल का संचालन बंद था।

# 'हिंदू जागेगा, विश्व जागेगा-मानवता का विश्वास जागेगा' के उद्घोष के साथ विराट सम्मेलन आयोजित

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**




नगर शुक्लागंज गंगाघाट क्षेत्र के अंतर्गत गंगा प्रसाद महते इंटर कालेज परिसर गंगा नगर में विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमे बड़ी संख्या में माताओ बहनो के साथ भद्रजनो ने सहभागिता की कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी कृष्ण गोपाल गुप्ता द्वारा पुष्पार्चन व दीप प्रज्जवलित कर की गई मुख्य वक्ता के रूप में विभाग प्रचारक अमरजीत ने बताया की हिन्दू पंच परिवर्तन कर देश और हिन्दू समाज को समृद्धशाली बना सकता है जिसमे पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जागरण,सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तब्य, और कुटुंब प्रबोधन है पेंड़ लगा कर पर्यावरण संरक्षित किया जा सकता है स्वदेशी अपना कर स्व का भाव जागृत करने की आवश्यकता है और सभी को जातियों के भेद मिटा कर सामाजिक समरसता पर लाने के साथ अपने नागरिक कर्तब्यो को ध्यान में रखते हुए हमें संवैधानिक नियमो का पालन करना चाहिए और कुटुंब प्रबोधन के तहत हमें अपने परिवार के साथ समय ब्यतीत करना चाहिए आज मोबाईल के दौर में हम अपने परिवार के साथ रहकर भी दूर हैं तो हम संकल्प लें की हमें कम से कम दो घंटे मोबाईल छोड़ कर अपने परिवार के साथ भोजन करना और एक दूसरे का हाल चाल लेकर एक दूसरे के कुशलक्षेम की चिन्ता करनी चाहिए हमारी पारिवारिक ब्यवस्था आज भी विश्व पटल पर उदाहरण प्रस्तुत करती है।

समाजसेवी शिव शोभायात्रा अध्यक्ष अंजनी अग्निहोत्री ने अपने वक्तब्य में बताया की हमें सेवाभाव के साथ राष्ट्र के उत्थान से परिपूर्ण जीवन शैली अपनानी चाहिए और चरित्र निर्माण के लिये प्रेरित करना चाहिए संतुलित जीवन शैली ही उन्नति का मार्ग प्रशस्त्र करती है पूर्व प्रधानाचार्य रमेश जी के द्वारा आगन्तुक अतिथियों का सम्मान एंव परिचय कराया गया व आभार ब्यक्त किया गया।

कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती के साथ सम्पन्न हुआ सुन्दर मंच संचालन इंद्रभान के द्वारा किया गया इस मौके पर नगर प्रचारक शिवम, सचिन मिश्रा, नीरज मिश्रा, आकाश, अरुण शुक्ला, राजकुमार मुकेश, चंद्रभान, अरुण आचार्य भूपेन्द्र सिंह, विजय सिंह, आदि मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### ऊबड़-खाबड़ जलभराव से रोड पर राहगीरों का जीना दुश्वार

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** नगर में विकास के बड़े-बड़े दावों और नारों के बीच की सच्चाई देवीस्थान मोहल्ले से पुवायां रोड को जोड़ने वाली सड़क पर साफ देखी जा सकती है। यहां बीते कई महीनों से सड़क पर तालाब जैसा जलभराव है, लेकिन न प्रशासन को फुर्सत है, न जनप्रतिनिधियों को चिंता।यह मार्ग नगर के प्रमुख रास्तों में शामिल है, जहां से रोजाना सैकड़ों छात्र, महिलाएं और बुजुर्ग गुजरते हैं। इस रोड पर कई कब्रिस्तान भी हैं। कल देवीस्थान मोहल्ले में एक व्यक्ति का निधन हो गया था जिनको इस रास्ते पर जलभराव होने से पुवायां रोड से घूम के कब्रिस्तान जाना पड़ा।सड़क पर भरे गंदे पानी से बाइक बंद हो जाती हैं, लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। नगर पालिका की जलभराव पर कार्रवाई केवल दिखावा साबित हुई। कोई स्थायी समाधान नहीं है। नालियां, नाले उफान पर हैं। न जल निकासी की कोई योजना। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई।

### बाइक की टक्कर से किसान की मौत

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक साइकिल सवार किसान की मौत हो गई। यह घटना मैगलगंज-लखीमपुर रोड स्थित खुर्दा गांव के पास शनिवार 10 जनवरी 2026 की रात करीब हुई। हादसे में बाइक सवार भी घायल हुआ है।मृतक की पहचान खुर्दा गांव निवासी 55 वर्षीय जगदीश प्रसाद पुत्र बांकेलाल के रूप में हुई है। वह पेशे से किसान थे। परिजनों के अनुसार, जगदीश प्रसाद शनिवार को अपने गांव खुर्दा से साइकिल द्वारा मितौली बाजार गए थे। बाजार से लौटते समय गांव के पास ही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि किसान गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े और बेहोश हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल किसान को तत्काल मितौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें गंभीर हालत में ओयल ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर पहुंचने पर रात करीब 8:00 बजे डॉक्टरों ने किसान को मृत घोषित कर दिया। मृतक के साले अशोक कुमार ने बताया कि बाइक सवार की पहचान मितौली निवासी के रूप में हुई है। हादसे में बाइक सवार भी घायल हुआ है, जिसका इलाज ओयल ट्रामा सेंटर में चल रहा है।मृतक जगदीश प्रसाद के परिवार में तीन बेटियां- शिवांशी, नैंसी और मानसी—और एक छोटा बेटा अंशुल कुमार है। उनकी किसी भी संतान की अभी शादी नहीं हुई है। रविवार 11 जनवरी 2026 को दोपहर करीब 12:00 बजे मृतक का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। इस दौरान कस्ता विधायक सौरभ सिंह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### कार्तिकेय अपहरण काण्ड के तीन आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** कोतवाली हैदरगढ़ प्रभारी निरीक्षक ने एसआईआर फार्म भरवाने के नाम पर मासूम का अपहरण करने वाले तीन आरोपियों को धर दबोचा। पुलिस ने उनके पास से एक अद्द बोलेरो वाहन बरामद किया। पुलिस ने तीनो आरोपियों को जेल भेज दिया। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी ने प्रेसवार्ता के दौरान इस गुडवर्क का खुलासा किया। जानकारी के अनुसार, बीती 10 जनवरी को जनपद अमेठी के थाना शिवरत्नगंज के ग्राम बैसनपुर मजरे जैतपुर निवासी कार्तिकेय पाण्डेय उम्र लगभग 13 वर्ष को गांव के ही निवासी शिवम शुक्ला पुत्र स्व. घनश्याम शुक्ला ने कार्तिकेय को एसआईआर फार्म भरवाने के लिए गांव में स्थित बारात घर में बुलाया था। जैसे ही कार्तिकेय वहां पर पहुंचा वहां पर पहले से ही मौजूद जनपद अमेठी के थाना इन्हौना के ग्राम फरीदगढ़ मजरे आजादपुर निवासी नूरेन पुत्र सादिक अली व इसी गांव के फैजल पुत्र फारुख अहमद आदि लोग कार्तिकेय को बोलेरो गाड़ी में बैठा करके हैदरगढ़ से निकल भागे। हैदरगढ़ में टोल प्लाजा के पास स्थित एक कमरे में इन अपहरणकर्ताओं ने कार्तिकेय को बंधक बना लिया। अपहरणकर्ता किसी काम से अलग हटे तो कार्तिकेय किसी तरीके से कमरे से बाहर निकला और शोर मचाते हुए टोल प्लाजा की तरफ भागा वहां पर मौजूद 112 पीआरबी जवानो ने कार्तिकेय को पकड़कर सारी आपबीती जानी। पीआरबी पुलिसकर्मी कार्तिकेय को लेकर कोतवाली हैदरगढ़ आ गये और इसकी सूचना कार्तिकेय के परिजनों को दी। कार्तिकेय के चाचा राकेश कुमार पाण्डेय ने घटना का मुकदमा दर्ज कराया। रविवार सुबह पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीनो नामजद आरोपियों को धर दबोचा और अपहरण में प्रयोग किया गया बोलेरो वाहन बरामद किया।

### 26 साल से जल रही अखण्ड आस्था की ज्योति

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** कहां जाता है कि कोई दीपक लगातार 24 वर्षों तक अखण्ड जलता रहे तो वह स्वतः ही सिद्ध हो जाता है और ऐसे सिद्ध दीपक के दर्शन मात्र से ही अनेक इच्छाएं पूर्ण हो जाती है, जन्म-जन्मांतरों के अनेकानेक पापों का नाश हो जाता है एक ऐसा ही सिद्ध अखण्ड दीपक जनपद लखीमपुर-खीरी के प्राचीन तीर्थ स्थल देवकली के आश्रम में है जो पिछले 26 सालों से अखण्ड गाय के घी से जल रहा है कहा जाता है कि इस अखण्ड दीपक के सामने केवल एक मिनट खड़े रहकर जो भी कामना की जाती है वह पूर्ण होकर ही रहती है इस अखण्ड दीप के निकट श्री संत श्री भवानी प्रसाद उपाध्याय (नेपाली बाबा) का एक मनमोहन प्रतिमा भी स्थापित है हालांकि इस अखण्ड ज्योति के ब्रह्म मुहूर्त में, दोपहर एवं संध्या कालीन तीनों समय जप, ध्यान, साधना नियमित रूप से सम्पन्न होती है सर्व मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाले इस अखण्ड ज्योति के दर्शन के लिए सैकड़ों लोग दूर-दूर से प्रतिदिन आते हैं और दिव्यता का अनुभव करते हैं इसी क्रम में आज दिनांक 11 जनवरी 2026 को अखण्ड ज्योति का 26वां जन्मोत्सव महन्त प्रमोद महाराज के मार्गदर्शन में गुरुकुल के वटुक ब्रह्मचारियों, आश्रमवासियों, आचार्य प्रमोद अवस्थी, रमित मिश्रा श्रद्धालुओं ने बड़ी धूमधाम से पूजन, अर्चन, हवनादि कर मनाया गया।

# महिला थाने में काउंसलिंग के द्वारा 05 जोड़े पति-पत्नी की कराई गयी विदाई



**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

रविवार 11 जनवरी 2026 प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष महिला थाना शिल्पी शुक्ला द्वारा पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में काउंसलरों के सहयोग से 08 परिवारिक विवादों में सुलह का प्रयास करके 05 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराके टूटने के कगार पर पहुंचें रिश्तों को पुनः जोड़ने का सराहनीय कार्य किया गया है।बताते चलें कि जनपद मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में महिला थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष महिला थाना शिल्पी शुक्ला, काउंसलर श्रीमती नीति गुप्ता, कय्यूम ज़रवानी के द्वारा दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा के उत्पीड़न, साक्षी गृहस्थी में निवास को लेकर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के 08 शिकायती प्रार्थनापत्रों में काउंसलरों के सहयोग से 05 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराई गई है, साथ ऐसे में मामले जिसमें पति-पत्नी में अत्यधिक मनमुटाव था उन्हें सोचने समझने के लिए दोनों पक्षों की सहमति से समय दिया गया है, सुलह से विदाई करने में महिला आरक्षी सुमन लता, बबली पवार, सारिका चौहान का काफी सराहनी सहयोग रहा है।

# रामेश्वर मंदिर प्रांगण में समाजसेवी प्रधान अभयेंन्द्र सिंह ने लाभार्थियों को कंबल वितरित किया

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



**नवाबगंज।** विकासखण्ड की ग्राम पंचयात बाल्हेमऊ के रामेश्वर मंदिर प्रांगण में समाजसेवी प्रधान अभयेंन्द्र सिंह ने लाभार्थियों को कंबल वितरण किया, क्षेत्र में इन दिनों पढ़ रही कड़ाके की ठंड से बचने के लिए निबहरी के प्रधान समाजसेवी ने 500 से अधिक जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया, तहरी भोज तथा कम्बल वितरण में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सभी गरीब असहाय तथा जरूरतमंदों की मदद की जाएगी, इस मौके पर मण्डल मंत्री संजय शर्मा जी, शेखपुर प्रधान धर्मेंद्र यादव, भाजपा कार्यकर्ता राजापूत सिंह जी, सत्य नरायण बाजपेई जी, राजू यादव पूर्व प्रधान, रज्जन सिंह जी,कमलेश सिंह जी, सहरावा प्रधान सोनू सिंह जी, प्रधान स्वतंत्रत बहादुर जी, मोनू सिंह जी, अर्पित मिश्रा, रामगोपाल सिंह जी, क्षेत्र पंचायत सदस्य संदीप सिंह जी, राजेश सिंह जी, सत्रोंहन यादव जी पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य, संकठा सिंह जी सहित समस्त टीम मौजूद रही।

### भव्य नगर कीर्तन की शोभायात्रा नगर गुरुद्वारा साहिब से लखा गुरुद्वारा साहिब तक निकाली गई

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** भव्य नगर कीर्तन की शोभायात्रा नगर गुरुद्वारा साहिब से लखा गुरुद्वारा साहिब तक निकाली गई जिसमें बडी सख्या में लोग हुऐ शामिल सभी का जगह-जगह हुआ स्वागत। देश की गंगा-जमुनी तहज़ीब को मजबूत करने का संदेश दिया। लंगर में राहगीरों, स्थानीय निवासियों, सिख संगत और अन्य धर्मों के लोगो ने स्वागत और लंगर बांटते नजर आए। लोगों का मानना है कि जब विभिन्न धर्मों के लोग एक-दूसरे के धार्मिक आयोजनों में सहयोग करते हैं, तो इससे देश की एकता और अखंडता को नई मजबूती मिलती है। मोहम्मदी खीरी मोहम्मदी में भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संगत ने भाग लिया नगर कीर्तन का आयोजन मोहम्मदी नगर गुरुद्वारा साहिब से लखा गुरुद्वारा साहिब तक किया गया था। नगर कीर्तन में दून पब्लिक स्कूल दिलावरपुर मोहम्मदी के समस्त शिक्षक स्टॉफ ने विद्यालय को तरह-तरह से सजाया एवं पुष्प वर्षा कर नगर कीर्तन का स्वागत किया और मीठे-मीठे व्यंज एवं चाय कॉफी का लंगर लगाकर आयी समस्त संगत की सेवा व सम्मान किया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक डॉ0 गुरुमेजर सिंह ने गुरुओं की सेवा की एवं संगत में उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया और नगर कीर्तन के आयोजन के लिए सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि नगर कीर्तन जैसे आयोजनों से हमें अपनी संस्कृति और धरोहर के बारे में जानने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य कविता शर्मा, आवासीय निर्देशिका सुरेंद्र कौर, सतनाम सिंह, विनय विश्वकर्मा, अज़ीम सहित और भी लोग उपस्थित रहे।

# खुलेआम घूम रहे हैं हमलावर, पीड़ितो में दहशत

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

### सीएम से लगायी न्याय की गुहार

**हैदरगढ़।** कोतवाली हैदरगढ़ अन्तर्गत जमीनी विवाद को ले करके दबंगो ने गाड़ाबंदी कर एक युवक पर लाठी-डण्डो और धारदार हथियार से हमला करके गम्भीर रुप से घायल कर दिया था। पुलिस ने घटना का मुकदमा तो दर्ज किया था लेकिन लगभग एक पखवारा बीत जाने के बाद भी पुलिस ने किसी भी नामजद आरोपी को गिरफ्तार नही किया है। जिससे पीड़ितो में दहशत का माहौल व्याप्त है। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। जानकारी के अनुसार, बीती 31 दिसम्बर की रात्रि लगभग 9 बजे कोतवाली हैदरगढ़ के ग्राम बीजापुर निवासी गुंजन सिंह पुत्र बजरंग बहादुर सिंह अपने सूखे पेड़ की लकड़ी काट करके घर वापस लौट रहे थे। रास्ते में ही गांव के ही आधा दर्जन दबंगो ने घात लगाकर गुंजन सिंह पर जानलेवा हमला किया। दबंगो ने लाठी डण्डो के अलावा लोहे की छड़ो से भी हमला किया। हमले के दौरान गम्भीर हालत में गुंजन सिंह बेहोश हो गया। चीख पुकार सुनकर जब उसका भाई संतोष सिंह और घर के अन्य सदस्य दौड़े तो दबंगो ने उनके साथ भी हाथापाई की और यह धमकी दी कि अगर अपनी जान की खैरियत चाहते हो तो चुपचाप निकल जाओ नही तो जो अंजाम तुम्हारे भाई का हुआ है वही तुम्हारा भी होगा। गम्भीर अवस्था में घायल गुंजन सिंह को बेहोशी के हालत में लेकर घर के सदस्य रात को ही कोतवाली हैदरगढ़ पहुंचे गुंजन सिंह के भाई संतोष सिंह ने आधा दर्जन दबंगो के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके घायल गुंजन सिंह को पहले सीएचसी भेजा उसके बाद डाक्टरों ने चिकित्सीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल रिफर कर दिया। अभी भी गुंजन सिंह की हालत गम्भीर है। घटना के बारे में पीड़ित भाई संतोष सिंह ने बताया कि दबंग खुलेआम घूम रहे है और यह धमकी दे रहे हैं कि पुलिस मेरा कुछ नही बिगाड़ पायेगी हमने पुलिस वालों को खरीद लिया है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से लेकर अन्य उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ साथ अपने और अपने परिवार की सुरक्षा की गुहार लगायी है। वहीं इस सम्बन्ध में जब कोतवाली प्रभारी हैदरगढ़ अभिमन्यु मल्ल से बात की गयी तो उनका कहना था कि घटना का मुकदमा पंजीकृत है जांच की जा रही है जांच के बाद ही कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# दिल्ली-एनसीआर में पड़ रही हाड़ कांपने वाली ठंड

## आज शीतलहर और कोहरे का ऑरेंज अलर्ट, 14 तक नहीं राहत की कोई उम्मीद

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली में इस समय हाड़ कांपने वाली ठंड पड़ रही है। ऐसे में लोगों को दिन के समय भी सर्दी से राहत नहीं मिल रही। इसी कड़ी में मौसम विभाग ने सोमवार के लिए शीतलहर के साथ ठंड का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान दिन का तापमान 18 से 20 डिग्री सेल्सियस और रात का तापमान 2 से 4 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। वहीं, मंगलवार को भी ऐसे ही हालत रहेंगे।



### फरीदाबाद में न्यूनतम तापमान चार डिग्री और अधिकतम तापमान 22 डिग्री दर्ज

रविवार को लगातार दूसरे दिन तेज धूप निकलने से फरीदाबाद में सर्दी से थोड़ी राहत मिली है। धूप के कारण मौसम सुहाना बना रहा। रविवार होने के कारण लोगों ने अच्छे मौसम का पूरा आनंद लिया। सुबह से ही शहर के रोज गार्डन, टाउन पार्क और बड़खल झील पर लोगों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ घूमते नजर आए। स्कूलों में छुट्टियां होने के कारण छोटे बच्चे भी मस्ती के मूड में नजर आए। बच्चों ने पार्कों में क्रिकेट खेला, झूलों का आनंद लिया और खुलकर दौड़-भाग करते दिखे। वहीं कई महिलाएं भी समूह में संगीत पर डांस करती नजर आईं, जिससे पार्कों का माहौल खुशनुमा बना रहा।

### तापमान सामान्य से 1.2 डिग्री कम रहा

दूसरी ओर, रविवार सुबह की शुरूआत कोहरे व धुंध के बीच हुई। इससे दृश्यता भी कम रही। दोपहर आते-आते सूर्यदेव ने दर्शन दिए, इससे लोगों को कुछ राहत मिली। इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से 1.2 डिग्री कम के साथ 20.2 रहा। इसके अलावा, न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री दर्ज हुआ। यह सामान्य से 2.6 डिग्री कम रहा। दिल्ली में अधिकतम आर्द्रता 100 प्रतिशत और न्यूनतम आर्द्रता 44 प्रतिशत रही।

### आया नगर रहा सबसे ठंडा

मौसम विभाग के अनुसार, रिज में 3.7 और आया नगर में 2.9, लोधी रोड में 4.6 व पालम में 3.0 न्यूनतम पारा दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार सुबह हल्के कोहरे का असर देखने को मिला। इस दौरान पालम इलाके में सुबह 4 बजे से 4:30 बजे के बीच हल्का कोहरा छाया रहा, जिसके कारण न्यूनतम दृश्यता घटकर 200 मीटर तक पहुंच गई। कम दृश्यता के चलते सुबह-सुबह निकलने वाले वाहन चालकों को सतर्कता बरतनी पड़ी। वहीं, सफदरजंग क्षेत्र में भी सुबह हल्के कोहरे का असर दर्ज किया गया। यहां सुबह करीब 6:30 बजे न्यूनतम दृश्यता 600 मीटर रही।

### 13 जनवरी को ऑरेंज अलर्ट जारी

राजधानी और आसपास के इलाकों में अगले कुछ दिनों तक मौसम शुष्क बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार 12 जनवरी से 17 जनवरी के बीच आसमान ज्यादातर साफ रहने की संभावना है, हालांकि सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा लोगों की परेशानी बढ़ा सकता है। कई इलाकों में शीतलहर की स्थिति भी बनी रह सकती है। 13 जनवरी को तापमान में हल्की बढ़ोतरी देखी जा सकती है। अधिकतम तापमान 19 से 21 डिग्री और न्यूनतम तापमान 3 से 5 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। इस दिन भी कुछ स्थानों पर शीतलहर का असर बना रहेगा और सुबह के समय कोहरा देखने को मिलेगा। ऐसे में मौसम विभाग ने शीतलहर के साथ ठंड का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

### 14 जनवरी को भी यलो अलर्ट जारी

मौसम विभाग के अनुसार, 14 जनवरी को भी मौसम का मिजाज लगभग ऐसा ही रहेगा। दिन का तापमान 19 से 21 डिग्री और रात का तापमान 3 से 5 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। हालांकि, शीतलहर का असर कुछ जगहों तक सीमित रहने की संभावना है। सुबह हल्का से मध्यम कोहरा बना रहेगा। ऐसे में मौसम विभाग ने कोहरे व ठंड के यलो अलर्ट जारी किया है। 15 जनवरी से तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी के संकेत हैं। अधिकतम तापमान 20 से 22 डिग्री और न्यूनतम तापमान 5 से 7 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। इस दिन आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे, लेकिन सुबह के समय कोहरे की स्थिति बनी रहेगी। 16 और 17 जनवरी को भी मौसम लगभग समान रहने की संभावना है। इन दिनों अधिकतम तापमान 21 से 23 डिग्री और न्यूनतम तापमान 6 से 9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे और सुबह हल्का से मध्यम कोहरा देखने को मिलेगा।

### गुरुग्राम में सर्दी का सितम जारी, दम घोंट रही हवा

मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में जहां एक ओर पारा आए दिन लुढ़क रहा है वहीं, दूसरी ओर प्रदूषण का कहर जारी है। शहर के लोगों पर धुंध और धुएं के कारण दोहरी मार पड़ रही है। रविवार को कोहरे और शीतलहर के कारण शहर में जीवन अस्त व्यस्त हो गया। मौसम विभाग के अनुसार, मिलेनियम सिटी का अधिकतम तापमान 20.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान 4.8 दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान में लगभग 1.2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, न्यूनतम तापमान में माइनस 2.6 की गिरावट दर्ज की गई। शहर में सुबह दस बजे धूप निकलने के बाद लोगों को ठंड से थोड़ी राहत मिली। धूप निकलने के बाद लोग पार्क में टहलते हुए नजर आए।

### अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज

मौसम विभाग के अनुसार रविवार को जिले का न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन में तेज धूप निकलने के कारण न्यूनतम और अधिकतम तापमान के बीच अच्छा खासा अंतर देखने को मिला। हालांकि दिनभर हल्की-हल्की ठंडी हवा चलती रही, लेकिन तेज धूप के कारण ठंड का ज्यादा असर महसूस नहीं हुआ।

### हल्के बादल छाए रह सकते

मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि आने वाले दिनों में आसमान में हल्के बादल छाए रह सकते हैं। इसके साथ ही तापमान में हल्का उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। सुबह और शाम के समय हल्की धुंध रहने की भी संभावना है, लेकिन दिन के समय धूप निकलने से धुंध से राहत मिलने के आसार हैं।

### फिर बढ़ता नजर आ रहा प्रदूषण स्तर

वहीं बारिश से कुछ दिन पहले मिली राहत के बाद अब शहर का प्रदूषण स्तर एक बार फिर बढ़ता नजर आ रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार रविवार को बल्लभगढ़ क्षेत्र का वायु गुणवत्ता सूचकांक 225 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है। वहीं फरीदाबाद का एक्यूआई 246 दर्ज किया गया।

### तीन दिन तक कोहरे का ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिन तक कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। कोहरे के साथ न्यूनतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा सकती है। ठंड के बढ़ते असर के कारण लोग दिन में भी गर्म कपड़े व अलाव का सहारा लेते हुए देखे गए। तापमान के साथ ही शहर में प्रदूषण के कारण भी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### गंभीर श्रेणी में पहुंची हवा

गुरुग्राम में हवा की गुणवत्ता एक बार फिर गंभीर श्रेणी में पहुंच गई है। प्रदूषण के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर खराब असर पड़ रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, गुरुग्राम का वायु गुणवत्ता सूचकांक 280 दर्ज किया गया। वहीं, मानेसर का वायु गुणवत्ता सूचकांक 160 दर्ज किया गया। दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में गुरुग्राम तीसरा सबसे प्रदूषित शहर रहा।

# ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शन जारी

## हिंसा में मरने वालों का आंकड़ा 200 पार, स्थिति तनावपूर्ण




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तेहरान**

ईरान में सत्ता के खिलाफ जारी देशव्यापी प्रदर्शनों के बीच तनाव और बढ़ गया है। ईरान में लगभग दो सप्ताह से जारी राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिंसा और दमन की कार्रवाई में अब तक 203 लोगों की मौत हो चुकी है। इंटरनेट और फोन सेवाएं बंद होने से हालात की स्वतंत्र पुष्टि करना मुश्किल हो गया है। कार्यकर्ताओं के मुताबिक, प्रदर्शनों से जुड़ी हिंसा में अब तक 203 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि करीब 2,600 लोगों को हिरासत में लिया गया है।ईरान में इंटरनेट और फोन सेवाओं के बंद होने के कारण विदेश से प्रदर्शनों की स्थिति का आकलन करना मुश्किल हो गया है। अमेरिका स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट न्यूज एजेंसी के अनुसार, प्रदर्शनों में जान गंवाने वालों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। एजेंसी के अनुसार, मृतकों में 162 प्रदर्शनकारी और 41 सुरक्षा बलों के सदस्य शामिल हैं। ईरान सरकार ने प्रदर्शनों में हताहतों की संख्या जारी नहीं की है।

### 'प्रदर्शनकारियों की बात सुनेंगे..'

वहीं, दूसरी ओर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने कहा है कि अधिकारी प्रदर्शनकारियों की बात सुनेंगे, लेकिन प्रदर्शनकारी पूरे इस्लामी गणराज्य में फैल रहे हैं और दंगाई पूरे समाज को तबाह करने का प्रयास कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा, लोगों की चिंताएं हैं, हमें उनके साथ बैठकर उनकी चिंताओं का समाधान करना चाहिए। अगर यह हमारा कर्तव्य है, तो हमें उनकी चिंताओं को दूर करना चाहिए। लेकिन इससे भी बड़ा कर्तव्य यह है कि हम दंगाइयों के एक समूह को आकर पूरे समाज को तबाह करने की अनुमति न दें।

# शुभेंदु अधिकारी के काफिले पर हमले के बाद गरमाई सियासत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता और भाजपा सांसद शुभेंदु अधिकारी के काफिले पर कथित हमले के मामले में चर्चा तेजी होती जा रही है। भाजपा की ओर से पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ टीएमसी पर खूब आरोप भी लगाए जा रहे हैं। इसी बीच अब अधिकारी के काफिले पर कथित हमले के मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने उनके कार्यालय से रिपोर्ट मांगी है। यह जानकारी रविवार को एक भाजपा नेता ने दी। भाजपा के नेता के अनुसार, शुभेंदु अधिकारी का कार्यालय घटना की पूरी जानकारी और वीडियो फुटेज तैयार कर रहा है, जिसे जल्द ही केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजा जाएगा। भाजपा नेता ने बताया कि गृह मंत्रालय ने अधिकारी पर हुए हमले की घटना के बारे में विस्तृत



रिपोर्ट मांगी है। नेता प्रतिपक्ष का कार्यालय इसे तैयार कर रहा है और इसे जल्द ही मंत्रालय को भेज दिया जाएगा।

### रवि शंकर प्रसाद ने सीएम ममता को घेरा

दूसरी ओर अब इस मामले में भाजपा सांसद रवि शंकर प्रसाद ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि कल बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के काफिले पर हमला हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस मौजूद होने के बावजूद कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इस दौरान रवि शंकर प्रसाद ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी जब आई-पैक कार्यालय गई थीं, तो उन्होंने दावा किया कि वह मुख्यमंत्री के रूप में नहीं बल्कि टीएमसी अध्यक्ष के रूप में गई थीं।

### भाजपा सांसद ने पूछे तीखे सवाल

भाजपा सांसद ने सवाल किया कि मुख्यमंत्री होने के नाते किस मजबूरी में वह किसी निजी संपत्ति पर गईं और वहां से ग्रीन फाइल लेकर भाग गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस दौरान पुलिस आयुक्त और डीजीपी भी वहां मौजूद थे, जिससे यह स्पष्ट होता है कि पुलिस ममता बनर्जी के अवैध और असंवैधानिक कामों में मदद कर रही है।सांसद ने कहा कि ममता बनर्जी, आप क्या छुपा रही हैं? ऐसा क्या था जो छुपाने की जरूरत थी?

### अधिकारी बोले, ममता हटाओ, बंगाल बचाओ

इसी बीच पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह कोई राजनीतिक रैली नहीं, बल्कि जनता की रैली है। अधिकारी ने दावा किया कि लोग चाहते हैं कि ममता बनर्जी, राजीव कुमार और सीपी मनोज वर्मा को जेल भेजा जाए। शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि इन लोगों ने ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) पर हमला किया, कानून तोड़ा और संविधान का उल्लंघन किया। उन्होंने सवाल उठाया कि ममता बनर्जी के खिलाफ अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई। उन्होंने कहा कि रैली में लोग 'फाइल चोर ममता' के नारे लगा रहे हैं और सड़कों पर उतरकर कह रहे हैं- 'ममता हटाओ, बंगाल बचाओ' और 'बीजेपी लाओ, बंगाल बचाओ'।

### हमले को लेकर क्या बोले शुभेंदु अधिकारी

अपने ऊपर हुए कथित हमले को लेकर शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि वे सही रास्ते पर हैं और उनका काम ठीक चल रहा है, इसी वजह से ममता बनर्जी, उनकी पुलिस और उनके समर्थक उनकी जान पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं डरने वाला नहीं हूं, मैं लड़ता रहूंगा। हमने अंग्रेजों को भगाया, सीपीआई(एम) को भगाया और अब ममता बनर्जी को भी सत्ता से बाहर करेंगे।

# निर्माण कार्य में धूल कम करने के लिए स्टील को दें बढ़ावा: पीयूष गोयल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि भवन निर्माण के दौरान धूल प्रदूषण को कम करने के लिए पूर्वनिर्मित (प्रीकास्ट) और इस्पात (स्टील) निर्माण विधियों को प्रोत्साहन देने की जरूरत है। उन्होंने कहा, पूरी दुनिया में आपको मजतबूत कंक्रीट मिश्रण देखने को नहीं मिलता। आपको स्टील और पूर्वनिर्मित संरचनाएं ही दिखती हैं। शायद ये थोड़ी महंगे हैं। मैं इस बारे में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से बातचीत करने की सोच रहा था कि क्या हम इसके लिए रियायतें और प्रोत्साहन दे सकते हैं। पीयूष गोयल उत्तरी मुंबई के मलाड पश्चिम उपनगर में स्थित आदर्श कॉम्पलैक्स में व्यापारियों और हाउसिंग सोसायटी के पदाधिकारियों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। यह बैठक 15 जनवरी को होने



वाले मुंबई नगर निगम चुनाव से पहले आयोजित की गई थी।

### मशीनें शहर से बाहर स्थानांतरित करने की मांग

उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के दौरान उड़ने वाली धूल प्रदूषण का कारण बनती है। उन्होंने मजबूत कंक्रीट निर्माण की मशीनों को शहर से बाहर स्थानांतरित करने की मांग की। गोयल ने कहा, मैंने अपने (संसदीय निर्वाचन क्षेत्र) क्षेत्र से चार-पांच मशीनें हटवा दी हैं। गोयल ने यह भी सुझाव दिया कि प्रदूषण पैदा करने वाली प्रक्रियाओं का उपयोग न करने को अनिवार्य बनाने के बजाय, बिल्डरों के बीच सहमति बनाकर पूर्वनिर्मित और स्टील निर्माण विधियों का इस्तेमाल कर प्रदूषण को नियंत्रित किया जाना चाहिए। उत्तरी मुंबई से भाजपा के लोकसभा सदस्य और केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पियूष गोयल ने यह भी जोर दिया कि सार्वजनिक मैदानों को विशेष रूप से धार्मिक, सांस्कृतिक और खेल आयोजनों के लिए आवंटित किया जाना चाहिए। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने कहा, ये नगर निगम चुनाव हैं, इसलिए मैं अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर बात नहीं करूंगा, जैसे कि मेरी हाल ही में ब्रसेल्स दौरा हुआ, जहां मैंने यूरोपीय संघ-भारत मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लगभग अंतिम रूप दे दिया था।

# 'गुवाहाटी हाईकोर्ट के नए कोर्ट कॉम्प्लेक्स पर विरोध पूरी तरह गलत', सीजेआई सूर्यकांत की सख्त टिप्पणी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के मुख्य न्यायाधीश सीजेआई सूर्यकांत ने असम के नॉर्थ गुवाहाटी में बनने वाले नए इंटीग्रेटेड ज्यूडिशियल कोर्ट कॉम्प्लेक्स का विरोध किए जाने पर हैरानी जताई है। उन्होंने रविवार को इस परियोजना की आधारशिला रखी। सीजेआई ने साफ कहा कि व्यक्तिगत स्वार्थ या निजी हित किसी भी हाल में नए इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को रोकने का कारण नहीं बन सकते। उन्होंने कहा कि जो लोग इस नए कोर्ट परिसर का विरोध कर रहे हैं, वे पूरी जानकारी के बिना विरोध कर रहे हैं। सीजेआई ने गुवाहाटी हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के विरोध का जिक्र करते हुए कहा कि व्यक्तिगत हित या सुविधा किसी भी तरह से न्यायिक ढांचे के विकास में बाधा बनने का कारण नहीं हो सकते। दरअसल, गुवाहाटी हाईकोर्ट के लिए एक नया कोर्ट कॉम्प्लेक्स बनाए जाने की योजना है। इसे लेकर बार एसोसिएशन के कुछ वकील विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि इससे उन्हें असुविधा हो सकती है।

### बार एसोसिएशन के विरोध पर सवाल

सीजेआई ने कहा कि उन्हें यह जानकर आश्चर्य हुआ कि गुवाहाटी हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इस नए कोर्ट कॉम्प्लेक्स का विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि जो लोग इसका विरोध कर रहे हैं, वे या तो पूरी जानकारी नहीं रखते या फिर नए वकीलों और भविष्य की जरूरतों को नहीं समझ रहे।

भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा कॉम्प्लेक्स

सीजेआई ने आगे इस बात पर भी जोर दिया कि नॉर्थ गुवाहाटी के रंगमहल इलाके में बनने वाला यह नया कोर्ट कॉम्प्लेक्स भविष्य की जरूरतों और उम्मीदों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है। इसमें गुवाहाटी हाईकोर्ट भी शामिल होगा और सभी जरूरी सुविधाएं एक ही जगह मिलेंगी।

# पंजाब में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मुफ्त कोचिंग, सीएम भगवंत मान ने मिशन प्रगति का किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार मिशन प्रगति के तहत मुफ्त शैक्षणिक और शारीरिक प्रशिक्षण प्रदान करके युवाओं को भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के लिए ठोस प्रयास कर रही है। यहां जिला पुस्तकालय में छात्रों से बातचीत करते हुए, मान ने कहा कि यह पहल ग्रामीण और मेधावी छात्रों का समर्थन करने के लिए शुरू की गई है जो महंगी कोचिंग का खर्च वहन नहीं कर सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि सेवा चयन बोर्ड (एसएसबी), पुलिस और सशस्त्र बलों से संबंधित परीक्षाओं के लिए जिला पुस्तकालय में मुफ्त कोचिंग शुरू हो गई है।

### युवाओं को समान अवसर और मार्गदर्शन देने की पहल

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बताया कि



मिशन प्रगति 'युवाओं द्वारा युवाओं की मदद' के सिद्धांत पर काम करता है। इसमें मार्गदर्शक वे उम्मीदवार होंगे, जो पहले खुद प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को शिक्षाविदों, विश्वविद्यालयों, पुलिस अधिकारियों, खिलाड़ियों और छात्रों का समर्थन मिला है। यह पहल 'कोई भी पीछे न छूटे' के विचार पर आधारित है और इसका उद्देश्य युवाओं को समान अवसर देना और सरकारी नौकरियों में उनकी भागीदारी बढ़ाना है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि पंजाब सरकार का उद्देश्य शिक्षा सुधारों के जरिए युवाओं को सिर्फ पढ़ाई तक सीमित न रखते हुए उन्हें नौकरी और विकास के अवसर प्रदान करना है।

### पहले बैच में 40 छात्रों का हुआ नामांकन

मुख्यमंत्री ने बताया कि पहले बैच में 40 छात्रों का नामांकन हो चुका है। कक्षा शिक्षण के साथ-साथ, पंजाब पुलिस के अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा छात्रों को शारीरिक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है ताकि उनकी समग्र तैयारी सुनिश्चित हो सके। मान ने कहा कि पुस्तकालय सदस्य बनने पर छात्रों को पुस्तकों और अध्ययन सामग्री तक नि:शुल्क पहुंच मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि यह कार्यक्रम मौजूदा बुनियादी ढांचे का उपयोग करके चलाया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप न्यूनतम व्यय हो रहा है।

# जलवायु संकट से फसलों पर बढ़ा कीट-घुन का हमला

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

धरती का बढ़ता तापमान अब सिर्फ मौसम का मुद्दा नहीं रहा, बल्कि खेती और खाने की थाली तक सीधा खतरा बनता जा रहा है। जलवायु संकट के साथ खेतों में कीटों और घुन का हमला तेजी से बढ़ा है। वैज्ञानिकों ने चेताया है कि अगर तापमान यूं ही बढ़ता रहा, तो गेहूं, धान, मक्का और सब्जियों की पैदावार पर भारी असर पड़ेगा और वैश्विक खाद्य सुरक्षा पर गंभीर संकट खड़ा हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक टीम के अध्ययन के मुताबिक, तापमान बढ़ने से कीटों को पनपने का ज्यादा मौका मिल रहा है। गर्मी के कारण कीट तेजी से विकसित हो रहे हैं। साल में अधिक बार प्रजनन कर पा रहे हैं। फसलों पर लंबे समय तक हमला कर रहे हैं। शोध में बताया गया है कि यदि वैश्विक तापमान औद्योगिक-पूर्व स्तर से दो डिग्री सेल्सियस तक बढ़ता है, तो फसलों को होने वाला नुकसान कई गुना बढ़ सकता है।

### मुख्य फसलों पर कितना खतरा?

वैज्ञानिकों के अनुमान बेहद चिंताजनक हैं। गेहूं की पैदावार को कीटों से होने वाला नुकसान 46 फीसदी तक बढ़ सकता है। धान में यह बढ़ोतरी करीब 19 फीसदी हो सकती है। मक्का में कीटों से नुकसान 31 फीसदी तक पहुंचने का अंदेशा है। यही नहीं, अब सब्जियों की फसलों में भी इसका असर साफ दिखने लगा है।

### आज दुनिया में हालात क्या हैं?

दुनिया की करीब 40 फीसदी फसलें किसी न किसी स्तर पर कीटों और पौधों की बीमारियों से प्रभावित हैं। खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार, पौधों के रोगों से वैश्विक अर्थव्यवस्था को हर साल करीब 22,000 करोड़ डॉलर का नुकसान हो रहा है। आक्रामक प्रजातियों के कीट लगभग 7,000 करोड़ डॉलर का अतिरिक्त आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे हैं।

# केरल में अमित शाह ने फूंका चुनावी बिगुल: विजयन सरकार पर साधा निशाना, बोले, राज्य में भाजपा की बढ़ रही पकड़

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

केरल में इस साल होने वाले विधासनभा से पहले राज्यभर की सियासत में गर्माहट तेज है। राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारी भी तेज कर दी है। इसी बीच रविवार को केरल दौर पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक साथ कई मामलों को लेकर राज्य की सत्तारूढ़ विजयन सरकार पर तीखा हमला बोला। तिरुवनंतपुरम में केरल कौमुदी द्वारा आयोजित 'न्यू इंडिया, न्यू केरल' सम्मेलन में शाह ने एक साथ कई मुद्दों पर खुलकर अपनी राय दी। उन्होंने केरल के आर्थिक विकास, राजनीति और सुरक्षा से जुड़े कई सवालों उठाए। सम्मेलन में शाह ने कहा कि अमित शाह ने कहा कि 2004-2014 में यूपीए सरकार ने केरल को 72,000 करोड़ रुपये दिए, जबकि 2014-2024 में एनडीए सरकार ने 3,23,000 करोड़ रुपये दिए, बावजूद इसके कि राज्य में उनकी पार्टी की सरकार नहीं थी। उन्होंने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर आरोप लगाया कि वे गलत तरीके से यह प्रचार कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री मोदी केरल के खिलाफ हैं, जबकि वास्तव में उनके शासन में ही राज्य के साथ अन्याय हुआ।

### पीएम मोदी की नेतृत्व शैली और विकास पर जोर

इस दौरान अमित शाह ने पीएम मोदी के नेतृत्व शैली और विकास पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की पहल से राजनीति प्रदर्शन आधारित हो रही है, शिकायतों पर नहीं, बल्कि समाधान और विकास पर ध्यान है। उन्होंने कहा कि विकास और समानता के लिए राजनीति की जड़ता और शिकायतों से आगे बढ़ना जरूरी



है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य के दबाए गए लोग अब मौन नहीं रहेंगे और जनता को सशक्त बनाना ही सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। अमित शाह ने अपने भाषण में केरल में निवेश, विकास, सुरक्षा और राजनीति में बदलाव की दिशा को प्रमुखता से बताया। साथ ही कहा कि एनडीए के नेतृत्व में केरल का भविष्य विकसित और मजबूत बन सकता है।

### केरल की अर्थव्यवस्था और विकास

अमित शाह ने कहा कि केरल की अर्थव्यवस्था सिर्फ प्रवासी मजदूरों की रेमिटेंस पर आधारित है, यह लंबे समय में राज्य के हर नागरिक को फायदा नहीं पहुंचा सकती।

### राजनीतिक बदलाव और भविष्य की योजना पर भी की बात

इस दौरान शाह ने केरल में एनडीए की योजना को लेकर भी बातें की। उन्होंने कहा कि केरल में भाजपा और एनडीए की पकड़ बढ़ रही है। 2014 में भाजपा को 11%, 2019 में एनडीए को 16% और 2024 में 20% वोट मिले। हाल के स्थानीय निकाय चुनावों में पहली बार तिरुवनंतपुरम में भाजपा का मेयर बैठा है। उन्होंने कहा कि केरल को नई विचारधारा, नया नेतृत्व और नई राजनीति की जरूरत है, जिसे केवल भाजपा और एनडीए दे सकते हैं।

### पीएफआई, एसडीपीआई और अन्य संगठन खतरा- शाह

अमित शाह ने कहा कि जब पीएफआई, एसडीपीआई और जामियत-ए-इस्लामी जैसी संगठन राज्य में सक्रिय हैं और शांति में विश्वास नहीं रखते, तो यह केरल की एकता और विकास के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी है कि ऐसे खतरों की पहचान करे और उन्हें खत्म करने का प्रयास करे।

### सबरीमाला मामले पर तटस्थ जांच की मांग

इसके साथ ही शाह ने महीनों से चल रहे सबरीमाला मंदिर विवाद को लेकर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सबरीमाला मंदिर में विश्वास और धन चोरी के मामले में सरकार की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर जनता को अपने मंत्रियों पर संदेह है, तो तटस्थ जांच जरूरी है और उसे ऐसा ही दिखना भी चाहिए।